राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# तरुणमित्र

श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

www.youtube.com/@TarunmitraGroup

पटना
वर्षः 25 अंक 41
बुधवार 27 मई, 2026

तापमान
अधिकतम 42°C
न्यूनतम 28°C

मूल्य 3 रुपए | पृष्ठ-8 | बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश एवं महाराष्ट्र से प्रकाशित | www.tarunmitra.in

## ईरान पर अमेरिका का बड़ा हमला, ट्रंप ने दी महायुद्ध की चेतावनी

**दोहा/वाशिंगटन/तेहरान, 26 मई।** अमेरिका और ईरान के बीच जारी तनाव मंगलवार को एक बार फिर खतरनाक मोड़ पर पहुंच गया। कतर की राजधानी दोहा में दोनों देशों के बीच निर्णायक वार्ता शुरू होने के कुछ घंटे बाद ही अमेरिकी सेना ने दक्षिणी ईरान में मिसाइल लॉन्च साइट्स और समुद्र में बारूदी सुरंगें बिछाने वाली ईरानी नौकाओं पर बड़ा हवाई हमला कर दिया। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि यह कार्रवाई अमेरिकी सैनिकों की सुरक्षा के लिए आत्मरक्षा के तहत की गई।

सेंटकॉम के प्रवक्ता टिम हॉकिन्स के अनुसार अमेरिकी सेना को ईरानी गतिविधियों से खतरे के इनपुट मिले थे। जिन नौकाओं को निशाना बनाया गया, वे होर्मुज जलडमरूमध्य में माइंस बिछाने की कोशिश कर रही थीं। अमेरिकी अधिकारियों का दावा है कि इन गतिविधियों से अंतरराष्ट्रीय समुद्री व्यापार और ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित हो सकती थी। हालांकि सैन्य



- तनाव के बीच दोहा वार्ता जारी, हमले से खाड़ी क्षेत्र में बढ़ी बेचैनी

कार्रवाई के बावजूद दोहा में शांति वार्ता जारी रही।

ईरान की ओर से संसद अध्यक्ष और मुख्य वातार्कार मोहम्मद बागेर गालिबाफ, विदेश मंत्री सैय्यद अब्बास अराघची और केंद्रीय बैंक के गवर्नर अब्दोलनासेर हेम्माती ने कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी से बातचीत की।

वार्ता का केंद्र ईरान के संवर्धित यूरेनियम कार्यक्रम और क्षेत्रीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दे रहे।

# क्वाड ने इंडो-पैसिफिक सुरक्षा पर बढ़ाया सहयोग

## नई दिल्ली बैठक में सप्लाई चेन, समुद्री सुरक्षा और रणनीतिक साझेदारी पर जोर

**नई दिल्ली, 26 मई।** भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के समूह 'क्वाड' ने मंगलवार को स्पष्ट संकेत दिए कि अब यह मंच केवल रणनीतिक संवाद तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में स्थिरता, सुरक्षा और आर्थिक मजबूती के लिए ठोस कार्रवाई भी करेगा।

राजधानी नई दिल्ली में आयोजित क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि चारों देशों की साझा जिम्मेदारी है कि इंडो-पैसिफिक क्षेत्र को स्वतंत्र, खुला और सुरक्षित बनाए रखा जाए, क्योंकि यही क्षेत्र वैश्विक विकास और स्थिरता का प्रमुख आधार है।

बैठक में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो, ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग और जापान के विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोटेगी भी शामिल हुए। मंत्रियों ने समुद्री सुरक्षा, सप्लाई चेन, महत्वपूर्ण खनिज, नई तकनीकों, आपदा राहत और आर्थिक साझेदारी जैसे मुद्दों पर व्यापक चर्चा की। विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि दुनिया तेजी

**अहम समझौता**

- जयशंकर बोले-खुला और स्वतंत्र इंडो-पैसिफिक वैश्विक स्थिरता के लिए जरूरी
- रुबियो ने कहा-क्वाड अब केवल चर्चा नहीं, कार्रवाई करने वाला मंच
- क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक में हुए अहम समझौते
- समुद्री सुरक्षा, ऊर्जा, खनिज और तकनीकी सहयोग बढ़ाने पर बनी सहमति

से बदल रही है और वैश्विक चुनौतियों के बीच क्वाड की भूमिका पहले से अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। उन्होंने कहा कि पिछले 18 महीनों में यह तीसरी बार है जब क्वाड देशों के विदेश मंत्री आमने-सामने बैठे हैं, जो



इस मंच की बढ़ती सक्रियता को दर्शाता है। उन्होंने वैश्विक सप्लाई चेन की कमजोरियों, कनेक्टिविटी में रुकावटों, उत्पादन और संसाधनों की कुछ देशों पर अत्यधिक निर्भरता तथा बुनियादी ढांचे की कमी को बड़ी चुनौतियां बताया। जयशंकर ने कहा कि इन समस्याओं का समाधान केवल सामूहिक सहयोग और भरोसेमंद साझेदारी से संभव है। उनके मुताबिक इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में रणनीतिक विश्वास, समुद्री सुरक्षा और पारदर्शी आर्थिक विकल्पों को मजबूत करना समय की जरूरत है। बैठक में समुद्री सुरक्षा को लेकर विशेष जोर दिया गया। चारों देशों ने माना कि वैश्विक व्यापार और ऊर्जा आपूर्ति के लिए समुद्री मार्गों की स्वतंत्रता अत्यंत आवश्यक है। इसके साथ ही हिंद-प्रशांत क्षेत्र में नियम आधारित व्यवस्था बनाए रखने पर भी सहमति जताई गई।

### भारत-अमेरिका ने महत्वपूर्ण, दुर्लभ खनिज समझौते पर किए हस्ताक्षर

**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका ने महत्वपूर्ण एवं दुर्लभ खनिजों की आपूर्ति, खनन और प्रसंस्करण को सुरक्षित बनाने के लिए रणनीतिक समझौते पर मंगलवार को हस्ताक्षर किए। विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर और अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने क्वाड बैठक से इतर इस पर हस्ताक्षर किए।

इस समझौते के बाद महत्वपूर्ण एवं दुर्लभ खनिजों से देश को चीन से निर्भरता कम करने में मदद मिलेगी। विदेश मंत्रालय ने बताया कि इस समझौते के तहत भारत और अमेरिका ने 'जरूरी खनिजों और दुर्लभ तत्वों की खनन और प्रसंस्करण में आपूर्ति सुनिश्चित करने' पर एक ढांचा तैयार किया है। इसका मकसद खनन, प्रसंस्करण, पुनर्चक्रण और उससे जुड़े निवेश सहित महत्वपूर्ण खनिजों और दुर्लभ तत्वों की आपूर्ति शृंखला में भारत-अमेरिका सहयोग को और गहरा करना है।

## संक्षिप्त समाचार

### अमित शाह पहुंचे सांचू बॉर्डर, जवानों का बढ़ाया हौसला

**बीकानेर, 26 मई।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर स्थित ऐतिहासिक सांचू पोस्ट का दौरा कर सीमा पर तैनात बीएसएफ जवानों का उत्साहवर्धन किया। भीषण गर्मी और 42 डिग्री तापमान के बीच अमित शाह ने जवानों से मुलाकात कर सीमा सुरक्षा, चुनौतियों और बॉर्डर गतिविधियों की जानकारी ली। इस दौरान राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी उनके साथ मौजूद रहे।

### वित्तमंत्री के '3एफ' बयान पर कांग्रेस का हमला

**नई दिल्ली, 26 मई।** कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने पश्चिम एशिया संकट और अर्थव्यवस्था को लेकर वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के 3एफ वाले बयान पर केंद्र सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि वित्तमंत्री खुद ईंधन, उर्वरक और विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव की बात कर रही हैं, जबकि देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतें लगातार बढ़ने से आम लोगों पर दवाब है। जयराम रमेश ने मंगलवार को एक्स पर कहा कि वित्तमंत्री ने 3एफ यानी फ्यूल, फर्टिलाइजर्स और फॉरेक्स को गंभीर चिंता का विषय बताया है, लेकिन वह चौथे और सबसे महत्वपूर्ण 'एफ' को भूल रही हैं।

### निवेशकों की मदद के लिए सहायता पोर्टल का शुभारंभ

**नई दिल्ली, 26 मई।** केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तत्वावधान में इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन (आईएसएम) ने वैश्विक, घरेलू निवेशकों और उद्योग जगत के दिग्गजों की मदद के लिए एक विशेष निवेशक सहायता ऑनलाइन पोर्टल शुरू किया है। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अनुसार सरकार देश में एक मजबूत, विश्वसनीय और टिकाऊ सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम विकसित करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है।

### मोदी सरकार के 12 साल: योगी ने गिनाईं विकास और विश्वास की उपलब्धियां

**नई दिल्ली, 26 मई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें बधाई देते हुए सरकार की उपलब्धियों को ऐतिहासिक बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में गरीब कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता मिली और जनभागीदारी ने विकास को जन-आंदोलन का रूप दिया। दरअसल, 26 मई 2014 को नरेंद्र मोदी ने देश के 15वें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी। मंगलवार को उनके कार्यकाल के 12 वर्ष पूरे होने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक संदेश साझा किया। उन्होंने लिखा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 'प्रधान सेवक' के रूप में सेवा, सुशासन और लोक-कल्याण को नई दिशा दी है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि इन वर्षों में अंत्योदय आत्मनिर्भरता की शक्ति में बदला है और विकास योजनाएं सीधे आम लोगों तक पहुंची हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की सोच ने ऐसे 'नए भारत' का निर्माण किया है, जहां नारी सशक्तीकरण, नवाचार, आर्थिक प्रगति और सांस्कृतिक पुनर्जागरण साथ-साथ आगे बढ़ रहे हैं।

## महंगाई का डबल अटैक: पेट्रोल-डीजल के बाद सीएनजी भी महंगी

### दिल्ली समेत कई शहरों में सीएनजी के दाम बढ़े

**नई दिल्ली, 26 मई।** मध्य-पूर्व में जारी तनाव और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों का असर अब आम लोगों की जेब पर साफ दिखाई देने लगा है। पेट्रोल और डीजल के बाद अब सीएनजी की कीमतों में भी लगातार बढ़ोतरी हो रही है।

मंगलवार से दिल्ली में सीएनजी 2 रुपए प्रति किलो महंगी हो गई है। इसके बाद राजधानी में सीएनजी की कीमत 81.09 रुपए से बढ़कर 83.09 रुपए प्रति किलो पहुंच गई है।

पिछले 11 दिनों में सीएनजी के दाम में कुल 6 रुपए की बढ़ोतरी हो चुकी है। इससे पहले 15 मई को 2 रुपए, 18 मई को 1 रुपए, 23 मई को 1 रुपए और अब 26 मई को फिर 2 रुपए प्रति किलो की बढ़ोतरी की गई है। लगातार बढ़ती कीमतों ने वाहन चालकों और आम उपभोक्ताओं की चिंता बढ़ा दी है। सोमवार को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में भी बड़ा इजाफा दर्ज किया गया था। दिल्ली में पेट्रोल 2.61 रुपए प्रति लीटर और डीजल 2.71 रुपए प्रति लीटर महंगा हो गया।

इसके बाद राजधानी में पेट्रोल की कीमत 102.12 रुपए और डीजल 95.20 रुपए प्रति लीटर पहुंच गई है। पिछले 10 दिनों में यह चौथी बार है जब पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ाए गए हैं। ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी का असर केवल दिल्ली तक सीमित नहीं है।

## बिहार में ओपेन यूनिवर्सिटी स्थापित कर विद्यार्थियों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मुहैया करायी जाए : मुख्यमंत्री

**पटना, 26 मई।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में आज लोक सेवक आवास, 1 अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' में उच्च शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि देश के अलग-अलग हिस्सों में संचालित ओपेन यूनिवर्सिटी का अध्ययन करें ताकि बिहार में और अधिक ओपेन यूनिवर्सिटी स्थापित कर विद्यार्थियों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मुहैया करायी जा सके। इससे विश्वविद्यालयों पर बोझ भी घटेगा। उन्होंने कहा कि 1 जुलाई से डिग्री कॉलेज रहित 211 प्रखण्डों में डिग्री की पढ़ाई शुरू करायें। 211 डिग्री कॉलेज रहित प्रखंडों में नए महाविद्यालयों की स्थापना की जा रही है, उनमें बहाली हेतु कमिटी का शीघ्र गठन कर वैकेंसी को एक साथ अटैच करें।

वित्तरहित महाविद्यालयों के इंफ्रास्ट्रक्चर, भवन, अध्ययनरत विद्यार्थियों की संख्या और दी जाने वाली अनुदान राशि का आंकलन करें। डिग्री कॉलेज रहित प्रखंडों में महाविद्यालय स्थापित करने के लिए भूमि दान देने वाले व्यक्ति या उनके द्वारा अनुशंसित व्यक्ति



के नाम पर उस महाविद्यालय का नामकरण किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाविद्यालय में भवन निर्माण/आंशिक रूप से सहयोग करने वाले व्यक्ति या उनके द्वारा अनुशंसित व्यक्ति के नाम पर भी महाविद्यालय परिसर के किसी हिस्से का नामकरण कराया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में स्थापित महाविद्यालयों को संबद्ध करने हेतु हिंदुस्तान के टॉप 10 विश्वविद्यालयों से एमओयू साइन करें ताकि बाहर से भी बिहार आकर बच्चे शिक्षा हासिल कर सकें। सभी डिग्री कॉलेज रहित प्रखंडों में स्थापित होने वाले महाविद्यालय ऐसी जगह पर हो जहां विद्यार्थियों को किसी प्रकार की कठिनाई न हो तथा सुगमतापूर्वक आवागमन हो सके।

विक्रमशिला विश्वविद्यालय को पुनर्स्थापित करने हेतु भारत सरकार को शीघ्र जमीन हैंडओवर किया जाएगा। इस संबंध में केंद्र सरकार को पत्र भेजकर संसूचित करें। एएन सिन्हा समाज अध्ययन संस्थान एक पुरानी संस्था है इसे पुनर्व्यवस्थित करें ताकि इसका अधिक से अधिक सदुपयोग हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में विश्वविद्यालय के साथ जितने भी रिसर्च सेंटर है उन्हें पुनर्व्यवस्थित कर सिस्टमैटिक बनायें और स्पेशलाइज्ड करें।

शोध संस्थान सिस्टमैटिक होगा तो नियमित रूप से रिसर्च चलता रहेगा और सरकार जो भी पॉलिसी या प्लान बनाती है उसको एग्जामिन कराया जा सकेगा। बैठक में उच्च शिक्षा विभाग के मंत्री संजय सिंह टाइगर, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव लोकेश कुमार सिंह, उच्च शिक्षा विभाग के सचिव राजीव रौशन सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## मानव कल्याण का मार्ग प्रशस्त करता है सच्चा ज्ञान : प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली, 26 मई।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज प्रातः अपने एक्स हैंडल पर ज्ञान पर केंद्रित सुभाषितम (वीडियो संदेश) साझा किया है। उन्होंने इसके माध्यम से देश और समाज को सच्चे ज्ञान का महत्व समझाया। उन्होंने लिखा, 'सच्चा ज्ञान देश, समाज और समस्त मानवता के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करता है। इसलिए यह जरूरी है कि हमारा ज्ञान और हमारे कर्म पूरी मानवता के लिए प्रेरणा बनें।' प्रधानमंत्री के एक्स हैंडल में साझा सुभाषितम इस प्रकार है- आत्मा शुद्धः सदा नित्यः सुखरूपः स्वयम्प्रभः। अज्ञानान्मलिनो भाति ज्ञानाच्छुद्धो भवत्ययम्।। उन्होंने इस श्लोक के पीछे छुपे भाव का मर्म समझाते हुए ज्ञान और कर्म एक-दूसरे का पूरक बताते हुए समूची मानवता के कल्याण का आह्वान किया है।

## यूपी में काल बनी रफ्तार, दो एक्सप्रेसवे पर 11 जिंदगियां खत्म

**बाराबंकी/उन्नाव, 26 मई।** उत्तर प्रदेश में मंगलवार को दो अलग-अलग एक्सप्रेसवे पर हुए भीषण सड़क हादसों ने पूरे प्रदेश को झकझोर दिया। बाराबंकी और उन्नाव में हुए इन हादसों में कुल 11 लोगों की मौत हो गई, जबकि डेढ़ दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। हादसों के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस, यूपीडा और राहत-बचाव टीमें मौके पर पहुंचीं और घायलों को अस्पताल भेजा गया। शुरुआती जांच में तेज रफ्तार, चालक की लापरवाही और झपकी हादसों की मुख्य वजह मानी जा रही है। मुख्यमंत्री

**हादसा**



- उन्नाव एक्सप्रेसवे पर डबल डेकर बस पलटी, दरोगा व कैदी समेत सात की मौत
- बाराबंकी में ट्रेलर से टकराई इनोवा, चार श्रद्धालुओं की गई जान

योगी आदित्यनाथ ने भीषण सड़क हादसे का तत्काल संज्ञान लिया। मुख्यमंत्री ने हादसे में मृत्यु पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की है।

उन्होंने अधिकारियों को तुरंत मौके पर पहुंचकर राहत व बचाव कार्य तेज करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, प्रशासन को घायलों को बेहतर से बेहतर इलाज उपलब्ध कराने और मृतकों के परिजनों को उचित मुआवजा देने के भी निर्देश दिए हैं। पहला हादसा बाराबंकी जिले में सुल्तानपुर-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर हैदरगढ़ थाना क्षेत्र के भिखरा गांव के पास देर रात करीब दो बजे हुआ।

## जनसांख्यिकीय बदलाव पर केंद्र सरकार ने बनाई उच्चस्तरीय समिति : शाह

**नई दिल्ली, 26 मई।** केंद्र सरकार ने असामान्य जनसंख्यिकी बदलाव और अवैध घुसपैठ के अध्ययन के लिए उच्चस्तरीय समिति गठित की है। सेवानिवृत्त न्यायाधीश प्रकाश प्रभाकर नावलेकर की अध्यक्षता वाली समिति राष्ट्रीय सुरक्षा और सामाजिक प्रभावों का आकलन करेगी।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर इसकी घोषणा करते हुए कहा कि घुसपैठ और अन्य कारणों से होने वाला असामान्य जनसांख्यिकीय बदलाव देश के वर्तमान और भविष्य के लिए बड़ी चुनौती है। इससे निपटने के लिए केंद्र सरकार ने 'हाई-लेवल कमिटी ऑन डेमोग्राफिक चेंज' का गठन कर दिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 अगस्त 2025 को इस उच्चस्तरीय समिति के गठन की घोषणा की थी।

सेवानिवृत्त न्यायाधीश प्रकाश प्रभाकर नावलेकर की अध्यक्षता में गठित इस समिति में जनगणना आयुक्त के अलावा दुर्गा शंकर मिश्रा (सेवानिवृत्त आईएएस), बालाजी श्रीवास्तव (सेवानिवृत्त आईपीएस) और डॉ. शमिका रवि सदस्य होंगे।

## सभी जिला मुख्यालयों को फोर लेन से कनेक्ट करें : मुख्यमंत्री

**पटना, 26 मई।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज लोक सेवक आवास, 1 अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' सभागार में पथ निर्माण विभाग की समीक्षा बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों की त्वरित आवाजाही के लिये राज्य में बेहतर सड़क नेटवर्क तैयार किया गया है। राज्य के सुदूर इलाकों से 5 घंटा में पटना पहुंचने के लक्ष्य पर काम किया जा रहा है।

राज्य में जो भी एक्स्प्रेस-वे, राष्ट्रीय राजमार्ग, स्टेट हाई-वे का निर्माण कार्य किया जा रहा है उसे तीव्र गति एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि सभी जिला मुख्यायलों को फोर-लेन से कनेक्ट करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के पर्यटन स्थल, सांस्कृतिक विरासत, औद्योगिक कॉरिडोर, विशेष कृषि उत्पादन क्षेत्र एवं राज्य के महत्वपूर्ण बाजारों को बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करें। इससे राज्य की आर्थिक प्रगति तीव्र होगी और रोजगार के नये अवसर उपलब्ध होंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ब्रीज मेंटेनेंस पॉलिसी को बेहतर ढंग से क्रियान्वित करें। पुलों की गुणवत्ता एवं मजबूती की जांच निरंतर कराते रहें।

विशेषज्ञों की जो रिपोर्ट आयी है उसके आधार पर विक्रमशीला पुल का स्थायी पुनर्स्थापन कार्य करायें। कच्ची दरगाह-बिदुपुर 6-लेन पुल का कार्य जुलाई के पहले सप्ताह में पूर्ण करें। बैठक में उप मुख्यमंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, पथ निर्माण मंत्री कुमार शैलेन्द्र सहित वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## दो इनामी बदमाश भारत-नेपाल सीमा पर गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी, 26 मई (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश की गाजियाबाद पुलिस और लखीमपुर खीरी पुलिस के लिए सिरदर्द बने एक-एक लाख रुपये के दो मोस्ट वांटेड इनामी बदमाशों शामिल सुहैब और फिरोज को संपूर्णानगर थाना पुलिस ने भारत-नेपाल सीमा पर दबोच लिया है। इनके कब्जे से लूट की रकम व अवैध असलहा कारतूस भी बरामद हुआ है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक खीरी डॉ. ख्याति गर्ग ने बताया कि पकड़े गए बदमाशों के कब्जे से गाजियाबाद एटीएम वैन लूट के बचे हुए एक लाख रुपये से अधिक की नकदी, अवैध असलहा, कारतूस और नेपाल के सिम कार्ड वाला एक मोबाइल फोन बरामद हुआ है।

### सपा-कांग्रेस की नजदीकी से बदले समीकरण, विपक्षी एकता पर बढ़ा नया दबाव

## बंगाल हार के बाद विपक्षी राजनीति में बढ़ीं ममता की मुश्किलें

समीर मंडल

**कोलकाता, 26 मई।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 में सत्ता गंवाने के बाद ममता बनर्जी की राजनीति नए मोड़ पर पहुंचती दिखाई दे रही है। कभी विपक्षी गठबंधन में अपनी शर्तों पर राजनीति करने वाली ममता अब बदलते राष्ट्रीय समीकरणों के बीच खुद को प्रासंगिक बनाए रखने की चुनौती से जूझ रही हैं।

खासतौर पर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस की बढ़ती नजदीकी ने विपक्षी राजनीति में नया शक्ति संतुलन तैयार कर दिया है, जिससे ममता की रणनीतिक मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि बंगाल चुनाव के दौरान समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव का ममता बनर्जी से दूरी बनाए रखना महज संयोग नहीं था, बल्कि यह एक

**चुनौती**

- अखिलेश की दूरी ने ममता की राष्ट्रीय रणनीति को झटका दिया
- राहुल का बढ़ता प्रभाव विपक्षी खेमे में नई बहस का कारण

सोची-समझी रणनीति थी। 2021 के बंगाल चुनाव में सपा ने खुलकर तृणमूल कांग्रेस का समर्थन किया था, लेकिन इस बार अखिलेश यादव ने प्रचार से पूरी तरह दूरी बनाए रखी।

माना जा रहा है कि उन्होंने उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के साथ अपने गठबंधन को मजबूत बनाए रखने के लिए यह फैसला लिया। बंगाल में कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस के बीच तीखे राजनीतिक संघर्ष को देखते हुए अखिलेश किसी ऐसे मंच से बचना चाहते थे, जिससे यूपी में कांग्रेस के साथ उनके रिश्तों पर असर पड़े।

यही वजह है कि अब विपक्षी राजनीति में राहुल गांधी का प्रभाव पहले की तुलना में अधिक मजबूत दिखाई दे रहा है। एक समय ऐसा था जब विपक्षी गठबंधन के गठन के दौरान बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को गठबंधन का चेहरा बनाए जाने की चर्चा पर ममता बनर्जी ने नाराजगी जताई थी। उन्होंने बंगाल में कांग्रेस और वामदलों को एक भी सीट देने से इनकार कर दिया था। लेकिन अब परिस्थितियां बदल चुकी हैं। बंगाल की सत्ता हाथ से निकलने के बाद राष्ट्रीय राजनीति में अपनी भूमिका बनाए रखने के लिए ममता को उसी विपक्षी मंच की जरूरत महसूस हो रही है, जिससे वह पहले दूरी बनाकर चल रही थीं। राजनीतिक गलियारों में सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या ममता बनर्जी भविष्य में राहुल गांधी को विपक्ष का स्वाभाविक चेहरा स्वीकार करेंगी।

## बिहार विधान परिषद की 10 सीटों पर 18 जून को चुनाव

**पटना, 26 मई।** बिहार विधान परिषद की खाली हो रही 10 सीटों के लिए 18 जून को चुनाव कराया जाएगा। केंद्रीय चुनाव आयोग ने मंगलवार को इसकी अधिसूचना जारी कर दी। इनमें पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा सदस्य बनने के बाद खाली हुई सीट भी शामिल है, जिस पर उपचुनाव कराया जाएगा।

यह सीट विधानसभा कोटे से विधान परिषद के लिए भरी जाएगी और निर्वाचित सदस्य का कार्यकाल 6 मई 2030 तक रहेगा।

इसके अलावा बिहार विधान परिषद के नौ सदस्यों का कार्यकाल 28 जून को समाप्त हो रहा है। जिन सदस्यों का कार्यकाल पूरा हो रहा है उनमें डॉ. कुमुद वर्मा, प्रो. गुलाम गौस, मोहम्मद फारूक, भीष्म सहनी, भगवान सिंह कुशवाहा, संजय प्रकाश, समीर कुमार सिंह, सम्राट चौधरी और सुनील कुमार सिंह शामिल हैं। हालांकि इनमें से सम्राट चौधरी और भगवान सिंह कुशवाहा की सीट पहले से खाली हैं, क्योंकि दोनों विधानसभा चुनाव में विधायक बन चुके हैं।

चुनाव आयोग ने नीतीश कुमार की रिक्त सीट पर होने वाले उपचुनाव और अन्य नौ सीटों के नियमित चुनाव के लिए अलग-अलग अधिसूचना जारी की है। आयोग के अनुसार, बिहार के साथ-साथ कर्नाटक विधान परिषद की कुछ सीटों के लिए भी चुनाव कराए जाएंगे।

# कुरसेला थाना निरीक्षण में आईजी सख्त, बोले- वर्षों से लंबित मामलों का जल्द हो निष्पादन

नितीश कुमार



**कुरसेला/कटिहार, 26 मई (तरुणमित्र)।** पूर्णिया रेंज के आईजी विवेकानंद ने सोमवार को कटिहार जिले के कुरसेला थाना का निरीक्षण किया। थाना पहुंचने पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद उन्होंने थाना में दर्ज पुराने कांडों, लंबित मामलों, अनुसंधान की स्थिति और अपराध अभिलेखों की गहन समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान आईजी ने थाना के महत्वपूर्ण रजिस्टर, मालखाना, हाजत और परिसर की साफ-सफाई का जायजा लिया। उन्होंने कई वर्षों से लंबित मामलों पर नाराजगी जताते हुए अनुसंधान कार्य में तेजी लाने और समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस मौके पर कटिहार पुलिस अधीक्षक शिखर चौधरी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुनील कुमार शर्मा, कोढ़ा सर्किल इंस्पेक्टर, थानाध्यक्ष राकेश कुमार समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे। निरीक्षण के बाद आईजी विवेकानंद ने कहा कि पुलिस अधीक्षक और पुलिस उपाधीक्षक की उपस्थिति में कुरसेला थाना का निरीक्षण किया गया, जिसमें अपराध अभिलेखों के साथ-साथ अनुसंधान की स्थिति का भी अवलोकन किया गया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अनुसंधान व्यवस्था में काफी

### अनुसंधान व्यवस्था में सुधार की जरूरत बताई, एनएच-31 और बढ़ते एनडीपीएस मामलों को बताया बड़ी चुनौती

सुधार की आवश्यकता है तथा कई ऐसे मामले पाए गए हैं जो वर्षों से लंबित हैं।

ऐसे मामलों के शीघ्र निष्पादन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। आईजी ने मालखाना में लंबे समय से पड़े पुराने वाहनों पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी एसओपी के अनुसार इन वाहनों के निष्पादन की प्रक्रिया तेज करने का निर्देश दिया गया है।

उन्होंने कहा कि अभिलेखों के अनुसार क्षेत्र में अपराध की स्थिति कुल मिलाकर संतोषजनक है, लेकिन राष्ट्रीय राजमार्ग-31 होने के कारण पुलिस के सामने लगातार चुनौतियां बनी रहती हैं। साथ ही एनडीपीएस से जुड़े मामलों में भी वृद्धि देखी जा रही है। आईजी ने बताया कि अपराध नियंत्रण को लेकर 60 व्यक्तियों को गुंडा पंजी में जोड़ने के लिए चिन्हित किया गया है और इसकी स्वीकृति भी प्राप्त हो चुकी है। उन्होंने सभी अपराध अभिलेखों को अद्यतन रखने तथा पुलिसिंग में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

## बकरीद पर्व को लेकर कोलासी पुलिस शिविर में शांति समिति की बैठक संपन्न



**कोलासी, कटिहार, 26 मई (तरुणमित्र)।** कोढ़ा थाना अंतर्गत कोलासी पुलिस शिविर परिसर में आगामी बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कोलासी कैंप प्रभारी श्रवण कुमार ने की। बैठक में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, बुद्धिजीवी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं विभिन्न समुदायों के लोग उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए कैंप प्रभारी श्रवण कुमार ने कहा कि बकरीद आपसी भाईचारे, प्रेम एवं सौहार्द का पर्व है।

इस अवसर पर सभी लोग मिल-जुलकर शांति और सद्भावना के साथ त्योहार मनाएं। उन्होंने लोगों से सोशल मीडिया अथवा अन्य माध्यमों से फैलने वाली किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की। साथ ही कहा कि यदि किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि या अफवाह की जानकारी मिले तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस प्रशासन को दें। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार का उपद्रव, अशांति या कानून व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करने वालों पर प्रशासन की कड़ी नजर रहेगी और ऐसे लोगों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में उपस्थित लोगों ने भी प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का भरोसा दिलाया। बैठक के दौरान क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने, आपसी समन्वय बढ़ाने तथा सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व संपन्न कराने पर विस्तार से चर्चा की गई। पुलिस प्रशासन ने लोगों से एकजुटता एवं भाईचारे की मिसाल पेश करने की अपील करते हुए कहा कि सभी समुदाय के लोग मिलकर त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं, ताकि क्षेत्र में अमन-चैन कायम रहे।

# संपत्ति विवाद में आत्मदाह की धमकी दी

**गया, 26 मई (तरुणमित्र)।** जिले के चाकंद थाना क्षेत्र के सोढ़ना गांव के रहने वाले बीएसएफ के जवान श्रवण कुमार चौधरी ने परिवार संग आत्मदाह की धमकी दी है।उन्होंने पैतृक संपत्ति विवाद और कथित झूठे मुकदमे को लेकर गयाजी के एसएसपी से न्याय की गुहार लगाई है।उन्होंने अपने पिता चंद्रदेव चौधरी, दोनों सगे भाइयों अरविंद रंजन (शिक्षक) और गौतम रंजन (कृषि विभाग में पोस्टेड) पर आरोप लगाए हैं।जवान ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी कर चेतावनी दी है कि यदि उन्हें न्याय नहीं मिला तो वह पत्नी और बच्चों के साथ आत्मदाह करने को मजबूर होंगे।

उन्होंने आवेदन देकर मामले की निष्पक्ष जांच कराने, पैतृक संपत्ति में अपने हिस्से का अधिकार दिलाने तथा उनके विरुद्ध दर्ज प्राथमिकी की समीक्षा करने की मांग की है।श्रवण कुमार चौधरी ने आरोप लगाया है कि उनके दोनों भाइयों ने साजिश रचकर उनके पिता से जबरन पैतृक संपत्ति बेचवा दी।जमीन बिक्री से प्राप्त राशि से भाइयों ने अपने-अपने नाम पर शहर में जमीन खरीदकर मकान एवं दुकान का निर्माण करा लिया।उन्होंने बताया कि उनके दादा स्वर्गीय राम भजन चौधरी के नाम पर लगभग एक बीघा जमीन थी, जिसे उनकी जानकारी के बिना 2019 में बेच दिया गया।इतना ही नहीं, जानकारी मिलते ही वर्ष 2023 में उन्हें और उनके परिवार को पैतृक घर एवं जमीन से बेदखल कर दिया गया।श्रवण कुमार चौधरी वर्तमान में मथुरा में सीमा सुरक्षा बल की 167वीं वाहिनी में सहायक उप निरीक्षक के पद पर कार्यरत हैं।

शिकायतकर्ता जवान ने बताया कि इस मामले को लेकर 20 नवंबर 2024 को वरीय पुलिस अधीक्षक, 21 नवंबर 2024 को जिलाधिकारी एवं अंचल अधिकारी तथा 23 नवंबर 2024 को चाकंद थाना में आवेदन देकर शिकायत की थी।इसके बावजूद अब तक किसी प्रकार की ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।जवान ने यह भी आरोप लगाया कि बीते 26-27 फरवरी 2025 की रात उनके घर में घुसकर उनके मौसेरे भाई चंदन कुमार के साथ मारपीट की गई, लेकिन इस घटना में उन्हें ही नामजद करते हुए चाकन्द थाना में एफआईआर संख्या 68/2025 दर्ज कर दी गई। बीएसएफ जवान का दावा है कि घटना के समय वह असम में अपनी ड्यूटी पर तैनात थे और इसकी जानकारी तथा प्रमाण संबंधित अधिकारियों द्वारा पुलिस प्रशासन को भी उपलब्ध कराए गए हैं। उन्होंने बताया कि जमीन विवाद को लेकर सिविल कोर्ट, गया में पार्टिशन सूट संख्या 191/2024 भी लंबित है, लेकिन अब तक उन्हें न्याय नहीं मिल सका है।

उन्होंने अपने और अपने बच्चों के वैधानिक अधिकार की रक्षा करने, कथित झूठे मुकदमे की निष्पक्ष जांच कराने तथा दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है।इधर, सोशल मीडिया पर जारी वीडियो में सेना के जवान श्रवण कुमार चौधरी ने भावुक अपील करते हुए कहा कि वह लंबे समय से न्याय के लिए प्रशासनिक कार्यालयों के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन उनकी शिकायतों पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही है। वहीं बीएसएफ जवान श्रवण कुमार चौधरी ने आरोप लगाया कि 23 फरवरी 2025 की रात उनके दोनों भाइयों ने मिलकर उनके घर के बाहर बनी दीवार को अंधेरे में तोड़ दिया।उन्होंने दावा किया कि इसके बाद छोटे भाई गौतम रंजन ने उसी घटना का झूठा आरोप उन पर लगा दिया, जिसका ऑडियो साक्ष्य भी उनके पास मौजूद है।

## अवैध खनन एवं परिवहन के विरूद्ध की गई छापेमारी

**गया, 26 मई (तरुणमित्र)।** जिले के डीएम के निदेशानुसार अवैध खनन एवं परिवहन के विरूद्ध लगातार छापेमारी की जा रही है।इस कड़ी में मंगलवार को सुबह जिला खनन कार्यालय, गया के पदाधिकारियों द्वारा बोधगया थानाक्षेत्र एवं मगध मेडिकल थाना क्षेत्र के ग्राम-केन्दुई, सुर्य मंदिर के समीप सशस्त्र पुलिस बल के साथ अवैध खनन एवं परिवहन के विरूद्ध छापेमारी की गयी।छापेमारी के दौरान अवैध खनन एवं परिवहन में संलिप्त कुल 06 ट्रैक्टर जप्त किया गया है।साथ ही अवैध खनन स्थल की विस्तृत जाँच में बोधगया स्थित लीलाजन नदी क्षेत्र में लगभग 2500 घनफीट बालू का अवैध खनन पाया गया।उक्त खनिकर्म एवं पकड़े गये वाहनों / चालक के विरूद्ध नियमानुसार प्राथमिकी दर्ज करायी गई है तथा लगभग 10,00,000/- (दस लाख) रू० का जुमार्ना अधिरोपित किया गया है। इस संबंध में जिला खनन पदाधिकारी नवेंदु कुमार सिंह ने बताया कि जो लोग अवैध खनन, परिवहन एवं भण्डारण में संलिप्त पाये जायेंगे।

## बारिश से पहले गंगा कटाव पर वार, खेड़िया घाट पर तेज होगा सुरक्षा कार्य



**कुरसेला, कटिहार, 26 मई (तरुणमित्र)।** आगामी बाढ़ और बरसात के मौसम को देखते हुए दक्षिणी मुरादपुर पंचायत के खेड़िया गंगा घाट पर चल रहे कटावरोधी कार्य को लेकर प्रशासन और जनप्रतिनिधि दोनों सक्रिय नजर आए। मंगलवार को कार्यपालक अभियंता सुशांत सिंह ने निर्माण स्थल का निरीक्षण कर कार्य की प्रगति का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों और संवेदक को कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान कार्यपालक अभियंता ने कहा कि गंगा किनारे कटाव की आशंका को देखते हुए सुरक्षा कार्य समय पर पूरा करना आवश्यक है। उन्होंने निर्माण की गुणवत्ता से समझौता नहीं करने और तय समयसीमा के भीतर कार्य पूर्ण कराने पर विशेष जोर दिया। साथ ही उपयोग की जा रही सामग्री एवं सुरक्षा मानकों की भी जांच की।

वहीं मौके पर पहुंचे जिला पार्षद उमेश कुमार उर्फ उमा यादव ने विभागीय अधिकारियों से कहा कि क्षेत्र पूर्व से गंगा कटाव की समस्या झेलता रहा है, इसलिए बरसात शुरू होने से पहले सभी आवश्यक कार्य युद्धस्तर पर पूरे किए जाएं। उन्होंने संवेदक को मजदूरों और संसाधनों की संख्या बढ़ाकर कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। जिला पार्षद ने स्पष्ट कहा कि कटावरोधी कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि समय पर कार्य पूरा होने से पंचायत के कई गांवों को संभावित बाढ़ और कटाव के खतरे से राहत मिल सकेगी। निरीक्षण के दौरान विभागीय कर्मी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्रामीण दिलखुश कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे। ग्रामीणों ने भी प्रशासन से कार्य शीघ्र पूरा कराने की मांग की, ताकि बरसात के दौरान किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

## संक्षिप्त समाचार

### कुरसेला पुलिस ने देशी कट्टा व जिंदा कारतूस के साथ युवक को किया गिरफ्तार

**कुरसेला, कटिहार, 26 मई (तरुणमित्र)।** जिले के कुरसेला थाना पुलिस ने अवैध हथियार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मेहर मियां टोला निवासी मो. जहांगीर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान मो. जहांगीर (25 वर्ष), पिता मो. मकबूल, सा. मेहर मियां टोला, थाना कुरसेला, जिला कटिहार के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से एक देशी कट्टा तथा एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। बरामद हथियार और कारतूस को जब्त कर लिया गया है। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि क्षेत्र में अवैध हथियार और अपराधियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है तथा आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

### विभिन्न विकासात्मक योजनाओं का किया उद्घाटन

**गयाजी, 26 मई (तरुणमित्र)।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार ने मंगलवार को गया जी नगर क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न विकासात्मक योजनाओं का उद्घाटन किया।इस दौरान उन्होंने कहा कि नगर क्षेत्र में सड़क, नाली एवं घाट निर्माण जैसी आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करना सरकार की प्राथमिकता है, ताकि आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।डॉ. प्रेम कुमार ने वार्ड संख्या 46 पंतनगर में 60 लाख 98 हजार 456 रुपये की लागत से निर्मित नाली निर्माण कार्य का उद्घाटन किया।इसके साथ ही वार्ड संख्या 46 में फल्गु नदी के किनारे पॉलिटेक्निक कॉलेज के निकट 36 लाख 46 हजार 28 रुपये की लागत से घाट निर्माण कार्य का भी उद्घाटन किया गया। इसी क्रम में विष्णुपद क्षेत्र के निकट चौधरी घाट निर्माण कार्य का उद्घाटन किया गया, जिसकी कुल लागत 33 लाख 4 हजार 963 रुपये है।उन्होंने कहा कि घाटों के निर्माण से श्रद्धालुओं एवं स्थानीय नागरिकों को बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी तथा क्षेत्र का सौंदर्यीकरण भी होगा।कार्यक्रम के दौरान वार्ड संख्या 36 स्थित समीर तकिया मध्य विद्यालय के पीछे 14 लाख 35 हजार 630 रुपये की लागत से निर्मित नाली निर्माण कार्य का भी उद्घाटन किया गया।इसके अतिरिक्त वार्ड संख्या 30 में भट्ट बीघा मोड़ से संतोष मिल दुकान होते हुए महेश सिंह यादव कॉलेज तक 90 लाख 23 हजार 733 रुपये की लागत से बनने वाले पथ निर्माण कार्य का उद्घाटन किया गया।डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि गया जी नगर क्षेत्र के समग्र विकास हेतु लगातार योजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है।

### साइबर जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन

**गयाजी, 26 मई (तरुणमित्र)।** जिले के एसएसपी सुशील कुमार के निर्देशन में मंगलवार को को डीएसपी सह थानाध्यक्ष, साइबर थाना गया द्वारा साइबर स्मार्ट ट्यूजडे के अंतर्गत शंकर क्लासेज, गया में साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस अवसर पर छात्र-छात्राओं एवं उपस्थित शिक्षकों को साइबर सुरक्षा से संबंधित आवश्यक सावधानियों, सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने के उपायों तथा ऑनलाइन ठगी एवं साइबर अपराधों से बचाव हेतु महत्वपूर्ण जानकारी एवं उपयोगी सुझाव प्रदान किए गए।साथ ही सभी प्रतिभागियों के बीच साइबर सुरक्षा संबंधी पम्पलेट का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को आधुनिक साइबर खतरों के प्रति जागरूक एवं सतर्क बनाना तथा उन्हें डिजिटल माध्यमों का सुरक्षित, जिम्मेदार एवं सजग उपयोग करने के लिए प्रेरित करना था।

### एबीवीपी के छात्र नेता सूरज सिंह ने गुरुआ में पत्रकार अमित कुमार के साथ हुई घटना की कड़ी निंदा की

**गया, 26 मई (तरुणमित्र)।** जिले के गुरुआ प्रखंड में पत्रकार अमित कुमार के साथ हुई बर्बरतापूर्ण मारपीट, बंधक बनाकर प्रताड़ित करने एवं जान से मारने की धमकी देने की घटना को लेकर छात्र नेता सूरज सिंह ने गहरा आक्रोश व्यक्त किया है।उन्होंने इस घटना को लोकतंत्र एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर हमला बताया है।सूरज सिंह ने कहा कि पत्रकार समाज का चौथा स्तंभ होते हैं और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना प्रशासन की जिम्मेदारी है। सच को सामने लाने वाले पत्रकारों पर हमला किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि दोषियों की अविलंब गिरफ्तारी हो तथा उनके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।उन्होंने प्रशासन द्वारा सिटी एसपी के नेतृत्व में विशेष जांच टीम गठित किए जाने को सकारात्मक पहल बताते हुए मांग की कि जांच निष्पक्ष, पारदर्शी एवं त्वरित हो ताकि पीड़ित पत्रकार अमित कुमार को शीघ्र न्याय मिल सके।सूरज सिंह ने कहा कि छात्र-युवा समाज इस कठिन समय में पत्रकार अमित कुमार एवं पत्रकार समुदाय के साथ मजबूती से खड़ा है और न्याय मिलने तक अपनी आवाज बुलंद करता रहेगा।

### बंधुआ सड़क पर बोलेरो पेड़ से टकराई, चालक घायल

**गया, 26 मई (तरुणमित्र)।** जिले के बंधुआ सड़क पर सोमवार को एक सड़क हादसे में बोलेरो अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई।इस दुर्घटना में वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसका चालक घायल हो गया।मौके पर मौजूद लोगों ने घायल चालक को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका प्राथमिक उपचार जारी है।घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त बोलेरो को अपने कब्जे में ले लिया।मिली जानकारी के अनुसार, यह बोलेरो टनकुप्पा प्रखंड के सलैया कला पंचायत के शिला बड्डआ गांव की है।चालक गया से अपने घर शिला बड्डआ लौट रहा था।बताया जा रहा है कि एक ट्रक द्वारा चकमा दिए जाने के कारण बोलेरो चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया, जिससे वह पेड़ से जा टकराई।डायल 112 टीम के एएसआई मनोज कुमार ने बताया कि क्षतिग्रस्त बोलेरो को मोफसिल थाने में ले जाया जाएगा, जहां उसके कागजात की जांच की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि घायल चालक का इलाज कराया जा रहा है।

### निर्वाचन के दौरान निर्वाचित पार्षद के अलावे किसी अन्य व्यक्ति का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा-डीएम

**गयाजी, 26 मई (तरुणमित्र)।** 29 मई को नगर निगम गया अन्तर्गत सशक्त स्थायी समिति का चुनाव प्रस्तावित है।नगर निगम गया अन्तर्गत सात सशक्त स्थायी समिति के सदस्यों का निर्वाचन होना है।इसके लिए डीएम द्वारा ज्ञापांक 1258/ पंचा० दिनांक-20.05.2026 के द्वारा गया नगर निगम के सशक्त स्थायी समिति का निर्वाचन हेतु आदेश निर्गत किया गया है, जिसके अनुसार 29 मई को जिला ग्रामीण विकास अभिकरण कार्यालय, गया मतदान निर्धारित किया गया है। सशक्त स्थायी समिति के सदस्यों के निर्वाचन हेतु सभी वार्ड पार्षद अपने मताधिकार के प्रयोग के द्वारा सात सदस्यों का चयन करेंगे।29 मई को पूर्वाहन 8 बजे से 10 बजे पूर्वाहन तक जिला ग्रामीण विकास अभिकरण कार्यालय में नामांकन प्रारम्भ होगी। सभी वार्ड पार्षद अपने साथ निर्वाचन प्रमाण पत्र एवं एक फोटो आईडी के साथ जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, गया कार्यालय में प्रवेश करेंगे।

## अंचलाधिकारी एवं राजस्व कर्मचारियों को 10 दिनों के भीतर सभी लंबित आवेदनों को निष्पादित करने का निर्देश

**दरभंगा, 26 मई (तरुणमित्र)।** समाहरणालय स्थित अंबेडकर सभागार में डीएम कौशल कुमार की अध्यक्षता में सदर अनुमंडल अंतर्गत सभी अंचलों के राजस्व कार्यों की समीक्षा हुई। जिसमें परिमार्जन प्लस, मापी, दाखिल - खारिज, जमाबंदी सुधार एवं राजस्व महा अभियान के तहत प्राप्त आवेदनों की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान डीएम ने सभी अंचलाधिकारी एवं राजस्व कर्मचारियों को निर्देश दिया कि आगामी 10 दिनों के भीतर सभी लंबित आवेदनों का निष्पादन करें। राजस्व संबंधी मामलों के निष्पादन में किसी प्रकार की शिथिलता लापरवाही पर सख्त कार्रवाई होगी। सभी अधिकारी और कर्मचारी दोगुनी गति से कार्य कर लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन करें।

राजस्व से संबंधित विभिन्न कार्यों में अपेक्षित सुधार नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने अंचल अधिकारी, राजस्व अधिकारी और कर्मचारी को एक सप्ताह के अंदर सभी लंबित मामलों का निष्पादित करने को कहा। साथ ही उन्होंने राजस्व महाअभियान के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों को समयबद्ध तरीके से निष्पादित करने के लिए महत्वपूर्ण निर्देश देते हुए मापी से संबंधित लंबित मामलों पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक अमीन प्रतिदिन कम से कम दो से तीन मापी कार्यों का निष्पादन करें ताकि लंबित मामलों का शीघ्र निपटारा हो सके। उन्होंने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री को लेकर अधिक से अधिक परिमार्जन कार्य करें ताकि ज्यादा से ज्यादा किसानों की फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनाकर सरकार के कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जा सके। इसके लिए विशेष अभियान चलाने का निर्देश देते हुए सभी संबंधित कर्मचारियों को प्रत्येक पंचायत में 30 से 40 किसानों को चिन्हित कर फार्मर रजिस्ट्री आईडी विशेष अभियान में बनवाने की जिम्मेदारी दी गई। उन्होंने जमाबंदी सुधार के लिए प्राप्त आवेदनों के त्वरित निष्पादन का भी निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान जाले एवं बहेड़ी अंचल में लंबित मामलों की संख्या अधिक रहने पर डीएम ने अपर समाहर्ता (राजस्व) को संबंधित अंचलाधिकारियों से स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश दिया।

## तेज रफ्तार बेकाबू वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

**गया, 26 मई (तरुणमित्र)।** जिले के शेरघाटी के आमस थाना क्षेत्र के हम्जापुर स्थित जीटी रोड पर सोमवार सुबह एक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। तेज रफ्तार और अनियंत्रित वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही जान चली गई। घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। मृतक की पहचान शेरघाटी के सुमाली मोहल्ला निवासी मोहम्मद अजीज उर्फ मासूम साहब के छोटे भाई अमगान के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, युवक सुबह किसी काम से बाइक पर जा रहा था, तभी हम्जापुर जीटी रोड पर तेज रफ्तार वाहन ने उसे टक्कर मार दी। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक युवक की मौत हो चुकी थी।प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दुर्घटना इतनी गंभीर थी कि शव बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## बकरीद को लेकर कुरसेला थाना में शांति समिति की बैठक, सौहार्द बनाए रखने की अपील



**कुरसेला, कटिहार, 26 मई (तरुणमित्र)।** बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर कुरसेला थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने की। इसमें विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, जन प्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकताओं ने भाग लिया।

बैठक में मौजूद वक्ताओं ने कहा कि कुरसेला क्षेत्र में हिंदू और मुस्लिम समुदाय वर्षों से आपसी भाईचारे के साथ अपने-अपने त्योहार मनाते आ रहे हैं। दोनों समुदाय एक-दूसरे के पर्वों का सम्मान करते हैं, जिससे क्षेत्र में हमेशा सौहार्दपूर्ण वातावरण बना रहता है। उन्होंने कहा कि अब तक इलाके में किसी भी पर्व के दौरान अप्रिय घटना नहीं हुई है और यही परंपरा आगे भी कायम रखनी है। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने कहा कि बकरीद के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस पूरी तरह सतर्क रहेगी। मुस्लिम बहुल गांवों और संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार पुलिस गश्त की जाएगी।

उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की। साथ ही चेतावनी दी कि सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वाले असामाजिक तत्वों पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी। बैठक में उत्तरी मुरादपुर पंचायत के मुखिया अविनाश सिंह, दक्षिणी मुरादपुर पंचायत के मुखिया ललन राम, राघवेंद्र प्रताप, अनंत जायसवाल, मिलन मंडल, इरशाद मंसूरी, पवन सिंह, मिथुन चौधरी, अश्विनी कुमार, विमल मंडल, विक्रम सिंह, विनोद पासवान समेत कई लोग मौजूद रहे।

# अपने क्षेत्र के लोगों को जागरूक करते रहे कि अच्छे माहौल में पर्व मनावे : डीएम

**गया, 26 मई (तरुणमित्र)।** जिले के डीएम शशांक शुभंकर एवं एसएसपी सुशील कुमार की अध्यक्षता में जिला शांति समिति की बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित की गई, जिसमें डीएम तथा एसएसपी द्वारा शांति समिति के सदस्यों से अनुरोध किया गया कि वे जिले में ईद उल जोहा (बकरीद) को प्रेम, सद्भाव एवं शांति के वातावरण में मनाने तथा बकरीद की नमाज अदा के दौरान सभी सदस्य फील्ड में रहते हुए लोगों को आपसी भाईचारे के रूप में उत्साहपूर्वक मनाने हेतु प्रेरित करें।

दोनों अधिकारियों द्वारा जिलावासियों को बकरीद पर्व पर शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए लोगों से अपील किया गया कि इस त्योहार को उत्साह एवं शांतिपूर्ण तरीके से मनावे।उन्होंने कहा कि शांति समिति के सदस्यों की जिम्मेवारी काफी बढ़ गई है, जो अपने क्षेत्र के लोगों को जागरूक करते रहे कि अच्छे माहौल में बकरीद पर्व मनावे।बैठक में जिलावासियों से तथा शांति समिति के सदस्यों से दोनों अधिकारियों ने अनुरोध किया कि वह सोशल मीडिया पर किसी प्रकार के विवाद/ अफवाह फैलाने वाले मैसेज का पूरी तरह प्रतिबंधित रखे।

उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने तथा अफवाह फैलाने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध जिला प्रशासन या पुलिस प्रशासन को सूचित करने का निदेश दिया।उन्होंने कहा कि साइबर सेनानियों तथा साइबर सेल द्वारा सोशल मीडिया पर काफी बखूबी से नजर बनाए हुए बैठी हैं। कहीं भी कुछ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आपत्तिजनक पोस्ट किए जाने पर उन्हें चिन्हित करते हुए नामजद प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। डीएम द्वारा बताया गया कि जिला स्तर, अनुमंडल स्तर एवं प्रखंड स्तर पर गहन समीक्षा की जा रही है तथा ऐसे असामाजिक तत्वों पर त्वरित गति से कार्रवाई की जाएगी।एसडीओ तथा डीएसपी को निर्देश दिया गया कि वे संवेदनशील स्थलों का मुआयना करते हुए विशेष नजर रखेंगे। अनुमंडल स्तरीय तथा प्रखंड स्तरीय शांति समिति के सदस्यों के साथ समन्वय रखते हुए कार्य करेंगे।

बैठक में गया नगर निगम के पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि बकरीद पर्व के अवसर पर अपने-अपने क्षेत्रों में पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था रखेंगे तथा साफ सफाई पर विशेष ध्यान देंगे।उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि बकरीद पर्व के दिन अर्ली मॉर्निंग सुबह 4:00 बजे से ही निरंतर पानी सप्लाई चालू करें।नगर निगम को निर्देश दिया कि आज की बैठक में मांग किए जाने वाले टैंकर को उस क्षेत्र में हर हाल में भेजना सुनिश्चित करें।उन्होंने सफाई प्रभारी गया नगर निगम को निर्देश दिया कि बकरीद के दिन किस रूट में कितनी संख्या में कितने बजे ट्रैक्टर के माध्यम से तथा अन्य बंद नुमा वाहन से वेस्ट मटेरियल का उठाव होगा इसके लिए अभी से ही कार्य योजना बना ले तथा उसी लाइन लिस्ट के अनुसार सफाई व्यवस्था रखें।

सभी सफाई जमादारो को पूरी तत्परता से साफ सफाई का कार्य करवाना सुनिश्चित करें। डीएम ने नगर आयुक्त को कहा कि गांधी मैदान, कर्बला सहित सभी मस्जिदों एव मदरसा के समीप सफाई की पूरी व्यवस्था करवाये। इसके अलावा गांधी मैदान में पढ़े जाने वाले नवाज को लेकर स्प्रिंगल मशीन से पानी का छिड़काव करवाने को कहा है। इसके अलावा चिन्हित स्थानों पर पर्याप्त पानी टैंकर उपलब्ध करवाने को कहा है।गर्मी को देखते हुए पानी की कही कोई कमी नही रहे, इसे जरूर देखें और जरूरत पड़ने पर पीएचईडी के पदाधिकारियों से समन्वय कर उनसे भी मदद लेते हुए पानी की पूरी उपलब्धता रखे।

## सभी थानों में चालू रखें सीसीटीवी और मधुबनी अस्पताल का करें निरीक्षण : आयुक्त



**दरभंगा, 26 मई (तरुणमित्र)।** प्रमंडलीय आयुक्त हिमांशु कुमार राय की अध्यक्षता में विकास योजनाओं की प्रगति, विधि-व्यवस्था की स्थिति एवं थानों में सीसीटीवी कैमरा अधिष्ठापन को लेकर समीक्षा की गई।

जिसमें आयुक्त ने तीनों जिला के डीएम व एसएसपी से विधि-व्यवस्था की जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान आयुक्त ने तीनों जिला के डीएम को जीवछ-कमला नदी के उड़ाहीकरण के दौरान प्राप्त मिट्टी का उपयोग सड़क निर्माण एवं अन्य सरकारी निर्माण कार्यों में नियमानुसार करने का निर्देश दिया। बैठक में प्रमंडल अंतर्गत संचालित सहयोग शिविरों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। आयुक्त ने शिविरों के माध्यम से आमजनों की समस्याओं को त्वरित निष्पादित करने को कहा।

साथ ही उन्होंने थानों में सीसीटीवी कैमरा अधिष्ठापन की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी थानों में सीसीटीवी कैमरे सुचारु रूप से कार्यरत रखें। जिन थानों में तकनीकी कारणों से कैमरे बंद हैं उन्हें अविलंब चालू कराये। बैठक के दौरान दरभंगा डीएम कौशल कुमार ने आगामी बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति के सदस्यों के साथ ही बैठक तथा विधि-व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक तैयारियों की जानकारी दी। आयुक्त ने जिलों के सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने का महत्वपूर्ण निर्देश दिया। आयुक्त ने पैट्रोल, डीजल के संबंध में निर्देश देते हुए कहा कि नेपाल एवं भारत में पेट्रोल व डीजल के अंतर का आकलन कर लें ताकि संसाधन में कमी नहीं हो। आयुक्त ने मधुबनी डीएम को मधुबनी जिला अस्पताल की जांच करने को कहा।

# डीएम ने 68 पंचायत सचिवों को किया निलंबित

## सरकारी योजनाओं और जनगणना कार्य बाधित का आरोप



**अररिया, 26 मई (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी विनोद दूहन ने बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई करते हुए जिले के 68 पंचायत सचिवों को निलम्बित कर दिया है। इन पंचायत सचिवों पर सरकारी योजनाओं और जनगणना कार्य बाधित करने का आरोप है। सभी पंचायत सचिव लंबे समय से अपने कर्तव्य स्थल से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित एवं अनिश्चितकालीन हड़ताल पर थे।

डीएम ने सोमवार देर शाम कार्यालय आदेश निकालकर सबों को निलम्बित किया। जारी आदेश के अनुसार, स्पष्ट किया गया कि संबंधित पंचायत सचिवों का लंबे समय से अनुपस्थित रहना सरकारी कार्यों में बाधा उत्पन्न करना तथा सरकार एवं वरीय अधिकारियों के आदेश की अवहेलना करना है, जो बिहार सरकारी सेवक आचार नियमावली 1976 के नियम 3(1) का उल्लंघन है।डीएम ने बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली 2005 के नियम 9(1)(क) के तहत 68 पंचायत सचिवों को निलम्बित किया है।

निलंबन अवधि में अररिया प्रखंड में पदस्थापित पंचायत सचिव का मुख्यालय नरपतगंज, रानीगंज का कुसाकांटा,कुसाकांटा का भरगामा, फारबिसगंज का जोकीहाट, सिकटी का भरगामा, नरपतगंज का पलासी, जोकीहाट का फारबिसगंज, पलासी का अररिया एवं भरगामा का सिकटी प्रखंड मुख्यालय निर्धारित किया गया है। निलंबन अवधि के दौरान संबंधित पंचायत सचिवों को नियम के तहत केवल जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा। तभी बीडीओ को डीएम ने निर्देश दिया है कि संबंधित पंचायत सचिवों के खिलाफ विहित प्रपत्र में आरोप पत्र तैयार कर एसडीओ के माध्यम से जिला पंचायत राज कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय। जारी आदेशानुसार पंचायत सचिवों की अनुपस्थिति के कारण जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत करने, वंशावली बनाने, सामाजिक सुरक्षा पेंशन सत्यापन, षष्ठम राज्य वित्त आयोग एवं 15 वीं केंद्रीय वित्त आयोग योजनाओं के क्रियान्वयन, मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना सहित पंचायत स्तर के दैनिक कार्यों पर प्रतिकूल असर पड़ा।

इसके साथ ही भारत की जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य भी बाधित हो रहे थे। पंचायत सचिवों की लगातार अनुपस्थिति से आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इसको लेकर आदेश ज्ञापांक-985/जि.पं., दिनांक 29 अप्रैल 2026 के माध्यम से हड़ताल पर रहने वाले पंचायत सचिवों से तीन दिनों के भीतर स्पष्टीकरण मांगा गया था, लेकिन संबंधित कर्मियों द्वारा कोई जवाब उपलब्ध नहीं कराया गया। सभी बीडीओ द्वारा भी बताया गया था कि संबंधित पंचायत सचिव अब तक अपने कार्यस्थल पर उपस्थित नहीं हैं।

### तेज रफ्तार हाईवा की टक्कर से युवक की मौत

**भागलपुर, 26 मई (तरुणमित्र)।** जिले के बाईपास थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में फेरी कर परिवार चलाने वाले युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है ।मृतक अपने घर का इकलौता कमाने वाला था और उसके दो छोटे बच्चे हैं। बताया जा रहा है कि इशाकचक थाना क्षेत्र के बरहपुरा पूरब टोला निवासी रिजबी पप्पू फेरी करने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान बाईपास थाना क्षेत्र के पास एक तेज रफ्तार हाईवा ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और परिजन मौके पर पहुंचे।

## जिला बार एसोसिएशन चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न, शिशिर दास और ख्वाजा मोजिबुर फिर बने अध्यक्ष-सचिव

**किशनगंज, 26 मई (तरुणमित्र)।** जिला बार एसोसिएशन का चुनाव सोमवार को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया। चुनाव में जिले के अधिवक्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और कुल 357 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान समाप्त होने के बाद देर शाम मतगणना की प्रक्रिया शुरू हुई, जिसके बाद विभिन्न पदों के परिणाम घोषित किए गए।

परिणाम सामने आते ही बार परिसर में समर्थकों और अधिवक्ताओं के बीच उत्साह का माहौल देखा गया। इस चुनाव में अध्यक्ष, सचिव, उपाध्यक्ष, संयुक्त सचिव, सहायक संयुक्त सचिव तथा कार्यकारिणी सदस्य पदों के लिए मतदान कराया गया था। अध्यक्ष पद पर निवर्तमान अध्यक्ष अधिवक्ता शिशिर कुमार दास ने लगातार दूसरी बार जीत दर्ज करते हुए अपनी मजबूत पकड़ कायम रखी। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी अधिवक्ता ओम कुमार को 8 मतों से पराजित किया।

शिशिर कुमार दास को कुल 182 मत प्राप्त हुए। वहीं सचिव पद के चुनाव में भी निवर्तमान सचिव अधिवक्ता ख्वाजा मोजिबुर रहमान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार दूसरी बार जीत हासिल की। उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी प्रमोद कुमार सिंहा को 12 मतों से हराया। चुनाव में कुल 357 मत पड़े थे, जिनमें से 2 मत रद्द घोषित किए गए। वैध 355 मतों की गिनती में ख्वाजा मोजिबुर रहमान को 165 मत प्राप्त हुए, जबकि प्रमोद कुमार सिंहा को 153 मत मिले। मतगणना पूरी होने के बाद विजयी प्रत्याशियों के समर्थकों ने फूल-मालाओं के साथ उनका स्वागत किया और जीत की खुशी मनाई। इस दौरान बार परिसर में देर रात तक उत्साह का माहौल बना रहा। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद अध्यक्ष शिशिर कुमार दास और सचिव ख्वाजा मोजिबुर रहमान ने सभी अधिवक्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि बार एसोसिएशन की गरिमा को बनाए रखना उनकी प्राथमिकता होगी। साथ ही अधिवक्ताओं की समस्याओं के समाधान, आपसी समन्वय और बार भवन के विकास के लिए सभी को साथ लेकर कार्य किया जाएगा।

### लू से उपचार का फिजियोथैरेपी एक बड़ा माध्यम : डॉ . विकास

**नवादा, 26 मई (तरुणमित्र)।** जाने-माने फिजियोथेरेपिस्ट डॉ विकास कुमार ने कहा है कि लू से बचाव का एक बड़ा माध्यम फिजियोथैरेपी भी है ।लू प्रभावित लोग फिजियोथैरेपी विधि से भी अपने जीवन की रक्षा कर सकते हैं । मंगलवार को नवादा में गर्मी लू से बचाव पर आधारित एक कार्यशाला नवादा के आदर्श फिजियोथैरेपी सेंटर में आयोजित की गई । जिसमें डॉक्टर विकास अपना विचार व्यक्त कर मरीज को लू से बचाव के तरीकों की जानकारी दे रहे थे। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में लू से बहुत जाने जा रही है। इसमें लोगों को जानकारी का बहुत अभाव होता है ।गर्मी तथा हीट स्ट्रोक से बचने के लिए पानी ज्यादा पीना ,सूती का हल्का कपड़ा पहनना बेहद जरूरी है। खादी वस्त्र हीट स्ट्रोक से बचाव का एक बड़ा माध्यम है। उन्होंने कहा कि हीट स्ट्रोक के कारण लोगों के शरीर में पानी,सोडियम की कमी हो जाती है। सोडियम की कमी से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सावधानी के अभाव में जान चली जाती है। उन्होंने कहा कि लू प्रभावित लोगों की मांसपेशियों में भी अकड़न होती है।

## संक्षिप्त समाचार

### 2 गोली मार कर टेलर का मर्डर, तीन लिए गए हिरासत में

**गया, 26 मई (तरुणमित्र)।** जिले के आमस थाना क्षेत्र के बैदा गांव में गोली लगने से कल 33 साल के रिजवान की मौत हो गई थी। इस मामले में नई बात सामने आई है ।पुलिस ने घटना स्थल से दो कट्टा ओर 7 कारतूस बरामद किया है ।यह भी बात सामने आई है कि रिजवान को दो गोली लगी थी। एक दाहिने हाथ में, तो दूसरा छाती में बुलेट लगी थी। हथियार की बरामदगी के बाद बहुत हद तक स्पष्ट हो गया है कि रिजवान की मौत गोलीबारी में ही हुई ।इस मामले में पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में लिया है ।उनसे पूछताछ की जा रही है ।फिलहाल पुलिस किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंची है ।अभी वह कुछ भी बताने से परहेज कर रही है ।हालांकि इस हत्या के पीछे की मूल वजह अब तक स्पष्ट नहीं हो सकी है ।परिवार वाले भी खुलकर कुछ भी बताने से दूरी बनाए हुए हैं ।हथियार बरामद किए जाने की पुष्टि एसडीपीओ संदीप कुमार ने की है ।उन्होंने कहा कि इस मामले की जांच तेजी से की जा रही है ।मृतक की मां रोशन आरा का कहना है कि वह अक्सर बैदा जाया करता था ।सोमवार को भी वह वहां गया था ।दोपहर को एक बजे घर वापस शेरघाटी आया था ।घर पर खाना खा कर आराम कर ही रहा था कि किसी का फोन आया ।वह तुरंत घर से निकल गया ।इसके बाद शाम को खबर आई कि रिजवान की गोली लगने से मौत हो गई है।

### मालदा मंडल द्वारा सघन टिकट जांच अभियान में 4.55 लाख जुर्माना वसूला गया

**भागलपुर, 26 मई (तरुणमित्र)।** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक मालदा कार्तिक सिंह के पर्यवेक्षण में टिकट रहित एवं अनियमित यात्रा पर रोक लगाने के उद्देश्य से मालदा मंडल के विभिन्न, विशेषकर अनधिकृत यात्रा संभावित रेलखंडों में नियमित रूप से टिकट जांच अभियान चलाए जा रहे हैं। उक्त आशय की जानकारी मंगलवार को मालदा डीविजन के पीआरओ ने दी। उन्होंने बताया कि भागलपुर एवं साहिबगंज कहलगांव भागलपुर खंड में तथा गाड़ी संख्या 22948 भागलपुर सूरत सुपरफास्ट एक्सप्रेस, 13241 राजेंद्र नगर टर्मिनल इंटरसिटी एक्सप्रेस, 12367 विक्रमशिला एक्सप्रेस, 13409 मालदा-किउल इंटरसिटी एक्सप्रेस, दानापुर-साहिबगंज इंटरसिटी एक्सप्रेस, 13334 पटनादुमका एक्सप्रेस, 12254 अंग एक्सप्रेस सहित अन्य महत्वपूर्ण ट्रेनों में सघन टिकट जांच अभियान चलाया गया। यह अभियान टिकट जांच दल एवं वाणिज्य विभाग के कर्मचारियों द्वारा रेलवे सुरक्षा बल के सहयोग से संचालित किया गया। इस सघन जांच अभियान के दौरान 638 टिकट रहित एवं अनियमित यात्रा के मामलों का पता लगाया गया, जिसके परिणामस्वरूप 4,55,780 रुपया की जुमार्ना राशि प्राप्त की गई, जो एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। उल्लेखनीय है कि मालदा मंडल के मंडल रेल प्रबंधक, मालदा मनीष कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में, मालदा मंडल रेलवे राजस्व की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा यात्रियों को सुरक्षित, सुगम एवं आरामदायक यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए निरंतर विभिन्न पहल कर रहा है।

### राजगीर मलमास मेला में झुला से गिरकर युवक की मौत

**नालंदा, बिहारशरीफ, 26 मई (तरुणमित्र)।** नालंदा जिले के राजगीर में आयोजित मलमास मेला में सोमवार की देर रात्रि झुला पर से गिरकर एक युवक की मौत इलाज के दौरान हो गई। मृतक की पहचान नवादा जिले के नारदीगंज प्रखंड के बिकु गांव निवासी बिपीन सिंह के 22 वर्षीय पुत्र अमन कुमार के रूप में हुई है। घटना को लेकर पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि राजगीर मलमास मेला में सुनामी झुला पर युवक सेल्फी ले रहा था, इसी दौरान उसका लगा हुआ सीट बेल्ट टूट गया जिससे उसका संतुलन बिगड़ गया और वह 50 फिट उपर से जमीन पर गिर पड़ा और गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर जाकर घायल युवक को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल राजगीर में भर्ती कराया जहां हालात गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उसे विम्स पावापुरी अस्पताल रेफर किया, जहां इलाज के दौरान उक्त युवक की मौत हो गई। मंगलवार को युवक के शव का पोस्टमार्टम कराया गया, साथ हादसे की गंभीरता को लेते हुए अनुमंडलीय पुलिस अधीक्षक ने झुला संचालक पर एक मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच में जुट गई है। वहीं अन्य जगहों पर लगा झुला को तत्काल बंद करा दिया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जब तक झुला संचालन का प्रमाणपत्र नहीं दिखाया जायेगी तब तक झुला बंद रहेगा।

### गंगा नदी में शुरू हुई कार्गो सेवा से लोगों को राहत

**भागलपुर, 26 मई (तरुणमित्र)।** विक्रमशिला सेतु के क्षतिग्रस्त होने के बाद लोगों की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। पुल पर आवाजाही प्रभावित होने से खासकर चार पहिया और भारी वाहनों को लंबा रास्ता तय करना पड़ रहा है। इसी परेशानी को देखते हुए सबौर के बाबूपुर गंगा घाट से कार्गो सेवा शुरू की गई है। अब लोग अपने चार पहिया वाहनों और भारी वाहनों के साथ मालवाहक जहाज पर सवार होकर गंगा के इस पार से उस पार जा रहे हैं। गंगा घाट पर सुबह से ही वाहनों की लंबी कतार लग रही है और लोग घंटों इंतजार कर जहाज के जरिए सफर कर रहे हैं। कार्गो सेवा शुरू होने से व्यापारियों और वाहन चालकों को काफी राहत मिली है। स्थानीय लोगों का कहना है कि विक्रमशिला सेतु की स्थिति के बीच यह सेवा फिलहाल एक बेहतर विकल्प बनकर सामने आई है। कार्गो संचालकों ने बताया कि वर्तमान में दो मालवाहक जहाज कोलकाता से मंगाए गए हैं। जिनकी मदद से वाहनों को पार कराया जा रहा है। जरूरत बढ़ने पर आगे और जहाजों की व्यवस्था भी की जाएगी। विक्रमशिला सेतु की परेशानी के बीच गंगा घाट पर शुरू हुई यह कार्गो सेवा अब लोगों की आवाजाही का अहम साधन बनती जा रही है।

### दिल्ली में दस्तक की वार्षिक आमसभा में फारबिसगंज के सीए सुनील भंसाली निर्विरोध अध्यक्ष, बधाईयों का लगा तांता

**अररिया, 26 मई (तरुणमित्र)।** दिल्ली की संस्था दस्तक की वार्षिक आम सभा में फारबिसगंज के सीए सुनील भंसाली सर्वसम्मति से निर्विरोध अध्यक्ष मनोनीत किए गए। चुनाव अधिकारी विजय सिंह बैद एवं गणेश बोथरा द्वारा जैसे ही उनके नाम की आधिकारिक घोषणा की गई, पूरा सभागार तालियों की से गूंज उठा।

सुनील भंसाली मूल रूप से फारबिसगंज के प्रतिष्ठित भंसाली परिवार से संबंध रखते हैं और वर्तमान में दिल्ली में रहकर चार्टर्ड अकाउंटेंट के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। वे स्वर्गीय झावर लाल भंसाली के सुपुत्र हैं। व्यावसायिक क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियों के साथ-साथ सामाजिक, धार्मिक एवं संगठनात्मक गतिविधियों में भी उनकी सक्रिय भागीदारी रही है। उनकी सादगीपूर्ण कार्यशैली, सकारात्मक सोच, मिलनसार व्यक्तित्व एवं समाजसेवा के प्रति समर्पण भावना को देखते हुए संस्था के सभी सदस्यों ने उन पर पूर्ण विश्वास जताते हुए संस्था की कमान सौंपी। दिल्ली की दस्तक संस्था वर्षों से समाजहित में विभिन्न रचनात्मक कार्य करती आ रही है। संस्था जरूरतमंद एवं आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की सहायता, मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहन, स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान एवं जनजागरूकता अभियान, सांस्कृतिक एवं धार्मिक आयोजन तथा युवाओं को समाजसेवा से जोड़ने जैसे कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाती रही है। सुनील भंसाली के निर्विरोध अध्यक्ष चुने जाने पर शहर के गणमान्य नागरिकों, व्यवसायियों, समाजसेवियों एवं विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने उन्हें बधाई दी।

## आंधी-तूफान और मूसलाधार बारिश ने मचाई भीषण तबाही

**भागलपुर, 26 मई (तरुणमित्र)।** बीते देर रात आई भीषण आंधी-तूफान और मूसलाधार बारिश ने जिले भर में भीषण तबाही मचाई है। जगह-जगह पेड़ उखड़ गए। लोगों के झोपड़ी के छप्पर उड़ गए। सबसे ज्यादा नुकसान आम और लीची के फसल को हुआ है। आंधी के बाद से जिले भर में बिजली गुल है। कई जगहों पर पेड़ के गिरने से बिजली के पोल गिर गए हैं। 85 से 110 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चली आंधी से बिजली व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो गई।

पूरे जिले में ब्लैक आउट हो गया। पेड़ गिरने से जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल के सर्जर वार्ड के स्टोर रूम की दीवार गिर गई, खिड़की भी टूट गई। इससे वार्ड में पानी भर गया। मरीजों को दूसरे कक्ष में शिफ्ट करना पड़ा। सबसे अधिक नुकसान नवगछिया इलाके में हुआ। यहां आंधी की चपेट में आने से 40 इंच मोटा पेड़ उखड़कर 30-40 फीट दूर जा गिरा।

कई कच्चे मकान भी धराशायी हो गए। सड़क किनारे बने अस्थायी ढांचे और दुकानों को भी भारी नुकसान पहुंचा है। एनएच-31, एनएच-80 समेत कई प्रमुख मार्गों पर बड़े-बड़े पेड़ गिरने से यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। रातभर वाहन जहां-तहां फंसे रहे। कई इलाकों में लोग घरों में कैद होकर रह गए। प्रशासन की टीमें देर रात तक सड़कों से पेड़ हटाने में जुटी रहीं। बरारी घाट पर जिला प्रशासन की ओर से लगाया गया तंबू भी तेज हवा में उखड़ गया। कई मोहल्लों में पेड़ गिरने से लोगों के घरों और वाहनों को नुकसान पहुंचा है।

भागलपुर केंद्र के मौसम विज्ञानी अनुपम नाहर ने बताया कि देर रात हवा की रफ्तार 85 से 86 किलोमीटर प्रतिघंटे तक रिकार्ड की गई। उन्होंने कहा कि ऊपरी वायुमंडल में सक्रिय तेज हवाओं और बंगाल की खाड़ी से आ रही अत्यधिक नमी के कारण मौसम अचानक उग्र हो गया। विभाग ने 23 से 25 मिमी तक वर्षा होने का अनुमान जताया है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि पिछले कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी, बंगाल की खाड़ी से आई नमी और हिमालय की तलहटी से आने वाली ठंडी हवाओं के टकराव ने इस मौसमी गतिविधि को और अधिक खतरनाक बना दिया।

## सीएम डैशबोर्ड और पुराने मामलों पर डीएम ने मांगी रिपोर्ट



**किशनगंज, 26 मई (तरुणमित्र)।** समाहरणालय स्थित सभागार में मंगलवार को जिलाधिकारी विशाल राज की अध्यक्षता में कार्य संस्कृति से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के लंबित मामलों, कार्यालय संचालन एवं प्रशासनिक कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान कर्मियों की कर्म पुस्तिका संधारण, संचिकाओं के निर्गमन एवं प्रस्तुतीकरण, बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली, नीलाम पत्रवाद, न्यायालय वाद, आपदा राहत, एसी-डीसी विपत्र, लोक शिकायत, अनुशासनात्मक कार्रवाई, सूचना का अधिकार, लोकायुक्त, मानवाधिकार आयोग, सीपी ग्राम, सीएम डैशबोर्ड, सीएम जनता दरबार एवं सेवांत लाभ से जुड़े मामलों की समीक्षा की गई। डीएम ने सभी संबंधित अधिकारियों को लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। डीएम ने वर्ष 2007-08 से लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निष्पादित करने का निर्देश देते हुए कहा कि वर्षों से लंबित मामलों का निपटारा प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए। डीसीएलआर स्तर पर वर्ष 1999-2000 के लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन पर भी विशेष जोर दिया गया।

20 वर्ष से अधिक पुराने मामलों को संबंधित स्तर से अग्रसारित कर शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। अंचल पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि लंबित मामलों की प्रतिदिन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा कर निष्पादन की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए। मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर लंबित आवेदनों की सूची तैयार कर अगली बैठक में विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत करने को भी कहा गया। बैठक में सरकारी भूमि पर अतिक्रमण के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने का निर्देश देते हुए अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी कर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। साथ ही अतिक्रमित सरकारी भूमि पर लिए गए अवैध बिजली कनेक्शनों को काटने के लिए संबंधित विभाग को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया गया।

बैठक में एडीएम अमरेन्द्र कुमार पंकज, डीडीसी प्रदीप कुमार झा, जिला पंचायत राज पदाधिकारी जफर आलम, वरीय उपसमाहर्ता सुनीता कुमारी, जिला योजना पदाधिकारी सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी कुंदन कुमार सिंह एवं अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### विक्रमशिला सेतु क्षतिग्रस्त, नाव बनी लाइफलाइन, गंगा घाटों पर बढ़ी रौनक

**भागलपुर, 26 मई (तरुणमित्र)।** विक्रमशिला सेतु के क्षतिग्रस्त होने के बाद से भागलपुर से नवगछिया आने-जाने वाले लोगों की परेशानी बढ़ गई है। पुल पर आवाजाही प्रभावित होने के कारण अब यात्रियों के लिए नाव ही सबसे बड़ा सहारा बन गई है। कभी वीरान रहने वाले भागलपुर के गंगा घाट अब पूरी तरह गुलजार नजर आ रहे हैं। पिछले करीब दो दशक से घाटों पर नावों की संख्या काफी कम हो गई थी। लेकिन अब हर दिन लगभग 50 नावें यात्रियों को गंगा पार कराने में जुटी हुई हैं। सुबह से लेकर देर शाम तक घाटों पर यात्रियों की भीड़ लगी रहती है। लोग जरूरी काम, नौकरी और व्यापार के लिए नाव के जरिए सफर करने को मजबूर हैं। वहीं नाविकों की आमदनी में भी बड़ा इजाफा हुआ है। नाव चलाने वाले लोगों का कहना है कि पहले जहां कमाई काफी कम होती थी, वहीं अब रोजाना 5 हजार से 10 हजार रुपये तक की आय हो रही है।

### सीबीएसई का त्रिभाषा फामूर्ला राष्ट्रीय एकता के हित में प्रशंसनीय कार्य : कुलपति

**टिकारी (गया), 26 मई (तरुणमित्र)।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने देशभर के शिक्षण संस्थाओं में त्रिभाषा फामूर्ला को क्रियान्वित करके राष्ट्रीय एकता के हित में प्रशंसनीय कार्य किया है। त्रिभाषा फामूर्ला में किसी भी भाषा को थोपने का प्रयास नहीं किया गया है, अपितु हर छात्र अपनी इच्छा के अनुसार दो भारतीय भाषा एवं एक कोई अन्य भारतीय भाषा या विदेशी भाषा का चयन कर सकता है। उक्त वक्तव्य दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) के कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने सीबीएसई के त्रिभाषा फामूर्ला पर आयोजित एक विशेष परिचर्चा में दिया। निजी अनुभव के आधार पर मेरा यह मानना है ऐसे लोग जो बहुभाषी होते हैं उनका व्यक्तित्व विकास बहुत अधिक होता है।

वे देश के किसी भी प्रान्त में जाते हैं उन्हें वहाँ के वातावरण एवं संस्कृति में घुलने-मिलने में ज्यादा कठिनाई नहीं होती है ।कुलपति ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के प्रावधानों के अंतर्गत सीबीएसई ने त्रिभाषा फामूर्ला को स्कूल स्तर पर लागू करने के निर्णय लिया है जो स्वागत योग्य है ।लेकिन देश में कुछ लोगों द्वारा इसका दुष्प्रचार किया जा रहा है जो उचित नहीं है। इसलिए हमें इस चर्चा को विश्वविद्यालय की चहरदीवारों तक सिमित नहीं रखना चाहिए, बल्कि इसे आसपास के स्कूलों में भी ले जाने की जरूरत है ।उन्होंने सभाकक्ष में मौजूद प्राध्यापकों को विशेष रूप से सम्बोधित करते हुए कहा कि कैंपस फॉर कम्युनिटी ध्यय पर कार्य करते हुए हम सबको जन जन तक त्रिभाषा फामूर्ला के तथ्यों को साझा करना होगा तभी इस परिचर्चा का उद्देश्य पूरा होगा ।जन सम्पर्क पदाधिकारी (पीआरओ) मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन के सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन प्रो. ब्रजेश कुमार, डीन एवं अध्यक्ष, स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के स्वागत भाषण से हुआ और उन्होंने परिचर्चा के उद्देश्य एवं विषयवस्तु को सभाकक्ष में मौजूद विभिन्न विभागों के डीन, विभागाध्यक्षों, प्राध्यापकों एवं अधिकारियों से साझा किया।

### रितु जायसवाल भाजपा में शामिल, प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने पार्टी में किया स्वागत

**पटना, 26 मई (तरुणमित्र)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को आयोजित मिलन समारोह में राष्ट्रीय जनता दल की पूर्व लोकसभा उम्मीदवार एवं राजद महिला मोर्चा की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रितु जायसवाल, राजद महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष प्रोफेसर राजमणि, भागलपुर की अध्यक्ष सीमा जायसवाल, प्रदेश सचिव, युवा राजद माया गुप्ता सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने सभी नए सदस्यों को पार्टी का अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया और उन्हें भाजपा की सदस्यता दिलाई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस मौके पर बिहार सरकार के मंत्री दिलीप जायसवाल भी मौजूद रहे।

## अररिया जिले में तेज आंधी और तूफान ने फिर मचाई तबाही



**अररिया, 26 मई (तरुणमित्र)।** अररिया जिला में सोमवार की देर रात आई तेज आंधी और तूफान के साथ मूसलाधार बारिश ने एकबार फिर से भारी तबाही मचाई। तेज आंधी तूफान के कारण कई स्थानों पर पेड़ उखड़ गए, नेशनल हाईवे, स्टेट हाइवे के साथ ग्रामीण इलाकों में पेड़ उखाड़ने के कारण कई स्थानों पर आवागमन व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा।

आंधी तूफान थमने के बाद एनएचएआई के द्वारा नेशनल हाईवे पर गिरे पेड़ को काटकर साफ किया गया, जिसके बाद यातायात व्यवस्था सुचारू हो सका। इसके अलावे ग्रामीण इलाकों में तेज आंधी और तूफान से कई लोगों की छत की टीन उखड़ गए, जिसके कारण लोगों को खुले आसमान के नीचे रहने को विवश होना पड़ा। इसके अतिरिक्त सबसे ज्यादा नुकसान किसानों को किसानी में हुई। तैयार फसल गिर गए। इसके अलावे सब्जी की खेती और खेत में लगे मक्का के फसल को भी काफी नुकसान हुआ है कई किसानों के द्वारा मक्का के फसल पौधों को काटकर तैयार करने के लिए जमा किया गया था, जो बारिश के कारण भींग गया। तेज मूसलाधार बारिश के कारण खेत में लगे फसल पौधे भी नष्ट हो गए। कई इलाकों में बिजली के तार टूट जाने के कारण बिजली सेवा बाधित हो गई है।

अररिया प्रखंड सहित फारबिसगंज, नरपतगंज, कुसाकांटा, जोकीहाट, सिकटी, पलासी प्रखंड में तेज आंधी तूफान के कारण प्रभावित होने की खबर है। कच्चे मकान तेज आंधी और बारिश में गिर जाने की जानकारी मिल रही है। फारबिसगंज के मझुआ गांव के किसान राजन सिंह ने बताया कि मौसम की बेरुखी के कारण किसानों को काफी नुकसान हुआ है।

इससे पहले भी तेज आंधी और तूफान के कारण फसल पौधों को नुकसान हुआ था। मौसम के बदलते मिजाज के बीच किसान जल्दबाजी में अपने मक्का के फसल की तैयारीयों में जुटे थे, लेकिन वहां भी किसानों के अरमानों पर पानी फिर गया है। उन्होंने कहा कि सरकारी महकमा क्षति का आकलन कर ले जाती है, लेकिन ससमय मुआवजा नहीं मिलने से भी किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। कारण ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकांश किसान गांव से ही ऋण लेकर किसानी का कार्य करते हैं।


**Bandhan Bank** | रीजनल ऑफिस: नेताजी मार्ग, मीठाखली छः रास्ते के पास, एलिसब्रिज, अहमदाबाद-06. फोन : +91-79-26421671-75

**भौतिक आधिपत्य (कब्जा) सूचना**

एतदर्थ सूचना दी जाती है कि वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित प्रर्वतन अधिनियम, 2002 कि धारा 13(12) एवं प्रतिभूतिहित प्रर्वतन नियम, 2002 के नियम 3 को साथ में पढते हुए अधिनियम के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों के प्रयोग के तहत प्राधिकृत अधिकारी ने खाते(अकाउंट) के सामने उल्लेखित तिथि को डिमांड नोटिस (मांग पत्र) भेजा था व नोटिस प्राप्ति के 60 दिवस के अन्दर राशि की मांग की गई थी । ऋणी द्वारा भुगतान करने में असफल रहने पर कर्जदार और आम जनता को नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है की अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उपरोक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा(4) सहपठित नियम 8 के तहत नीचे लिखे लोन खातों में वर्णित बंधक सम्पत्ति का भौतिक कब्जा ले लिया है । अतः आप कर्जदार और आम जनता को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित संपत्तियों के बारे में कोई व्यवहार न करें और इन संपत्तियों के साथ किसी व्यवहार पर वह राशि, ब्याज, खर्च एवं शुल्क के साथ बैंक को चुकाना होगा । सुरक्षित सम्पत्ति को रिडीम/वापस लेने के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) में उपलब्ध प्रावधानों के तहत ऋणियों का ध्यान आमंत्रित किया जाता है ।

| ऋणियों के नाम, गेरन्टर और ऋण खाता सं. | बंधक संपत्ति का विवरण (प्रतिभूती आस्तियां) | मांगपत्र की तिथि | भौतिक कब्जे की तिथि | कुल बकाया राशि, मांगपत्र की तारीख तक |
|---|---|---|---|---|
| रामजतन प्रसाद<br>मिंटू देवी<br>मुकेश कुमार<br>20007720000136 | सभी चल और अचल संपत्ति, जो फ्री होल्ड भूमि क्षेत्र 10 धुर और मौजा – बख्तियारपुर, खाता नंबर 63, खेसरा नंबर 783, थाना नंबर 141, थाना– बख्तियारपुर, तौजी नंबर 12/376, जमाबंदी नंबर 8, हल्का – नगर परिषद, परगना – ग्यासपुर, अंचल – बख्तियारपुर, सब–डिवीजन और सब रजिस्ट्री – बाढ़, सदर रजिस्ट्री एवं जिला–पटना, बिहार हैं और जो आवरित है: पूर्व:यमुना चौधरी, पश्चिम: निज़ विक्रेता, उत्तर: उषा देवी, दक्षिण: पूर्णिमा देवी | फरवरी 15, 2025 | मई 21, 2026 | रु.9,23,892.29 |
| देवेन्द्र कुमार<br>रीमा देवी<br>रेखा देवी<br>बब्लू कुमार<br>20004510000355 | सभी चल और अचल संपत्ति, जो फ्री होल्ड भूमि क्षेत्रफल 2 डिसमिल और मौजा–मझौलिया, खाता संख्या 627, चक संख्या 1326, थाना संख्या 854, थाना–सकरा, अंचल–सकरा, हल्का–मझौलिया, निबंधन कार्यालय–सकरा, जिला–मुजफ्फरपुर, बिहार में स्थित है। हैं और जो आवरित है: पूर्व: सड़क ढलुआ, पश्चिम: जनक प्रसाद, उत्तर: जनक प्रसाद, दक्षिण: सुंदर प्रसाद | जून 27,2024 | मई 21, 2026 | रु.14,65,089.77 |

स्थान: बिहार
तारीख: मई 27, 2026

प्राधिकृत अधिकारी
बंधन बैंक लिमिटेड

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# तरुणमित्र

श्रम ही आधार, सिर्फ खबरों से सरोकार

बुधवार, 27 मई 2026

विक्रम संवत्- 2083, ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष, एकादशी

## कमजोर होते ट्रम्प!

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में ईरान के साथ चल रहे युद्ध को समाप्त करने के लिए एक संभावित समझौते ने न केवल अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बहस छेड़ी है, बल्कि उनकी अपनी रिपब्लिकन पार्टी के अंदर भी गहरी दरार पैदा कर दी है। ट्रंप ने हाल ही में दावा किया कि समझौता 'लार्जली नेगोशिएटेड' हो चुका है, जिसमें स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को फिर से खोलना, ईरान द्वारा अत्यधिक समृद्ध यूरेनियम का स्टॉकपाइल सौंपना और सीजफायर शामिल है। परंतु हॉक्स (कठोर नीति समर्थक) सीनेटर इस पर खुलकर सवाल उठा रहे हैं। यह विभाजन केवल नीति का नहीं, बल्कि रिपब्लिकन पार्टी की वैश्विक रणनीति, इजराइल के साथ संबंध और मध्य पूर्व में अमेरिकी वर्चस्व का सवाल है। विभाजन के केंद्र में मुख्य मुद्दे हैं। पहला, परमाणु कार्यक्रम। ट्रंप प्रशासन का दावा है कि ईरान यूरेनियम स्टॉकपाइल सौंपेगा और परमाणु हथियार न बनाने का आश्वासन देगा। लेकिन सीनेटर टेड क्रूज, लिंडसे ग्राहम और टॉम कॉटन जैसे कट्टरपंथी गणतंत्रवादी इसे अपर्याप्त मानते हैं। वे पूर्ण डिसमेंटलिंग की समाप्ति, मिसाइल कार्यक्रम पर अंकुश और आतंकवाद समर्थन (प्रॉक्सी ग्रुप्स जैसे हिजबुल्लाह) को समझौते में शामिल करने की मांग कर रहे हैं। उनके अनुसार, मौजूदा रूप में यह ओबामा युग की छूट जैसी 'कमजोर डील' साबित होगी, जो ईरान को सांस लेने का मौका देगी और भविष्य में बड़ा खतरा खड़ा करेगी। ग्राहम ने चेतावाया कि इससे ईरान क्षेत्रीय रूप से प्रभुत्वशाली बनेगा और खाड़ी में तेल बुनियादी ढांचे को नष्ट करने की क्षमता बरकरार रखेगा। दूसरा मुद्दा सीजफायर और सैंक्शंस रिलीफ का है। कुछ रिपब्लिकन इसे व्यावहारिक कदम मानते हैं - युद्ध की लागत, तेल की कीमतों में उछाल और घरेलू थकान को देखते हुए। वे ट्रंप की 'अमेरिका फर्स्ट' नीति का हवाला देते हैं, जिसमें अनावश्यक युद्ध से बचना शामिल है। परंतु हॉक्स इसे ₹सरेंडर₹ करार दे रहे हैं। वे पूछ रहे हैं कि क्या ईरान को कोई राहत दी जाएगी, तो क्या वह फिर से परमाणु रास्ते पर लौटेगा? सीनेटर क्रूज ने इसे ट्रंप के दूसरे टर्म की सबसे महत्वपूर्ण कार्रवाई बताया और कहा कि अब रुकना नहीं चाहिए। तीसरा, इजराइल और क्षेत्रीय सहयोगी। इजराइल इस डील को 'क्षेत्र के लिए खराब' मान रहा है। रिपब्लिकन पार्टी में इजराइल समर्थक लॉबी मजबूत है। कई सांसद चिंतित हैं कि समझौता इजराइल की सुरक्षा से समझौता करेगा। साथ ही, युद्ध पावर रेजोल्यूशन पर भी पार्टी में विद्रोह हुआ है, जहां कुछ रिपब्लिकन सीनेटरों (जैसे लिसा मुर्कोवस्की, रैंड पॉल) ने ट्रंप की कार्रवाई पर अंकुश लगाने वाले प्रस्तावों का समर्थन किया। यह दशार्ता है कि पार्टी में आइसोलेशनिस्ट (युद्ध-विरोधी) और इंटरवेंशनिस्ट (हस्तक्षेपवादी) गुटों के बीच तनाव बढ़ रहा है। यह विभाजन ट्रंप के नेतृत्व की परीक्षा है। ट्रंप ने अतीत में ईरान पर सख्ती दिखाई थी ओवामा जैसी छूट से बाहर निकलना, कासिम सुलेमानी की हत्या। अब शांति की कोशिश उन्हें 'डीलमेकर' साबित कर सकती है, लेकिन अगर डील कमजोर साबित हुई तो पार्टी के हॉक्स उन्हें कमजोर ठहरा सकते हैं। मिडटर्म चुनावों के नजरिए से भी यह जोखिम भरा है, क्योंकि अमेरिकी जनता युद्ध की थकान महसूस कर रही है।सम्पादकीय दृष्टि से, यह फूट लोकतंत्र की ताकत है, लेकिन राष्ट्रीय सुरक्षा पर एकजुटता जरूरी है। ट्रंप को हॉक्स की चिंताओं को संबोधित करना चाहिए- मजबूत सत्यापन तंत्र, सैंक्शंस स्नैपबैक और इजराइल की चिंताओं का समाधान। ईरान जैसे दुश्मन के साथ कोई समझौता पूर्ण नहीं होता, लेकिन अंधा युद्ध भी समाधान नहीं। सच्ची जीत वह होगी जो ईरान की परमाणु महत्वाकांक्षा को स्थायी रूप से कुचल दे और अमेरिका-इजराइल गठबंधन को मजबूत करे। ट्रंप की पार्टी अगर इस मुद्दे पर एकजुट नहीं हुई, तो मध्य पूर्व में अमेरिकी विश्वसनीयता पर सवाल उठेंगे। समय है समझदारी का, न कि आंतरिक कलह का।

## क्या एआई मानवता के महाविनाश का कारण बनेगी?



ललित गर्ग

**कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई आज केवल एक तकनीकी उपलब्धि नहीं रह गई है, बल्कि वह मानव सभ्यता के भविष्य का निर्णायक मोड़ बनती जा रही है। जिस गति से यह तकनीक विकसित हुई है, उसने दुनिया को आश्चर्यचकित भी किया है और चिंतित भी।**

अभी तक विज्ञान और तकनीक मनुष्य के हाथों में उपकरण थे, किंतु कृत्रिम बुद्धिमत्ता पहली ऐसी शक्ति है जो निर्णय लेने, सीखने, विश्लेषण करने और सृजन करने की क्षमता के साथ स्वयं को निरंतर विकसित कर रही है। यही कारण है कि विश्व के प्रमुख धर्मगुरु, वैज्ञानिक और नीति-निर्माता इसके खतरों को लेकर गंभीर चेतावनियां दे रहे हैं।

हाल ही में वर्तमान पोप लियो चौदहवें द्वारा कृत्रिम बुद्धिमत्ता के संदर्भ में व्यक्त की गई चिंताएं अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि युद्ध को नैतिक नहीं बनाया जा सकता और कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित युद्ध प्रणाली मानवता के लिए गंभीर खतरा बन सकती है। यह चेतावनी केवल धार्मिक दृष्टि नहीं, बल्कि मानवीय अस्तित्व की रक्षा का प्रश्न है। दुनिया को इसे गंभीरता से लेने की आवश्यकता है।

पोप ने सामाजिक और वैश्विक मुद्दों पर जारी अपने आधिकारिक संदेश में एआई को मानवता के समक्ष उभरती सबसे गंभीर चुनौतियों में से एक बताया। उन्होंने विशेष रूप से इस बात पर चिंता व्यक्त की कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता केवल तकनीकी परिवर्तन का माध्यम नहीं रह गई है, बल्कि यह युद्ध, राजनीति, अर्थव्यवस्था और सामाजिक संरचना को प्रभावित करने वाली शक्ति बनती जा रही है। उन्होंने दुनिया को चेताया कि तकनीक का उद्देश्य मनुष्य पर प्रभुत्व स्थापित करना नहीं, बल्कि उसकी सेवा करना होना चाहिए। उनका संदेश मानव-केंद्रित विकास की अवधारणा को बल देता है, जिसमें विज्ञान और तकनीक को नैतिकता, मानवीय गरिमा और करुणा के अधीन रखा जाए।

पोप की यह चेतावनी केवल धार्मिक दृष्टिकोण नहीं है, बल्कि एक वैश्विक मानवीय आह्वान है कि एआई की अंधी दौड़ में मानवता, संवेदना और नैतिकता का क्षरण न होने दिया जाए। आज जब महाशक्तियां एआई के माध्यम से प्रभाव और नियंत्रण की प्रतिस्पर्धा में लगी हैं, तब पोप का यह संदेश विश्व समुदाय को संयम, उत्तरदायित्व और मानवीय मूल्यों की ओर लौटने का मार्ग दिखाता है। पोप ने स्पष्ट कहा कि कोई भी एल्गोरिद्म युद्ध को नैतिक नहीं बना सकता और तकनीक को मानव विवेक का विकल्प नहीं बनने दिया जा सकता। पोप ने चर्च के सामाजिक सरोकारों से जुड़े अपने इस आधिकारिक पत्र में पहली बार एआई को प्रमुख विषय बनाया, जो इस बात का संकेत है कि इसका प्रभाव केवल तकनीकी क्षेत्र तक सीमित नहीं रहा, बल्कि मानव जीवन, समाज और वैश्विक व्यवस्था को व्यापक रूप से प्रभावित कर रहा है। उन्होंने विशेष रूप से एआई आधारित स्वायत्त हथियार प्रणालियों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यदि इस तकनीक को पूर्णतः मानवीय नियंत्रण में नहीं रखा गया तो यह युद्ध, शोषण और दासता के नए रूपों को जन्म दे सकती है। पोप ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता को 'निरस्त्र' करने का आह्वान करते हुए उसका आशय तकनीक का विरोध नहीं, बल्कि उसके अनियंत्रित और अमानवीय उपयोग पर रोक लगाना बताया। उनका कहना था कि युद्ध और शांति से जुड़े निर्णय अंततः नैतिकता, करुणा और विवेक पर आधारित होने चाहिए, उन्हें मशीनों के हवाले नहीं किया जा सकता। आज जब अमेरिका, चीन और अन्य महाशक्तियां कृत्रिम बुद्धिमत्ता की होड़ में लगी हैं और युद्ध तकनीकों में इसका उपयोग बढ़ रहा है, तब पोप का यह संदेश मानवता के लिए एक नैतिक दिशा-सूचक के रूप में सामने आया है कि तकनीक मनुष्य की सेवक बने, स्वामी नहीं; और विकास का केंद्र मानव गरिमा, संवेदना तथा विश्वशांति ही रहे।

निश्चित रूप से कृत्रिम बुद्धिमत्ता ने शिक्षा, चिकित्सा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, बैंकिंग, व्यापार, प्रशासन और संचार के क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन किए हैं। रोगों के निदान से लेकर वित्तीय प्रबंधन तक और शिक्षा से लेकर अनुसंधान तक, इसकी उपयोगिता निर्विवाद है। लेकिन हर तकनीकी क्रांति अपने साथ संकट भी लाती है। आज वही संकट स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। सबसे बड़ा संकट रोजगार का है।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता ने लाखों लोगों के कार्यों को प्रतिस्थापित करना शुरू कर दिया है। ग्राहक सेवा, लेखन, अनुवाद, लेखांकन, सूचना प्रबंधन, प्रोग्रामिंग और कार्यालयी कार्यों में मनुष्य की आवश्यकता तेजी से घट रही है। मशीनें कम लागत, अधिक गति और निरंतर कार्य क्षमता के कारण मनुष्य का स्थान ले रही हैं।

इससे केवल बेरोजगारी नहीं बढ़ेगी, बल्कि सामाजिक असंतुलन और आर्थिक विषमता भी गहराएगी। जिन देशों और कंपनियों के पास कृत्रिम बुद्धिमत्ता का नियंत्रण होगा, आर्थिक शक्ति भी उन्हीं के हाथों में केंद्रित हो जाएगी। इससे विश्व व्यवस्था में असमानता का नया स्वरूप उभरेगा। इससे भी अधिक गंभीर प्रश्न वैश्विक सुरक्षा का है। आज अमेरिका, चीन और अन्य महाशक्तियां कृत्रिम बुद्धिमत्ता की होड़ में लगी हुई हैं।

यह प्रतिस्पर्धा केवल तकनीकी श्रेष्ठता तक सीमित नहीं है, बल्कि वैश्विक प्रभुत्व का नया संघर्ष बन चुकी है। जैसे कभी परमाणु हथियारों और घातक अस्त्र-शस्त्रों के माध्यम से शक्ति संतुलन स्थापित हुआ था, वैसे ही अब कृत्रिम बुद्धिमत्ता भविष्य की सामरिक शक्ति बन रही है।

स्वायत्त हथियार प्रणाली, बुद्धिमान ड्रोन और बिना मानवीय हस्तक्षेप के निर्णय लेने वाली युद्ध तकनीकें मानवता के लिए भयावह संकेत हैं। यदि युद्ध का निर्णय मशीनों के हाथों में चला गया तो संवेदना, विवेक और नैतिकता समाप्त हो जाएगी। मशीनों के लिए मानव जीवन केवल आंकड़े होंगे। ऐसी स्थिति महाविनाश की संभावना को जन्म दे सकती है। पोप की यह चेतावनी इसी संदर्भ में अत्यंत प्रासंगिक है कि युद्ध का अंतिम निर्णय मानव विवेक के अधीन रहना चाहिए।

साइबर सुरक्षा भी कृत्रिम बुद्धिमत्ता के कारण नई चुनौतियों से घिर गई है। बैंकिंग व्यवस्था, विद्युत तंत्र, रक्षा नेटवर्क और संचार प्रणाली आज डिजिटल माध्यमों पर निर्भर हैं। एआई आधारित साइबर हमले किसी भी राष्ट्र को कुछ घंटों में अस्थिर कर सकते हैं। झूठे संदेश, भ्रामक वीडियो, कृत्रिम चित्र और आवाजों के माध्यम से सामाजिक तनाव उत्पन्न किए जा सकते हैं। सत्य और असत्य का अंतर मिटने लगा है।

यह सूचना तंत्र और लोकतंत्र दोनों के लिए गंभीर संकट है। एआई का एक और चिंताजनक पक्ष है-मानवीय नियंत्रण का कमजोर पड़ना। वैज्ञानिक समुदाय का एक वर्ग मानता है कि भविष्य में ऐसी बुद्धिमत्ता विकसित हो सकती है जो मनुष्य की क्षमता से कई गुना आगे निकल जाए। यदि ऐसा हुआ तो नियंत्रण का प्रश्न सबसे बड़ा संकट बनेगा। यह केवल तकनीकी विषय नहीं, बल्कि मानव अस्तित्व का प्रश्न होगा।

भारत के लिए यह विषय और अधिक महत्वपूर्ण है। भारत युवा शक्ति, विशाल जनसंख्या और तेजी से विकसित होती अर्थव्यवस्था वाला देश है।

यदि एआई को बिना स्पष्ट नीति और नियंत्रण के बढ़ने दिया गया तो रोजगार, शिक्षा और सामाजिक संरचना पर व्यापक प्रभाव पड़ सकता है। भारत को विकास और नियंत्रण दोनों के बीच संतुलन बनाना होगा। एआई को रोकना समाधान नहीं है, लेकिन इसे मानवीय मूल्यों, नैतिकता और सामाजिक उत्तरदायित्व के अधीन रखना अनिवार्य है।

ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

## मौत के मुंह में धकेलती नकली दवाएं



डॉ. ओपी त्रिपाठी

अगर आप डॉक्टर की बताई मात्रा और सही समय पर दवाइयां ले रहे हैं और आपकी तबीयत में सुधार नहीं हो रहा है तो फिर आप जो दवा ले रहे हैं वो नकली हो सकती है। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि भारत में हर चौथी दवा नकली है। बुखार, शुगर, ब्लड प्रेशर, पेन किलर से लेकर कैंसर तक की घटिया या नकली दवाएं मार्केट में हैं। कई नामी देसी-विदेशी कंपनियों के नाम की ये दवाइयां बिक रही हैं। देश में बनने वाली अंग्रेजी दवाएं पिछले कुछ सालों से अपनी गुणवत्ता को लेकर सवालों के घेरे में हैं।

देश में आये दिन घटिया और नकली दवाओं के जखीरे पकड़े जा रहे है जो साबित करते है आमजन का स्वास्थ्य खतरे में है। ताजा मामला राजस्थान के कोटा के न्यू मेडिकल कॉलेज अस्पताल में डिलीवरी के बाद चार महिलाओं की मौत का है। इस घटना के बाद हुई जांच में पता चला है कि महिलाओं को प्रसव के दौरान ब्लीडिंग रोकने के लिए जो ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन दिया गया था, उसकी एक खेप पूरी तरह नकली थी। ड्रग कंट्रोल विभाग की जांच रिपोर्ट के अनुसार, इस इंजेक्शन में वह एक्टिव इंग्रीडिएंट मौजूद ही नहीं था, जो प्रसव के बाद खून बहने से रोकने के लिए जरूरी होता है। मृत महिलाओं को भी इसी प्रभावित बैच का इंजेक्शन लगाया गया था।

हालांकि, अस्पताल प्रशासन ने अभी महिलाओं की मौत का सीधा संबंध इस नकली इंजेक्शन से होने से इनकार किया है और मामले की जांच के लिए विशेषज्ञों की एक कमेटी गठित की है। असल में यह संकट केवल एक इंजेक्शन तक सीमित नहीं है। पिछले दस दिनों के भीतर राजस्थान में बिक रही बुखार, एलर्जी, एंटीबायोटिक, पेट संक्रमण और इमरजेंसी दर्द निवारक समेत कुल 11 दवाइयों के सैंपल जांच में फेल पाए गए हैं। ये दवाइयां राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, आंध्र प्रदेश, गुजरात, उत्तराखंड, दिल्ली और महाराष्ट्र की विभिन्न कंपनियों में बनाई जा रही थीं। विभाग अब इन सभी संबंधित कंपनियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की तैयारी कर रहा है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि सरकारी अस्पतालों में दवाओं की नियमित और कड़ी जांच बेहद जरूरी है, क्योंकि ऐसी लापरवाही सीधे मरीजों की जान से खिलवाड़ है। बीते साल भी राजस्थान और मध्य प्रदेश सहित कई राज्यों में कफ सिरप से बच्चों की मौत के बाद दवा बाजार को लेकर भूचाल उठ खड़ा हुआ था।

वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन का दावा है कि दुनिया में नकली दवाओं का कारोबार 200 बिलियन डॉलर यानी करीब 16,60,000 करोड़ रुपये का है। नकली दवाएं 67 फीसदी जीवन के लिए खतरा होती हैं। बची हुई दवाएं खतरनाक भले ही ना हों, लेकिन उनमें बीमारी ठीक करने वाला साल्ट नहीं होता है, जिस वजह से मरीज की तबीयत ठीक नहीं होती है। आखिरकार मर्ज बिगड़ता चला जाता है, जिससे वह मौत के मुंह तक चला जाता है। नकली या घटिया दवाओं के एक्सपोर्ट और इंपोर्ट का भारत दुनिया का चौथा सबसे बड़ा बाजार है। एसोचैम की एक स्टडी के मुताबिक, भारत में 25 फीसदी दवाएं नकली या घटिया हैं। भारतीय मार्केट में इनका कारोबार 352 करोड़ रुपये का है।

तेलंगाना में 2024 में करोड़ों की नकली या घटिया दवाइयां पकड़ी गईं। तेलंगाना ड्रग्स कंट्रोल एडमिनिस्ट्रेशन की जांच में खुलासा हुआ कि नामी कंपनियों के नाम से बनी इन दवाइयों में चाक पाउडर या स्टार्च था। इसी साल उत्तराखंड में भी कई दवा कंपनियों के सैंपल जांच में खरे नहीं उतरे तो उनका लाइसेंस कैंसल किया गया। यह सभी दवाइयां उत्तराखंड में बन रही थीं। इसी तरह आगरा के मोहम्मदपुर में 2024 में नकली दवा बनाने वाली फैक्ट्री पकड़ी गई। पुलिस ने 80 करोड़ रुपये की नकली दवाएं पकड़ी थीं। इसमें कैंसर, डायबिटीज, एलर्जी, स्लीपिंग पिल्स और एंटीबायोटिक्स दवाएं शामिल थीं। इसी तरह देश के कई राज्यों में छापेमारी कर नकली दवाओं की खेप पकड़ी गई। इससे पहले कोविड-19 के समय भी देश भर में नकली रेमडेसिवीर के इंजेक्शन सप्लाई करने के मामले तक सामने आए थे। बीते साल भी यूपी के आगरा और अन्य शहरों से नकली दवाओं की बड़ी खेप प्रशासन ने पकड़ी थी। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने भी कई ऑपरेशन में पिछले सालों में दिल्ली-एनसीआर में चल रहे कई सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया। गाजियाबाद के लोनी स्थित ट्रोनिका सिटी में नकली दवाओं का गोदाम पकड़ा, जिसका मास्टरमाइंड एक डॉक्टर निकला। ये सोनीपत के गन्नौर स्थित फैक्ट्री में भारत, अमेरिका, इंग्लैंड, बांग्लादेश और श्रीलंका की 7 बड़ी कंपनियों के 20 से ज्यादा ब्रैंड की नकली दवा तैयार कर रहे थे।

ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

## पवन और सौर ऊर्जा संयंत्रों ने रोकी शर्मीले गोडावण की उड़ान



प्रकाश चंद्र शर्मा

राजस्थान के शुष्कघासीय और मरुस्थलीय जिलों में पाया जाने वाला शमीर्ला पक्षी गोडावण सरकारी स्तर पर राज्य पक्षी घोषित होने के बावजूद संकट में है। राजस्थान के पश्चिमी जिलों में विभिन्न कम्पनियों द्वारा लगाए गए पवन और सौर ऊर्जा संयंत्र उडने वाले पक्षियों में विश्व में सबसे भारी इस पक्षी की स्वैच्छिक उड़ान में सबसे अधिक बाधा उत्पन्न कर रहे हैं।

पहले यह पक्षी पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक, आंध्रप्रदेश, ओडिशा आदि कुछ राज्यों के घास के मैदानों में व्यापक रूप से पाया जाता था किंतु अब यह पक्षी बहुत कम जनसंख्या के साथ राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश, कर्नाटक और संभवतः मध्यप्रदेश राज्यों में ही पाया जाता है। आईयूसीएन की संकटग्रस्त प्रजातियों पर प्रकाशित होने वाली लाल डाटा पुस्तिका में इसे 'गंभीर रूप से संकटग्रस्त' श्रेणी में तथा भारतीय वन्यजीव संरक्षण अधिनियम- 1972 की अनुसूची-1 में रखा गया है।

इस विशाल पक्षी को बचाने के लिए राजस्थान सरकार ने एक प्रोजेक्ट शुरू किया था। इस प्रोजेक्ट का विज्ञापन ₹मेरी उड़ान न रोकें₹ जैसे मार्मिक वाक्यांश से किया गया है। भारत सरकार के वन्यजीव निवास के समन्वित विकास के तहत किये जा रहे 'प्रजाति रिकवरी कार्यक्रम के अंतर्गत चयनित 17 प्रजातियों में गोडावण भी सम्मिलित है। राजस्थान में यह जैसलमेर के मरू उद्यान, सोरसन (बारां) व अजमेर के शोकलिया क्षेत्र में पाया जाता है। यह पक्षी अत्यंत ही शर्मिला है और सघन घास में रहना इसका स्वभाव है। यह पक्षी 'सोन चिरैया', 'सोहन चिडिया' तथा 'शर्मिला पक्षी' के उपनामों से भी प्रसिद्ध है। गोडावण का अस्तित्व वर्तमान में खतरे में है तथा इसकी बहुत ही कम संख्या बची हुई है अर्थात यह प्रजाति विलुप्ति की कगार पर है। राजस्थान में अवस्थित राष्ट्रीय मरु उद्यान में गोडावण की घटती संख्या को बढ़ाने के लिये आगामी प्रजनन काल में सुरक्षा के समुचित प्रबंध किए गए हैं। राष्ट्रीय मरु उद्यान (डेजर्ट नेशनल पार्क) 3162 वर्ग किमी. में फैले इस पार्क में बाडमेर जिले के लगभग 20 से 25 ग्राम पंचायतों में 59 ग्राम और जैसलमेर के लगभग 12 से 15 ग्राम पंचायतों में 39 ग्राम पूर्ण व आंशिक रूप से सम्मलित है। उक्त गांवों की कुल जनसंख्या (वर्ष 2011 की जनगणना अनुसार) 71710 व पशुधन की संख्या लगभग 448000 है। क्षेत्रफल की दृष्टि से यह राजस्थान का सबसे बड़ा अभयारण्य है। इसकी स्थापना वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के अर्न्तगत वर्ष 1980-81 में की गई थी।

राजस्थान में सर्वाधिक संख्या में गोडावण पक्षी इसी उद्यान में पाए जाते हैं। इसलिये इस अभयारण्य क्षेत्र को गोडावण की शरणस्थली भी कहा जाता है। अभयारण्य में वानस्पतिक विविधता में कुल 245 प्रजाति के पेड़ पौधे, झाड़ी व विविध प्रजातियों की घास शामिल हैं। यहाँ पर मूलरूप से झरवेरी, खेजड़ी, जाल, केर, बड़बेर, आक, फोग, खींप तथा घास में सेवण व धामन मुख्य रूप से मौजूद हैं। वन्यजीवों में भी रेगिस्तानी प्रजातियों के वन्यप्राणी व पक्षी बहुतायत में पाए जाते हैं। यहां कुल 32 प्रजाति के स्तनधारी जीव, 40 प्रजाति के सरीसृप व 100 से अधिक प्रजाति के पक्षी पाए जाते हैं। मुख्य रूप से चिंकारा, रेगिस्तानी लोमड़ी, सामान्य लोमड़ी, रेगिस्तानी बिल्ली, लिजार्ड, सांडा, वाइपर सांप, करैत सांप आदि के अलावा पक्षियों में दुर्लभ प्रजाति का पक्षी गोडावण व तिलोर के अतिरिक्त लुप्तप्राय पक्षी जैसे गिद्ध व बाज भी पाए जाते हैं। रेगिस्तान के विपरीत माहौल में भी रहने वाले वन्य जीवों के बारे में वैसे तो समय-समय पर विभाग द्वारा विस्तृत जानकारी ली जाती है। प्रदेश के वन्य जीव प्रेमियो द्वारा भी कई बार केंद्र व राज्य सरकार को ज्ञापन देकर राज्य पक्षी गोडावण बचाने की अपील भी की गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि गोडावण को राज्य सरकार ने राज्य पक्षी घोषित कर रखा है लेकिन उसको बचाने और संरक्षण के लिए सरकार के पास कोई योजना नहीं है। जैसलमेर, बाड़मेर के मरुस्थलीय इलाकों में बड़ी-बड़ी कंपनियों को सोलर पार्क विकसित करने के लिए रियायती दरों पर भूमि दी जा रही है। इन सोलर प्लांटों की वजह से आए दिन गोडावण दुर्लभ पक्षियों की मृत्यु हो रही है। चूंकि गोडावण अन्य पक्षियों के मुकाबले में आकार में बड़ा होता है इसलिए बिजली के करंट की चपेट में जल्दी आता है। बड़ी कंपनियां लगातार सोलर प्लांट लगा रही हैं लेकिन वन्य पक्षियों के बचाव के लिए कोई उपाय नहीं कर रही है। ताजा जानकारी के अनुसार राज्य पक्षी गोडावण विश्व के दुर्लभतम पक्षियों में से एक है जो कि लुप्त होने के कगार पर है। भारत में इसकी बची हुई आबादी लगभग 150 पक्षियों में से अधिकतम राजस्थान के थार क्षेत्र में स्थित राष्ट्रीय मरु उद्यान एवं उसके आस-पास के क्षेत्रों में पाए जाते हैं। डेजर्ट नेशनल पार्क और अन्य महत्वपूर्ण गोडावण निवास क्षेत्रों में गोडावण की वैज्ञानिक जनगणना वर्ष 2017 में कि गई थी। और गोडावण की जनसंख्या 128 पाई गई थी। गोडावण वन्यजीव संरक्षण अधिनियम-1972 के शिड्यूल-1 का प्राणी है। गोडावण पक्षी प्राकृतिक रूप से धीमी गति के प्रजनन करने वाले पक्षी है जो कि अमूमन साल में मात्र एक अंडा देते हैं। और ये अकाल के समय अंडा नहीं देते हैं। यह पक्षी बिना घोंसला बनाए जमीन पर खुले में अंडा देता है। जिस कारण अंडे को परभक्षियों से अधिक खतरा रहता है। इसके अतिरिक्त हाईटेंशन लाइन से टकराकर मृत्यु होना गोडावण की संख्या कम होने का एक प्रमुख कारण बन कर उभर रहा है। ऐसे में इस राज्य पक्षी को बचाने की सख्त जरूरत है। साथ ही सोलर प्लांट लगाने वाली कंपनियों को पाबंद किया जाए कि वे अपने प्लांट परिसर में वन्यजीवों को बचाने के लिए उपाय करें।

एक समय था, जब राजस्थान की पहचान वन क्षेत्र में गोडावण से होती थी लेकिन आज प्रदेश के अधिकांश जिलों में गोडावण की संख्या शून्य हो गई है। अब थोड़े बहुत गोडावण पक्षी बाड़मेर, जैसलमेर के मरुस्थलीय क्षेत्रों में रह रहे हैं। यहां भी सोलर प्लांट और पवन चक्कियों के पंखों की वजह से गोडावण की संख्या लगातार घट रही है।

खुश खबरः राजस्थान में राज्य पक्षी ग्रेट इंडियन बस्टर्ड (गोडावण) के संरक्षण अभियान को हाल के महीनों में बड़ी सफलता मिली है। जैसलमेर के रामदेवरा और सम स्थित ब्रीडिंग सेंटरों में वर्ष 2026 में अब तक 11 से अधिक नए चूजों का जन्म हुआ है। इसके बाद संरक्षण केंद्रों में गोडावणों की कुल संख्या लगभग 79 से 82 तक पहुंच गई है। विशेषज्ञों के अनुसार, गोडावण दुनिया के सबसे संकटग्रस्त पक्षियों में शामिल है और इसकी जंगली आबादी लगातार घट रही थी। इसी कारण राजस्थान सरकार, वन विभाग और वाइल्डलाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया मिलकर 'कैप्टिव ब्रीडिंग प्रोग्राम' चला रहे हैं। इस कार्यक्रम में प्राकृतिक प्रजनन के साथ-साथ आर्टिफिशियल इन्सेमिनेशन (अक) तकनीक का भी उपयोग किया जा रहा है।

सरकार की ओर से प्रमुख उपायों में जैसलमेर के डेजर्ट नेशनल पार्क क्षेत्र में विशेष संरक्षण केंद्र स्थापित करना, अंडों को सुरक्षित रखकर चूजों का पालन-पोषण करना, बिजली लाइनों से होने वाली मौतों को रोकने के प्रयास तथा भविष्य में तैयार पक्षियों को प्राकृतिक आवास में छोड़ने की योजना शामिल है। वन विभाग का कहना है कि यह परियोजना अब सकारात्मक परिणाम देने लगी है और आने वाले वर्षों में गोडावण की संख्या बढ़ने की उम्मीद है।

ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

## आज का राशिफल

**मेष-** अपने काम को प्राथमिकता से करें। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। स्वभाव में सौम्यता आपकी मदद करेगी।

**वृष-** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है।

**मिथुन-** जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। मायूस न हो समय चक्र हैं। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शत्रुभय, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे।

**कर्क-** परिवार में मांगलिक कार्यों का आयोजन होगा। वैवाहिक जीवन में प्रेम-प्रीति बढ़ेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। राजकीय सम्मान प्राप्त होने के योग हैं। अपना कार्य स्वयं करें।

**सिंह-** नये लोगों से मेल-मिलाप भविष्य में लाभदायक सिद्ध होगा। घर तथा व्यावसाय को एक-दूसरे से दूर ही रखें। व्यापारिक संबंधों में प्रगति के योग हैं। स्थान परिवर्तन की संभावना हैं।

**कन्या-** धन के लेन-देन में सतर्क रहें। बातचीत में संयम बरतें। मन में चंचलता बढ़ेगी। भावुकतावश निर्णय न लें। कर्ज देने से बचें। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी।

**तुला-** सरकारी पक्ष से पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल रहेगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। पुराना विवाद समाप्त होगा। आर्थिक मजबूती हेतु मन केन्द्रित होगा।

**वृश्चिक-** उत्साह में वृद्धि होगी। आलस्य का त्याग करें। नये आय के स्त्रोत बनेंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी।

**धनु-** लेन-देन में स्पष्टता बनाये रखें। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पैतृक सम्पत्ति से लाभ।

**मकर-** आज की सुविधा कल नहीं मिल पायेगी, लाभ उठाएं। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी।

**कुंभ-** अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। नौकरी के क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मीन-** व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। कारोबारी यात्रा सफल होगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व लाभ मिलेगा।

पं0 सुभाष पाण्डेयः हस्तरेखा विशेषज्ञ, मो. 8808052918

## सूडोकु नवताल- 7807

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | 8 | 5 | | |
| | 1 | | | | | | 2 | |
| | | 2 | | | | | | 8 |
| | | | 4 | | | | | 9 |
| 6 | | | | 5 | | | | 1 |
| 2 | | | | | 3 | | | |
| 5 | | | | | | 3 | | |
| | 8 | | | | | | 6 | |
| | | 4 | 9 | 1 | | | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7806 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 6 | 7 | 9 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 3 | 1 | 5 | 2 | 8 | 6 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 6 | 1 | 5 | 4 | 2 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 7 | 9 | 3 | 8 | 1 | 4 | 2 |
| 9 | 3 | 1 | 4 | 7 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 2 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 9 | 3 |
| 1 | 9 | 2 | 3 | 4 | 7 | 6 | 5 | 8 |
| 5 | 7 | 3 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 4 |
| 8 | 6 | 4 | 5 | 2 | 9 | 3 | 1 | 7 |

# रक्सौल सूर्य मंदिर तालाब में मिला शिवलिंग,उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

## हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजा मंदिर परिसर, पूजा-अर्चना शुरू

**पूर्वी चंपारण, 26 मई (तरुणमित्र)।** जिले के रक्सौल शहर के मुख्य पथ स्थित ऐतिहासिक सूर्य मंदिर परिसर मंगलवार को अचानक आस्था और भक्ति के विराट केंद्र में तब्दील हो गया, जब तालाब के जीर्णोद्धार एवं सफाई कार्य के दौरान एक प्राचीन शिवलिंग प्राप्त हुआ।

शिवलिंग मिलने की खबर फैलते ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी और पूरा वातावरण हर-हर महादेव तथा जय शिव शंकर के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। मंदिर समिति के सदस्यों एवं श्रद्धालुओं ने अत्यंत श्रद्धा के साथ शिवलिंग को कंधे पर



उठाकर मंदिर परिसर तक पहुंचाया। इसके बाद विधिवत पूजा-अर्चना प्रारंभ कर दी गई। श्रद्धालु का लगातार दर्शन एवं पूजन के लिए मंदिर परिसर में आना जारी है। मंदिर परिसर में श्रद्धा, भक्ति, आस्था एवं उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। उल्लेखनीय है,कि बीते सप्ताह इसी सूर्य मंदिर तालाब की सफाई के दौरान लगभग 11 किलो वजनी दुर्लभ कछुआ मिला था, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं।कई श्रद्धालु उसे भगवान विष्णु के कूर्म अवतार से जोड़कर आस्था प्रकट कर रहे हैं। ऐसे में एक सप्ताह के भीतर शिवलिंग मिलने की घटना ने श्रद्धालुओं की भावनाओं को और अधिक प्रगाढ़ कर दिया है।

मंदिर के मुख्य पुजारी पं. आमोद मिश्र ने कहा कि सूर्य मंदिर परिसर सदियों से श्रद्धा एवं आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र रहा है। शिवलिंग का मिलना इस स्थल की दिव्यता और धार्मिक महत्ता को दशार्ता है। वहीं मंदिर समिति के सचिव शम्भु प्रसाद चौरसिया एवं मीडिया प्रभारी रजनीश प्रियदर्शी ने संयुक्त रूप से कहा कि एक सप्ताह के भीतर दुर्लभ कछुआ और अब शिवलिंग का मिलना साधारण घटना नहीं मानी जा सकती। यह स्थल भगवान शिव एवं भगवान विष्णु की विशेष कृपा और आस्था का अद्भुत केंद्र बन चुका है। मौके पर समिति के सदस्य गणेश अग्रवाल, राजू गुप्ता, अरूण कुमार गुप्ता, पप्पू गिरि, सुरेश कुमार, गुड्डू खेतान, पवन किशोर कुशवाहा, संजय गुप्ता, कमलेश कुमार, दीपक कुमार गुप्ता, आनंद रूँगटा, विमल रूँगटा एवं अनिल कुमार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित है।

# कोसी तटबंध के भीतर अवैध बालू खनन पर कार्रवाई, जेसीबी जब्त कर 10 लाख का जुर्माना

**सुपौल, 26 मई (तरुणमित्र)।** जिले के किशनपुर प्रखंड में कोसी तटबंध के अंदर जारी अवैध बालू खनन के खिलाफ खनन विभाग ने सख्त कदम उठाया है। नौआबाखर गांव में चलाए गए विशेष अभियान के दौरान एक जेसीबी मशीन जब्त की गई, जबकि कई ट्रैक्टर मौके से फरार हो गए। खनन निरीक्षक मो. सहबाज अहमद के नेतृत्व में हुई इस छापेमारी में टीम ने देखा कि तटबंध के भीतर बड़े पैमाने पर बालू निकासी की जा रही थी। कार्रवाई के दौरान अवैध खनन में इस्तेमाल हो रही जेसीबी मशीन को कब्जे में लेकर स्थानीय थाना को सौंप दिया गया। विभाग के अनुसार जब्त जेसीबी का रजिस्ट्रेशन नंबर बीआर



01 जीसी 2249 है। अवैध खनन में संलिप्त पाए जाने पर वाहन मालिक पर खनन अधिनियम के तहत 10 लाख रुपये का आर्थिक दंड लगाया गया है। जुमार्ने की राशि जमा होने के बाद ही वाहन को रिलीज किया जाएगा। खनन विभाग ने बताया कि कोसी तटबंध के अंदर लगातार हो रहे अवैध बालू उठाव से नदी और तटबंध दोनों की सुरक्षा पर असर पड़ सकता है। खासकर बारिश और बाढ़ के मौसम में इससे खतरा बढ़ने की आशंका रहती है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि जिले में अवैध खनन के खिलाफ नियमित अभियान जारी है। हर महीने कई ट्रैक्टर और मशीनों पर कार्रवाई की जा रही है ताकि बालू माफियाओं पर लगाम लगाई जा सके।

वहीं किशनपुर थानाध्यक्ष ज्ञान रंजन कुमार ने बताया कि जब्त जेसीबी को थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है और आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है।

# सुपौल में वज्रपात से युवक की मौत

**सुपौल, 26 मई (तरुणमित्र)।** जिले के वीरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत हृदयनगर पंचायत में सोमवार देर रात दर्दनाक हादसे में एक युवक की जान चली गई। आकाशीय बिजली गिरने से वार्ड संख्या-01 निवासी 26 वर्षीय जीवन पासवान की मौत हो गई। घटना के बाद गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है।बताया जा रहा है कि सोमवार शाम से इलाके में तेज आंधी, बारिश और लगातार मेघ गर्जन हो रही थी।

इसी बीच खेत में सुखाए गए मक्के में पानी भर जाने की आशंका पर जीवन पासवान घर से बाहर निकला। रात करीब नौ बजे वह खेत की ओर गया था। तभी अचानक तेज चमक के साथ वज्रपात हुआ और वह उसकी चपेट में आ गया।घटना के समय आसपास मौजूद लोग खराब मौसम को देखते हुए सुरक्षित स्थानों पर चले गए थे।

स्थानीय लोगों के अनुसार, जीवन को भी बाहर नहीं जाने की सलाह दी गई थी, लेकिन वह मोबाइल की रोशनी में खेत और घर के बीच रास्ते से गुजर रहा था। इसी दौरान बिजली सीधे उसके ऊपर गिर गई।वज्रपात इतना तेज था कि युवक का मोबाइल क्षतिग्रस्त हो गया और शरीर का हिस्सा गंभीर रूप से झुलस गया। हादसे के बाद ग्रामीणों और परिजनों ने उसे तत्काल ललित नारायण अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।सूचना मिलने पर वीरपुर थाना पुलिस अस्पताल पहुंची और कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए सुपौल सदर अस्पताल भेज दिया।स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने बताया कि मृतक बेहद गरीब परिवार से था। उसकी शादी वर्ष 2018 में हुई थी और पीछे पत्नी समेत तीन छोटे बच्चे हैं। परिवार के सामने अब गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।मंगलवार को बसंतपुर अंचलाधिकारी हेमंत कुमार पीड़ित परिवार के घर पहुंचे और सरकारी सहायता दिलाने का भरोसा दिया। प्रशासन की ओर से आपदा राहत मद से मुआवजा देने की प्रक्रिया शुरू करने की बात कही गई है।

### बैटरीचालित ट्राईसाइकिल योजना के लिए प्राप्त आवेदनों की समीक्षा

**सुपौल, 26 मई (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी, सुपौल की अध्यक्षता में आयोजित स्क्रीनिंग कमिटी की बैठक कि गई। बैठक में जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कार्यालय अन्तर्गत दिव्यांगजनों के लिए बैटरीचालित ट्राईसाइकिल योजना के लिए प्राप्त आवेदनों की समीक्षा कर 104 दिव्यांगजनों को बैटरी चालित ट्राईसाइकिल प्रदान किए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई। इस योजना के अन्तर्गत बिहार राज्य के 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके वैसे दिव्यांगजनों को बैटरी चालित ट्राईसाइकिल प्रदान किया जाता है, जिनकी लोको मोटर अर्थात चलन्त दिव्यांगता 40 प्रतिशत या इससे अधिक हो।

# बकरीद को लेकर सुगौली थाना में शांति समिति की बैठक

**सुगौली, पू.च:, 26 मई (तरुणमित्र)।** आगामी बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर सोमवार को सुगौली थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीपीओ दिलीप कुमार ने की। इस दौरान अंचल पुलिस निरीक्षक संजीव मौआर, थानाध्यक्ष अनीश कुमार सिंह सहित जनप्रतिनिधि, बुद्धिजीवी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं विभिन्न समुदायों के लोग मौजूद रहे। बैठक में त्योहार के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने, अफवाहों से बचने तथा प्रशासन को सहयोग करने पर विशेष चर्चा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए एसडीपीओ दिलीप कुमार ने कहा



कि बकरीद आपसी भाईचारे और कुबार्नी का पर्व है। सभी लोग शांति एवं सौहार्द के साथ त्योहार मनाएं। उन्होंने कहा कि प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और किसी भी तरह की गड़बड़ी फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सोशल मीडिया पर भ्रामक या आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों पर भी पुलिस की पैनी नजर रहेगी। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की।

अंचल पुलिस निरीक्षक संजीव मौआर ने कहा कि पर्व के दौरान संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जाएगी। पुलिस बल की तैनाती के साथ लगातार गश्ती अभियान चलाया जाएगा ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो सके। उन्होंने सभी समुदायों से आपसी समन्वय बनाए रखने की अपील की।थानाध्यक्ष अनीश कुमार सिंह ने कहा कि थाना पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है। पर्व के दौरान शांति व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से प्रशासन का सहयोग करने तथा भाईचारे के साथ बकरीद मनाने की अपील की।

# सुपौल में 104 दिव्यांगजनों को मिलेगी बैटरी चालित ट्राईसाइकिल, डीएम ने प्रचार-प्रसार तेज करने का दिया निर्देश

**सुपौल, 26 मई (तरुणमित्र)।** जिले के दिव्यांगजनों के लिए राहत और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मंगलवार को समाहरणालय में जिलाधिकारी सावन कुमार की अध्यक्षता में स्क्रीनिंग कमिटी की बैठक आयोजित की गई।बैठक में जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कार्यालय के अंतर्गत संचालित बैटरी चालित ट्राईसाइकिल योजना के लिए प्राप्त आवेदनों की समीक्षा की गई। समीक्षा के उपरांत 104 पात्र दिव्यांगजनों को बैटरी चालित ट्राईसाइकिल उपलब्ध कराने की स्वीकृति प्रदान की गई।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार की यह योजना दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने और उनकी दैनिक जीवन की कठिनाइयों को कम करने की दिशा में बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिले के किसी भी पात्र दिव्यांगजन को योजना के लाभ से वंचित नहीं रहना चाहिए। इसके लिए व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जाए, ताकि अधिक-से-अधिक लोग योजना की जानकारी प्राप्त कर आवेदन कर सकें।जिलाधिकारी ने विशेष रूप से जीविका दीदियों के माध्यम से गांव-गांव तक योजना की जानकारी पहुंचाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जीविका समूह ग्रामीण क्षेत्रों में मजबूत नेटवर्क के रूप में कार्य कर रहे हैं और इनके माध्यम से पात्र दिव्यांगजनों तक आसानी से पहुंच बनाई जा सकती है।उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पंचायत स्तर पर भी प्रचार-प्रसार अभियान चलाया जाए और दिव्यांगजनों को आवेदन प्रक्रिया में हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाए।बैठक में बताया गया कि बिहार सरकार द्वारा संचालित इस योजना के तहत वैसे दिव्यांगजन लाभ पाने के पात्र हैं, जिनकी आयु 18 वर्ष या उससे अधिक हो तथा जिनकी चलंत दिव्यांगता यानी लोकोमोटर दिव्यांगता 40 प्रतिशत या उससे अधिक हो। इसके अतिरिक्त लाभार्थी की वार्षिक आय अधिकतम दो लाख रुपये निर्धारित की गई है।

योजना का उद्देश्य ऐसे दिव्यांगजनों को बेहतर गतिशीलता उपलब्ध कराना है, ताकि वे शिक्षा, रोजगार और सामाजिक गतिविधियों में आसानी से भाग ले सकें। अधिकारियों ने बताया कि बैटरी चालित ट्राईसाइकिल मिलने से दिव्यांगजनों को आने-जाने में सुविधा होगी और वे अपने दैनिक कार्यों को अधिक सहजता से कर पाएंगे। इससे उनके आत्मविश्वास में भी वृद्धि होगी और वे समाज की मुख्यधारा से बेहतर तरीके से जुड़ सकेंगे। कई दिव्यांगजन आर्थिक और शारीरिक कठिनाइयों के कारण आवागमन में परेशानियों का सामना करते हैं। ऐसे में यह योजना उनके लिए किसी बड़ी राहत से कम नहीं है।बैठक के दौरान स्क्रीनिंग कमिटी द्वारा प्राप्त सभी आवेदनों की बारीकी से जांच की गई। दस्तावेजों एवं पात्रता मानकों के आधार पर 104 लाभार्थियों का चयन किया गया। अधिकारियों ने बताया कि चयनित लाभार्थियों को जल्द ही बैटरी चालित ट्राईसाइकिल उपलब्ध कराई जाएगी।

# वाहन चेकिंग में खुला मवेशी चोरी का खेल, तीन मवेशी बरामद

**सीवान, 26 मई (तरुणमित्र)।** सीवान जिले के हुसैनगंज थाना पुलिस ने चोरी के मवेशियों से लदे एक पिकअप वाहन को जब्त करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने वाहन से तीन मवेशी बरामद किए हैं। जानकारी के अनुसार, सुबह करीब दो बजे हुसैनगंज थाना को गुप्त सूचना मिली कि चैनपुर की ओर से एक पिकअप वाहन पर चोरी के मवेशी लादकर सीवान की तरफ ले जाया जा रहा है।

सूचना के बाद थानाध्यक्ष मोहन प्रसाद सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गोपालपुर बाजार के समीप मुख्य सड़क पर वाहन जांच शुरू की। वाहन जांच के दौरान एक संदिग्ध पिकअप चालक पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा, लेकिन पुलिसकर्मियों ने उसे पकड़ लिया। तलाशी के दौरान पिकअप से तीन मवेशी बरामद किए गए। पूछताछ में गिरफ्तार चालक की पहचान रिकू नट, पिता छोटक नट, निवासी पचलखी थाना नौतन जिला सीवान के रूप में हुई। पूछताछ के दौरान उसने बताया कि मवेशी चैनपुर क्षेत्र से लोड किए गए थे। पुलिस द्वारा मवेशियों से संबंधित कागजात मांगने पर वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। इस मामले में हुसैनगंज थाना में बीएनएस की धारा के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।कार्रवाई में थानाध्यक्ष मोहन प्रसाद सिंह सहित हुसैनगंज थाना के अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

## संक्षिप्त समाचार

### सड़क पर पिस्टल छीनाझपटी कर रहे दो युवक चढ़े पुलिस के हत्थे

**सीवान, 26 मई (तरुणमित्र)।** सीवान जिले के हुसैनगंज थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध हथियार के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों के पास से एक देशी पिस्टल, एक कारतूस और एक मैगजीन बरामद किया गया है।मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह करीब 10 बजे हुसैनगंज थाना पुलिस को सूचना मिली कि खुदाईवाड़ी मोड़ स्थित तिवारी मेडिकल स्टोर के सामने दो युवक पिस्टल को लेकर आपस में छीनाझपटी कर रहे हैं।सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष मोहन प्रसाद सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची।पुलिस वाहन को देखते ही दोनों युवक भागने लगे, लेकिन पुलिसकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उनके पास से एक देशी पिस्टल, एक कारतूस और एक मैगजीन बरामद किया गया।पूछताछ में गिरफ्तार युवकों की पहचान अनिश कुमार यादव, पिता स्व. मनोज यादव, निवासी रगड़ टोला पूर्वी हरिहास थाना हुसैनगंज तथा आशीष पाण्डेय, पिता संतोष पाण्डेय, निवासी हसनपुरा थाना हुसैनगंज के रूप में हुई।

### आठ घंटे में गैंगरेप कांड का खुलासा, पांच आरोपी गिरफ्तार

**सुगौली, पू.च:, 26 मई (तरुणमित्र)।** थाना क्षेत्र में रविवार की रात हुई गैंगरेप की घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही सुगौली पुलिस तत्काल सक्रिय हो गई और महज आठ घंटे के भीतर मामले का उद्भेदन करते हुए पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई की इलाके में व्यापक चर्चा हो रही है। एसडीपीओ दिलीप कुमार ने बताया कि थानाध्यक्ष अनीश कुमार सिंह के नेतृत्व में तकनीकी एवं मानवीय सूचना के आधार पर लगातार छापेमारी अभियान चलाया गया। कार्रवाई के दौरान घटना में शामिल दो आरोपियों को महज दो घंटे के भीतर दबोच लिया गया, जबकि शेष तीन आरोपियों को देर रात तक चले अभियान में गिरफ्तार कर लिया गया। सभी गिरफ्तार आरोपियों से पुलिस गहन पूछताछ कर रही है। पुलिस ने पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए मोतिहारी भेज दिया है। साथ ही वैज्ञानिक जांच के लिए एफएसएल टीम को भी बुलाया गया है ताकि मामले से जुड़े सभी साक्ष्यों का परीक्षण किया जा सके। पुलिस ने गैंगरेप समेत कई गंभीर धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। वही त्वरित कार्रवाई कर आरोपियों की गिरफ्तारी किए जाने को लेकर लोगों ने राहत भी जताई है।

# सारण में गंगा दशहरा पर श्रद्धालुओं ने सरयू और गंगा नदी में लगाई डुबकी

**सारण, 26 मई (तरुणमित्र)।** ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को मनाए जाने वाले पर्व गंगा दशहरा के अवसर पर जिले के मांझी, रामघाट, गोदना, सिमरिया, सिद्ध घाट, तिवारी घाट, डोरीगंज, चिरांद घाट और आमी मंदिर घाट सहित दर्जनों घाटों पर सुबह सूर्योदय से पहले ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था। दिन चढ़ने के साथ भीड़ इस कदर बढ़ी कि चारों ओर आस्था का समंदर नजर आने लगा। श्रद्धालुओं ने सरयू और गंगा नदी के पवित्र जल में डुबकी लगाकर



अपने परिवार की सुख-समृद्धि, आरोग्य तथा पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों सहित पूरे परिवार ने जल अर्पित कर पूजा-अर्चना की और जरूरतमंदों के बीच दान देकर पुण्य अर्जित किया।इस दौरान घाटों का माहौल भजन-कीर्तन और हर-हर गंगे के जयघोष से गुंजायमान रहा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इसी दिन मां गंगा का पृथ्वी पर अवतरण हुआ था, जिससे दस प्रकार के पापों से मुक्ति मिलती है।श्रद्धालुओं की इस भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन मुस्तैद रहा। किसी भी अप्रिय घटना को रोकने और लोगों को गहरे पानी में जाने से बचाने के लिए सभी प्रमुख घाटों पर सुरक्षा के प्रबंध किए गए थे।

# जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने किया जिला सामान्य शाखा का औचक निरीक्षण

**सारण, 26 मई (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने मंगलवार को जिला सामान्य शाखा का औचक निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने कार्यालय की कार्यप्रणाली, साफ-सफाई, फाइलों के रख-रखाव और जन-सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया। लापरवाही बरतने वाले कर्मियों के प्रति सख्त रुख अपनाते हुए जिलाधिकारी ने जवाबदेही तय करने और स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यालय की छत की तत्काल मरम्मती कराने, जीर्ण-शीर्ण आलमारियों को हटाने और आवश्यक दस्तावेजों की सुरक्षा के लिए नए स्टील के ट्रंक खरीदने के निर्देश दिए। अनुपयोगी कागजों को नियमानुसार विनष्ट करने को कहा गया।आम जनता की सुविधा के लिए कार्यालय के प्रवेश द्वार पर एक हेल्प डेस्क स्थापित की जाएगी, जहां आगत-निर्गत कर्मी नागरिकों का मार्गदर्शन करेंगे।

जिलाधिकारी ने लिपिकों की लॉगबुक, इंडेक्स रजिस्टर और आगत, निर्गत पंजी की जांच की। उन्होंने फाइलों के निपटारे में अनावश्यक विलंब न करने की कड़ी चेतावनी दी। इसके अलावा, जेपी सेनानी पेंशन के आवेदनों को वर्तमान स्थिति के साथ सूचीबद्ध करने और चरित्र सत्यापन के मामलों में देरी होने पर थानों को स्मार पत्र भेजकर हर माह वरीय पुलिस अधीक्षक को रिपोर्ट भेजने का निर्देश दिया। मानवाधिकार मामलों में समय पर रिमाइंडर भेजने तथा चौकीदारों के विरुद्ध चल रही अनुशासनिक कार्रवाई में अत्यधिक देरी पर नाराजगी जताते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित लिपिक एवं प्रधान लिपिक से स्पष्टीकरण मांगा है। उन्होंने अपर समाहर्त्ता को सभी लंबित मामलों की गहन समीक्षा करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान सामान्य शाखा प्रभारी जेबा अर्शी एवं शस्त्र शाखा प्रभारी जावेद एकबाल मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# शांति समिति की बैठक में ईद-उल-जोहा को लेकर आवश्यक विचार-विमर्श



**सुपौल, 26 मई (तरुणमित्र)।** सावन कुमार, भा0प्र0से0, जिलाधिकारी, सुपौल द्वारा जिला ईद-उल-जोहा (बकरीद) 2026 के अवसर पर जिला शांति समिति की बैठक समाहरणालय, सुपौल स्थित लहटन चौधरी सभागार में आयोजित की गई। जिसमें ईद-उल-जोहा (बकरीद) 2026 को लेकर आवश्यक विचार-विमर्श किया गया। सभी अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सुपौल, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, सभी कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद् एवं नगर पंचायत भी०सी० के माध्यम से जुड़े हुए थे। जिला शांति समिति के सभी सदस्यगण बैठक में मौजूद थे। उनके द्वारा पुलिस प्रशासन से चौकस रहने हेतु अनुरोध किया गया। जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि, इस वर्ष ईद-उल-जोहा (बकरीद) दिनांक 28.05.2026 को मनाया जायेगा। ईद-उल-जोहा (बकरीद) 2026 को शांतिपूर्ण ढंग से मनाया जायेगा। इस हेतु जिलाधिकारी, सुपौल एवं पुलिस अधीक्षक, सुपौल द्वारा पुलिस प्रशासन एवं प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी को चौकसी बरतने का निदेश दिया गया। साथ ही बकरीद पर्व को सौहार्द एवं शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने का निदेश दिया गया। विगत वर्ष की भाँति इस वर्ष भी ईद-उल-जोहा (बकरीद) पर्व 2026 शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाया जायेगा।

उक्त बैठक में पुलिस अधीक्षक, अपर समाहर्त्ता, सुपौल, अनुमंडल पदाधिकारी, सुपौल, पुलिस उपाधीक्षक, सुपौल, विशेष कार्य पदाधिकारी, गोपनीय शाखा, सुपौल एवं अन्य पदाधिकारी एवं वरीय पदाधिकारीगण तथा शांति समिति के सम्मानित सदस्यगण, सुपौल उपस्थित हुए।

# सार्वजनिक शौचालय का निर्माण, सभापति अर्चना ने किया उद्घाटन




**पत्रकार नगर,खगड़िया, 26 मई (तरुणमित्र)।** नगर परिषद खगड़िया द्वारा स्वच्छता एवं बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में ऐतिहासिक पहल करते हुए राजेंद्र चौक से बखरी बस स्टैंड के बीच पहली बार सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराया गया है। नगर सभापति अर्चना कुमारी ने फीता काटकर 10 लाख 53 हजार रुपये की लागत से निर्मित आधुनिक सामुदायिक शौचालय का उद्घाटन किया। स्थानीय लोगों ने बताया कि नगर परिषद के इतिहास में इस अत्यंत व्यस्त क्षेत्र में पहली बार सार्वजनिक शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। राजेंद्र चौक से बखरी बस स्टैंड तक प्रतिदिन हजारों यात्रियों, दुकानदारों एवं राहगीरों का आवागमन होता है, लेकिन अब तक यहां समुचित व्यवस्था नहीं थी। महिलाओं, बुजुर्गों एवं दूर-दराज से आने वाले यात्रियों को विशेष रूप से परेशानी का सामना करना पड़ता था।

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए नगर सभापति अर्चना कुमारी ने कहा कि नगर परिषद शहर को स्वच्छ, व्यवस्थित और सुविधायुक्त बनाने हेतु लगातार कार्यरत है। उन्होंने कहा, ष्राजेंद्र चौक से बखरी बस स्टैंड तक यह क्षेत्र शहर का अत्यंत व्यस्त इलाका है। यहां शौचालय निर्माण से हजारों लोगों को प्रतिदिन सुविधा मिलेगी और स्वच्छता व्यवस्था भी बेहतर होगी।ष् उन्होंने आश्वस्त किया कि नगर परिषद आगे भी विभिन्न स्थानों पर सार्वजनिक सुविधाओं का विस्तार करेगी।

इस अवसर पर वार्ड पार्षद सरिता देवी, वार्ड पार्षद पप्पू यादव, पूर्व उपसभापति विनय पटेल, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि अक्षय सूरी, रौनक सहनी, आनंद यादव, मनीष सहनी, कक्कू पटेल, अरुण सिंह, धर्मेंद्र कुमार, अजीत कुमार सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। स्थानीय लोगों ने नगर परिषद एवं नगर सभापति के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे यात्रियों एवं आम नागरिकों को बड़ी राहत मिलेगी तथा शहर की स्वच्छता व्यवस्था मजबूत होगी।

# बाइक चोरी के शक में पूछताछ करने पहुंचे युवक पर चाकू से हमला, आरोपी हिरासत में

**सुपौल, 26 मई (तरुणमित्र)।** जिले के राघोपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सिमराही बाजार में बाइक चोरी के मामले को लेकर पूछताछ करने पहुंचे एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया गया। घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में ले लिया। बाद में उसकी निशानदेही पर चोरी की गई बाइक भी बरामद कर ली गई। घटना सिमराही नगर पंचायत के पिपराही रोड स्थित मन्नु बाबा मंदिर के समीप हुई। जानकारी के अनुसार, सिमराही वार्ड संख्या-5 निवासी मोहम्मद शाहिद की आरएक्स 100 बाइक सोमवार रात चोरी हो गई थी। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच में एक स्थानीय युवक के बाइक ले जाने का दावा किया गया।इसके बाद मोहम्मद शाहिद के पुत्र 24 वर्षीय नवी हसन उर्फ गोलू कथित आरोपी के पास सीसीटीवी फुटेज लेकर पहुंचे और बाइक चोरी के संबंध में पूछताछ करने लगे। इसी दौरान दोनों के बीच कहासुनी बढ़ गई। आरोप है कि विवाद के दौरान युवक ने अचानक चाकू निकालकर नवी हसन पर हमला कर दिया।हमले में नवी हसन गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके बाएं हाथ में गहरा जख्म आया है, जबकि शरीर के अन्य हिस्सों में भी चोटें बताई जा रही हैं। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें रेफरल अस्पताल राघोपुर पहुंचाया गया, जहां डॉ. वीपीन तिवारी ने प्राथमिक उपचार किया। फिलहाल घायल युवक का इलाज जारी है।

# बकरीद पर्व को ले जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न,डीएम व एसपी ने दिए सख्त निर्देश



**सासाराम, 26 मई (तरुणमित्र)।** जिला पदाधिकारी उदिता सिंह, रोहतास की अध्यक्षता में आगामी ईद-उल-जोहा (बकरीद) त्योहार 2026 के अवसर पर शांति एवं विधि-व्यवस्था बनाये रखने हेतु जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक की गयी है। जिसमें पुलिस अधीक्षक रोहतास, नगर आयुक्त, नगर निगम सासाराम, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जिला स्तरीय यथा - कार्यपालक अभियंता पीएचईडी, कार्यपालक अभियंता विद्युत एवं अन्य सभी विभागीय पदाधिकारियों तथा जिला स्तरीय शांति समिति के सभी सदस्यों तथा गणमान्य व्यक्तियों / सदस्यों के द्वारा भाग लिया गया। उक्त बैठक में मोहर्रम कमिटी के महामंत्री, अखलाख रिज्वी के बताया गया कि ईद उल जोहा (बकरीद) त्योहार दिनांक 28.05.2026 को मनाया जायेगा। बैठक में उपस्थिति नगर पूजा समिति एवं मोहरम समिति के अध्यक्ष एवं सचिव और अन्य सभी उपस्थिति गणमान्य सदस्यों से सुझाव प्राप्त किया गया।बैठक में उपस्थित जिला स्तरीय पदाधिकारियों एवं शांति समिति के सदस्यों के द्वारा दिये गये सुझावोंपरान्त जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा बैठक में उपस्थित सभी संबंधित पदाधिकारियों को कई निर्देश दिए गए, जो निम्नवत है।इस संबंध में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक रोहतास के द्वारा बैठक में उपस्थित पदाधिकारी को बताया गया कि उक्त अवसर पर विधि-व्यवस्था बनाये रखने हेतु पूरे जिले के साथ-साथ शहर में पर्याप्त संख्या में पुलिस पदाधिकारी तथा दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की जायेगी। इसके अतिरिक्त आगामी अन्य त्योहारों को भी लेकर विधि-व्यवस्था बनाये रखने आदि की दृष्टिकोण में रखते हुये अभी से सम्पूर्ण तैयारी करने तथा आसूचना संग्रहित कर विधि-व्यवस्था बनाये रखने आदि के उद्देश्य से सभी अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं थानाध्यक्षों को पूर्व में ही निदेश दिया गया कि पिछले त्योहारों के समय जितने भी दोषी, असामाजिक तत्वों एवं अपराधिक प्रवृति के व्यक्ति हैं, उनके विरुद्ध धारा 107, 110 एवं सी०सी०ए० के तहत कार्रवाई करने हेतु सभी बिन्दुओं पर गहराई से जांच कर ही प्रस्ताव समय रहते निश्चित रूप से भेजने हेतु निर्देशित किया गया तथा असामाजिक तत्वों के विरुद्ध बाण्ड भरने एवं आदतन अपराधियों के विरुद्ध सी०सी०ए० का प्रस्ताव भी भेजना सुनिश्चित करें। इसके अतिरक्त न्यायालयों द्वारा निर्गत वारंटों एवं लंबित वारंटों भी तामिला संबंधित वारंटियों पर अविलंब अभियान चलाकर करते हुये उनकी गिरफ्तारी भी करना सुनिश्चित करें। साथ ही साथ उन्हें यह भी निदेशित किया गया कि सभी मंदिरों, मस्जिदों, कमेटियों एवं अन्य सार्वजनिक जगहों पर सीसीटीवी कैमरा, वीडियोग्राफी की व्यवस्था करायी जायेगी। उन्हें यह भी निदेश दिया गया कि जहां कहीं भी सीसीटीवी कैमरा लगे हुये कैमरों में कम से कम 90 दिनों का वैकप / रिकार्डिंग सुरक्षित रहेंगे, ताकि आवश्यकता पड़ने पर उसका उपयोग किया जा सके।बैठक में सभी पदाधिकारियों को यह भी निर्देशित किया गया कि किसी भी घटना की सूचना प्राप्त होते ही त्वरित कार्रवाई करते उस पर अविलंब नियंत्रण प्राप्त करना सुनिश्चित करेंगे तथा सामान्य स्थिति में भी अपने-अपने क्षेत्रों में सतत निगरानी रखते हुए विधि-व्यवस्था बनाये रखना सुनिश्चित करेंगें।

इसके लिए पंचायतवार सभी चौकीदारों के माध्यमों से छोटी-छोटी घटनाओं की आसूचना प्राप्त कर अग्रेतर कार्रवाई करना सुनिश्चित किया जाय तथा उसकी जानकारी जिला स्तरीय पदाधिकारियों, अनुमंडल स्तरीय एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों को भी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। इसके अतिरिक्त सभी थानाध्यक्षों को निर्देशित किया गया कि अपने-अपने स्तर पर स्थानीय प्रतिनिधियों / कमिटियों के साथ बैठक करना सुनिश्चित करेंगें तथा अफवाहों पर विशेष ध्यान नहीं देंगे तथा इस संबंध में एक अभियान चलाकर सतर्कता बरतते हुये अग्रेतर कार्रवाई करना सुनिश्चित करेगें। इस हेतु सभी अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अपने स्तर से अनुश्रवण करते हुए ज्वलन्त समस्याओं का त्वरित गति से समाधान कराना सुनिश्चित करेंगे।पर्व के दौरान साउण्ड सिस्टम यानी डी०जे० एवं लाउडस्पीकर आदि का प्रयोग बिना अनुमंडल पदाधिकारी / अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी की अनुमति के बिना नहीं किया जायेगा।

बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों / जन प्रतिनिधियों को उक्त त्योहार के अवसर पर सर्तकता बरतने का निदेश दिया गया ताकि किसी भी प्रकार का अफवाह नहीं फैलाया जा सके। यदि कोई वीडियो वायरल किया जाना/अफवाह फैलाया जाता है, तो उसकी जबतक पुष्टि नहीं हो जाती है, तब उस पर कोई ध्यान नहीं देना है तथा वैसे अफवाह फैलाये जाने वाले व्यक्ति के संबंध में सूचना जिला प्रशासन को अविलंब उपलब्ध कराया जाय ताकि उसके विरुद्ध तत्काल कार्रवाई की जा सके।बकरीद के नमाज के समय महिला एवं पुरुष आरक्षी बलों की प्रतिनियुक्ति चिन्हित स्थानों पर निश्चित रुप से की जायेगी।

# दो बाइक के आपस में भिड़ंत होने से अधिवक्ता की मौत,दूसरा जख्मी



**काराकाट / रोहतास, 26 मई (तरुणमित्र)।** नगर पंचायत के मुख्य बाजार गोडारी में मंगलवार दोपहर भीषण सड़क हादसे में एक अधिवक्ता की घटनास्थल पर मौत हो गई।जबकि दूसरे चालक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। हादसा एनएच 120ए के गोडारी बाजार के माधव साह के मिल के पास हुआ, जहाँ बिक्रमगंज की ओर से आ रही स्प्लेंडर और डेहरी की ओर से आ रही स्प्लेंडर बाइक की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। दोनों बाइक के परखच्चे उड़ गए और गाड़ियाँ बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। मौके पर मौजूद नागरिकों ने आपसी मदद से दोनों घायलों को तुरंत ऑटो से काराकाट प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया।

सीएचसी चिकित्सकों ने बताया कि बिक्रमगंज से वकालत करके लौट रहे दावथ थाना क्षेत्र के कोआथ नकटौली के मूल निवासी स्वर्गीय यदुनंदन पांडेय के करीब 55 वर्षीय पुत्र एडवोकेट राम कुमार पांडेय की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक है एडवोकेट राम कुमार पांडेय डालमियानगर के एक क्वार्टर में परिवार के साथ रहते थे और बिक्रमगंज व डेहरी दोनों जगह वकालत करते थे। मृतक परिजनों के पहुंचते ही सीएचसी में कोहराम मच गया। दूसरी बाइक पर सवार औरंगाबाद जिले के ववनडीहा निवासी स्वर्गीय मकसूद कुरैशी के पुत्र 30 वर्षीय दानिश कुरेशी गंभीर रूप से घायल हुए और उनका प्राथमिक उपचार सीएचसी में चल रहा है, डॉक्टरों ने उनकी हालत खतरे से बाहर बताई है। घटना के बाद काराकाट थाना की टीम, थाना अध्यक्ष विवेक कुमार, एसआई योगेश कुमार व सोनू कुमार अपने दल बल टीम के साथ मौके पर पहुंचकर हालात नियंत्रित किये और शव को कब्जे में लेकर सासाराम सदर अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेजने के तैयारी में जुट गई है। काराकाट पुलिस मामले की जांच कर रही है और हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है।उधर सड़क हादसे में मौत के शिकार हुए अधिवक्ता के प्रति बार एसोशिएशन विक्रमगंज के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण भारद्वाज एवं महासचिव रवि रंजन उर्फ मुना ने अपनी गहरी संवेदना व्यक्त किया है।

## मून कैफे रेस्टोरेंट के निकट से बाइक हुई चोरी

**कोचस (रोहतास), 26 मई (तरुणमित्र)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 319 पर मुन कैफे रेस्टोरेंट के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोरो ने चोरी कर ली है। घटना सोमवार शाम की बताई जाती है। पीड़ित कोचस वार्ड 4 निवासी नईन ने बताया कि मैं कुछ वर्ष पूर्व बसही निवासी मनोज साह से स्पलेंडर बाइक जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर बीआर 24 एडी 7644 की खरीदारी की थी, जहां मैने दांत के उपचार के लिए कोचस गया था तभी बाइक को मून कैफे रेस्टोरेंट के पास खड़ा कर चला गया, दस मिनट देर बाद लौटा तो देखा कि बाइक गायब है, इस घटना की जानकारी स्थानीय थाने को दे दी है, पीड़ित ने बताया कि थाने मे लिखित आवेदन दे दी गई है, वही थाना अध्यक्ष ने बताया कि पीड़ित के द्वारा थाने मे लिखित आवेदन दी गई है, पुलिस आवेदन ले अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है, फिलहाल पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है ताकि अपराधियों की पहचान कर तुरंत गिरफ्तार कर चोरी गई बाइक को बरामद किया जा सके।

## लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग ने जिले में शुरू की 3158 जलापूर्ति,शिकायत मिलने पर 72 घंटे में होगा निष्पादन

**सासाराम, 26 मई (तरुणमित्र)।** भीषण गर्मी के साथ लू से आमजनों के बचाव एवं राहत हेतु जिला प्रशासन, रोहतास एवं लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग लगातार प्रयासरत एवं तत्पर है।रोहतास जिला अन्तर्गत लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग द्वारा संचालित की जा रही कुल - 3158 अदद योजनाओं से नियमित जलापूर्ति की जा रही है। जिला पदाधिकारी के निदेशानुसार किसी प्रकार का शिकायत / समस्या होने पर 24-72 घंटों में इसका त्वरित निष्पादन कर योजना को क्रियाशील करने का प्रयास किया जा रहा है।वर्तमान में जिला अन्तर्गत विभिन्न प्रखंडों में कुल 68 अदद मरम्मति दल कार्यरत है, जिनके द्वारा योजनाओं के मरम्मति हेतु निरंतर प्रयास किया जा रहा है। जिन योजनाओं में विशेष मरम्मति की आवश्यकता हैं, वहां वर्तमान में आपातकालीन व्यवस्था के तहत मोटर, स्टाटर को क्रियाशील कर 5 अदद स्टैण्ड पोस्ट के माध्यम से जलापूर्ति दी जा रही है।जिलान्तर्गत लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग द्वारा अधिष्ठापित कुल 26178 अदद चापाकल अन्तर्गत कुल 26029 अदद चापाकल कार्यरत है। बंद पड़े चापाकलों की मरम्मति हेतु प्रत्येक प्रखंड में एक-एक चलन्त चापाकल मरम्मति दल कार्यरत है। विभाग द्वारा माह मार्च 2026 से अबतक कुल 2746 चापाकलों की मरम्मति कराकर कर चालू कराया गया है।लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग द्वारा आमजनों से अनुरोध है कि इस भीषण गर्मी एवं लू में पानी को बर्बाद न करें एवं संयम बनाए रखे।पेयजल से संबंधित किसी प्रकार की समस्या होने पर शिकायत हेतु जिला स्तर पर जिला नियंत्रण कक्ष का गठन किया गया है, जिसका दूरभाष संख्या 8544428995 है। कोई भी आमजन कार्यालय अवधि में ( 10:00 बजे पूर्वाह्न से 5:00 बजे अपराह्न तक) नीचे दिए गए इस नंबर पर संर्पक कर अपना शिकायत दर्ज करा सकते है। साथ ही विभागीय टोल फ्री नंबर 18001231121 एवं प्रखंड अन्तर्गत पदस्थापित कनीय अभियंता / सहायक अभियंता को दूरभाष वाट शॉप के माध्यम से भी अपना शिकायत दर्ज करा सकते है।

## श्री यक्षिणी भोजपुरी साहित्य समिति के सचिव पद पर हर्षनाथ पाण्डेय निर्वाचित

**दिनारा रोहतास, 26 मई (तरुणमित्र)।** भोजपुरी भाषा, साहित्य एवं सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और विकास को समर्पित प्रतिष्ठित संस्था श्री यक्षिणी भोजपुरी साहित्य समिति भलुनीधाम की आम सभा रविवार को जटहा आश्रम, नटवार में आयोजित की गई। सभा की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष सर्वदेव ओझा ने की।बैठक की शुरूआत समिति के रिक्त सचिव पद के चुनाव प्रस्ताव से हुई। समिति के उपाध्यक्ष लीलाधर सिंह ने वरिष्ठ साहित्यकार एवं अधिवक्ता हर्षनाथ पाण्डेय के नाम का प्रस्ताव सचिव पद हेतु रखा, जिसका समर्थन खैरा भूधर निवासी रविशचन्द्र ने किया। उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित करते हुए हर्षनाथ पाण्डेय को समिति का नया सचिव चुन लिया।ज्ञात हो कि समिति के संस्थापक सह सचिव कन्हैया लाल पण्डित के 25 फरवरी 2026 को हुए दुःखद निधन के बाद से सचिव पद रिक्त चल रहा था। सभा में दिवंगत कन्हैया लाल पण्डित के साहित्यिक एवं सामाजिक योगदान को भी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।बैठक में जनसहयोग से निर्मित भलुनीधाम पुस्तकालय का नामकरण भगवान विमलानंद पुस्तकालय भलुनीधाम करने का प्रस्ताव भी सर्वसम्मति से पारित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि क्षेत्र के महान अवधूत संत भगवान विमलानंद सरस्वती (नागा बाबा) के कर-कमलों से ही भलुनीधाम के विकास की आधारशिला रखी गई थी, इसलिए उनके नाम पर पुस्तकालय का नामकरण क्षेत्र के लिए गौरव की बात है।इसके अलावा भलुनीधाम में ईको पार्क निर्माण को लेकर तत्कालीन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, रोहतास वन प्रमंडल, स्थानीय जनप्रतिनिधियों तथा आम जन के प्रति धन्यवाद प्रस्ताव भी पारित किया गया।

# लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी व तपिश को ले डीएम ने किया नागरिकों से अपील

**सासाराम, 26 मई (तरुणमित्र)।** रोहतास जिले में लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी एवं तापमान को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। जिलाधिकारी श्रीमती उदिता सिंह ने आमजनों से अपील करते हुए कहा है कि गर्म हवाओं एवं लू के प्रभाव से बचने के लिए सभी नागरिकों को विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

प्रशासन द्वारा लोगों को सतर्क रहने तथा आवश्यक दिशा-निदेशों का पालन करने की सलाह दी गई है, ताकि लू एवं अत्यधिक गर्मी के दुष्प्रभाव से बचा जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि वर्तमान मौसम परिस्थितियों को देखते हुए विशेष रूप से बच्चे, बुजुर्ग, गर्भवती महिलाएं एवं बीमार व्यक्तियों को अतिरिक्त सावधानी बरतने की आवश्यकता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि यदि किसी व्यक्ति में लू के लक्षण दिखाई दें तो तुरंत सहायता उपलब्ध कराएं तथा आवश्यकता पड़ने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें।प्रशासन द्वारा बताया गया है कि लू लगने के प्रमुख लक्षणों में चक्कर आना, घबराहट होना, दिल की धड़कन तेज होना, अत्यधिक पसीना आना, सिरदर्द, बेहोशी, तेज बुखार, शरीर की त्वचा का अत्यधिक गर्म हो जाना तथा जी मिचलाना शामिल हैं। ऐसे लक्षण दिखाई देने पर लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए और तुरंत चिकित्सकीय सलाह लेनी चाहिए।लू से बचाव के लिए जिला प्रशासन ने आम लोगों को कई महत्वपूर्ण सावधानियां अपनाने की सलाह दी है। लोगों से कहा गया है कि यथासंभव धूप में बाहर निकलने से बचें तथा अत्यधिक आवश्यक होने पर ही घर से बाहर जाएं। बाहर निकलते समय हल्के रंग के सूती कपड़े पहनें और सिर को कपड़े, टोपी अथवा छाते से ढंककर रखें। साथ ही पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें ताकि शरीर में पानी की कमी न हो।लोगों को ओ.आर.एस., नींबू पानी, लस्सी, छाछ एवं फलों के रस जैसे तरल पदार्थों का सेवन करने की सलाह दी है। वहीं चाय, कॉफी एवं अत्यधिक शर्करा युक्त पेय पदार्थों से बचने को कहा गया है। दोपहर के समय भारी शारीरिक श्रम नहीं करने तथा लंबे समय तक तेज धूप में लगातार खड़े रहने अथवा काम करने से बचने की अपील की गई है।इसके अलावा बच्चों एवं पालतू जानवरों को बंद वाहनों में अकेला नहीं छोड़ने की सलाह दी गई है। घर एवं कार्यस्थल को यथासंभव ठंडा रखने तथा बाहर निकलते समय पानी की बोतल साथ रखने पर भी जोर दिया गया है।

जिलाधिकारी ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा स्वास्थ्य विभाग सहित सभी संबंधित विभागों को पूरी तरह सतर्क रहने का निर्देश दिया गया है।

उन्होंने कहा कि जागरूकता एवं सावधानी के माध्यम से आमजन स्वयं तथा अपने परिवार को लू एवं गर्म हवाओं के दुष्प्रभाव से सुरक्षित रख सकते हैं। किसी भी आपात स्थिति में सहायता के लिए टोल फ्री नंबर 101 एवं 112 पर संपर्क किया जा सकता है। वहीं समाहरणालय रोहतास में स्थापित कंट्रोल रूम के नंबर 06184-226072 एवं 06184-226093 पर भी सहायता के लिए संपर्क करने की अपील की गई है।

# वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए डीएम व एसपी ने की समीक्षा बैठक

## 28, 29 एवं 30 मई को प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को अलर्ट मोड में रहने का निर्देश



**सासाराम, 26 मई (तरुणमित्र)।** समाहरणालय, रोहतास स्थित जिला पदाधिकारी कार्यालय कक्ष से जिला पदाधिकारी, रोहतास उदिता सिंह एवं पुलिस अधीक्षक, रोहतास रौशन कुमार द्वारा विधि-व्यवस्था संधारण को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं सभी थानाध्यक्ष शामिल हुए।बैठक के दौरान आगामी पर्व-त्योहार एवं संवेदनशील परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए जिले में शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

जिला पदाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखें तथा किसी भी प्रकार की अफवाह या असामाजिक गतिविधियों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें।बैठक में अवैध बूचड़खानों के विरुद्ध अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। साथ ही पशु तस्करी की रोकथाम को लेकर सीमावर्ती एवं संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखने को कहा गया।जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सभी थानाध्यक्षों एवं पुलिस पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार गश्ती एवं फ्लैग मार्च निकालें, ताकि आमजन में सुरक्षा एवं विश्वास का वातावरण बना रहे। उन्होंने चिन्हित एवं संदिग्ध व्यक्तियों पर विशेष नजर रखने तथा असामाजिक तत्वों की गतिविधियों की लगातार मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया। 28, 29 एवं 30 मई को सभी प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को अलर्ट मोड में रहने का निर्देश दिया गया। जिला प्रशासन द्वारा सभी अंचलों में शांति समिति की बैठक समय पर सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।इसके अतिरिक्त ईदगाह, मस्जिद एवं नमाज अदा किए जाने वाले स्थलों पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। संवेदनशील एवं आवश्यकता वाले स्थलों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल एवं दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने को कहा गया, ताकि किसी भी परिस्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके।

## डीएम ने की आठ व्यक्तियों से दैनिक साक्षात्कार

**सासाराम।** जिला पदाधिकारी, रोहतास उदिता सिंह के द्वारा जिला पदाधिकारी के कार्यालय प्रकोष्ठ में दैनिक साक्षात्कार किया गया। उक्त दैनिक साक्षात्कार के क्रम में आठ व्यक्तियों के द्वारा आवेदन पत्र / शिकायत पत्र दिया गया।जिला पदाधिकारी ने सभी मामलों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित जांच एवं नियमानुसार कार्रवाई का निर्देश दिया।दैनिक साक्षात्कार के क्रम में आवेदक संतोष कुमार मेहता, पिता श्री कन्हैया सिंह, पंचायत- उचितपुर, थाना- अगरेर द्वारा भूमि विवाद से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किया गया। मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई हेतु आवेदन जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, रोहतास को अग्रसारित किया गया।वहीं, आवेदक आलोक कुमार, पिता नंद किशोर सिंह, निवासी सासाराम द्वारा नए अल्ट्रासाउंड लाइसेंस के संबंध में आवेदन दिया गया।

# सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं बकरीद का त्यौहार

**काराकाट /रोहतास , 26 मई (तरुणमित्र)।**काराकाट थाना परिसर में ईद-उल- अजहा (बकरीद)पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं विधि-व्यवस्था के बीच संपन्न कराने को लेकर प्रखंड स्तरीय शांति समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई । बैठक की अध्यक्षता संयुक्त रूप से बीडीओ राहुल कुमार सिंह,सीओ डॉ. रितेश कुमार एवं थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने की । बैठक में शांति समिति सदस्य, स्थानीय जनप्रतिनिधि, मीडिया प्रतिनिधि एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे । इस दौरान पर्व के दौरान आपसी भाईचारा बनाए रखने,भीषण गर्मी व तल्ख मौसम से बचाव,साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था,यातायात नियंत्रण तथा विधि-व्यवस्था को लेकर विस्तार से चर्चा की गई । उपस्थित लोगों ने अधिकारियों के समक्ष अपनी-अपनी समस्याएं एवं सुझाव भी रखे,जिस पर अधिकारियों ने गंभीरता से सुनवाई करते हुए आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिया ।बैठक को संबोधित करते हुए बीडीओ राहुल कुमार सिंह ने कहा कि बकरीद आपसी प्रेम, त्याग और भाईचारे का पर्व है । सभी लोग प्रशासन का सहयोग करते हुए पर्व को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं । उन्होंने कहा कि प्रखंड प्रशासन की ओर से आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर लगातार निगरानी की जा रही है,ताकि किसी प्रकार की परेशानी उत्पन्न न हो ।वहीं सीओ डॉ. रितेश कुमार ने कहा कि पर्व के दौरान संवेदनशील स्थानों पर विशेष नजर रखी जाएगी तथा अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी । उन्होंने लोगों से सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरों से बचने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल प्रशासन को देने की अपील की ।थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने स्पष्ट कहा कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा । पुलिस पूरी तरह सतर्क है और पर्व के दौरान क्षेत्र में लगातार गश्ती बढ़ाई जाएगी ।

## संक्षिप्त समाचार

### सिकरिया गांव में फायरिंग के मामले में दो अभियुक्त गिरफ्तार गए जेल

**काराकाट /रोहतास, 26 मई (तरुणमित्र)।**काराकाट थाना क्षेत्र के सिकरियां गांव में बीते सोमवार की रात फायरिंग के मामले में थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने दो अपराधियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। दोनों गिरफ्तार अपराधी सिकरियां गांव निवासी राहुल कुमार उर्फ मिशु कुमार साह तथा वंशी साह बताया जाता है । थाना अध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि फायरिंग के मामले में दो अभियुक्त को चिन्हित कर गिरफ्तार किया गया एवं कानूनी प्रक्रिया पूरा करते हुए जेल भेज दिया गया।

### गोडारी नहर और बाजार में ट्रांसफार्मर जलने से लोगों की गर्मी में दुगनी परेशानी

**काराकाट /रोहतास, 26 मई (तरुणमित्र)।**नगर पंचायत के गोडारी में शनिवार को ही नहर के पास लगे ट्रांसफार्मर के जलने के बाद सोमवार रात बाजार के पास स्थित एक और ट्रांसफार्मर भी जल गया, जिससे उमस भरी गर्मी में नगरवासी और परेशान हो गए हैं। नहर के पास ज्यादातर प्रभावित इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित रही, वहीं बाजार में भी दुकानों और बैंक की गतिविधियाँ प्रभावित हुईं।नहर के पास जले ट्रांसफार्मर को बिजली विभाग की टीम ने अगले ही दिन बदला था, पर उसमें तकनीकी खराबी मिलने के कारण उसे फिर से मंगवाने की आवश्यकता पड़ी। काराकाट के कनिष्ठ अभियंता संजीत कुमार ने बताया कि दूसरी बार नया ट्रांसफार्मर मंगाया गया है। उन्होंने कहा कि रात में एक और ट्रांसफार्मर जलने की सूचना मिली है, जिसे आगे फॉरवर्ड कर दिया गया है और कल तक पूरी कोशिश रहेगी कि नया ट्रांसफार्मर लगाकर बिजली बहाल कर दी जाए। संजीत कुमार ने यह भी कहा कि अन्य जगहों पर ट्रांसफार्मर की रिपेयरिंग और रिफ्रेशिंग का काम जारी है तथा एलटी तारों की मरम्मत का भी प्रयास किया जा रहा है ताकि गर्मी में लोगों को जल्द राहत मिल सके। स्थानीय एसबीआई बैंक के मैनेजर ने भी समस्याओं पर खेद जताया और शीघ्र ठीक होने की अपील की। नगरवासियों ने अत्यधिक उमस भरी गर्मी के बीच बिजली विभाग से त्वरित कार्रवाई और भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचाव के लिए सतत निगरानी की मांग की है।

### अलग-अलग सड़क हादसों में चार बाइक सवार घायल

**दिनारा रोहतास, 26 मई (तरुणमित्र)।** स्थानीय थाना क्षेत्र में सोमवार की देर शाम हुई दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में चार बाइक सवार घायल हो गए। सभी घायलों का उपचार स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में कराया गया।पहली घटना लिलवंछ गांव के समीप की है। बताया जाता है कि बाइक सवार दो लोग अपने गांव लौट रहे थे, तभी अचानक सड़क पर नीलगाय आ जाने से बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में बिछियांव निवासी श्याम नारायण के 45 वर्षीय पुत्र बृजकिशोर तथा बैजनाथ राम के पुत्र योगेन्द्र राम गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों की मदद से दोनों घायलों को तत्काल पीएचसी पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों द्वारा उनका इलाज किया गया।वहीं दूसरी घटना आरा-मोहनियां राष्ट्रीय राजमार्ग पर तेनुआठ मठिया गांव के समीप हुई। जानकारी के अनुसार किसी अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार दो लोग घायल हो गए। घायलों में मठिया निवासी स्वर्गीय परमेश्वर सिंह के पुत्र हरदेव सिंह तथा बिरेंद्र सिंह के पुत्र सुमित कुमार शामिल हैं। स्थानीय लोगों की सहायता से दोनों को इलाज के लिए पीएचसी लाया गया। दोनों घटनाओं के बाद क्षेत्र में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, गांव में पसरा मातम

**दिनारा रोहतास, 26 मई (तरुणमित्र)।** स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत आरा-मोहनियां राष्ट्रीय राजमार्ग पर सरना गांव के समीप सोमवार की देर रात हुए दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में शोक और मातम का माहौल कायम हो गया। मृतक की पहचान करंज गांव निवासी सुमेर आलम के पुत्र मोतीम आलम उर्फ मंटू आलम के रूप में की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंटू आलम किसी कार्य से बाइक द्वारा सरना गांव गया था। देर रात वह अपने गांव लौट रहा था, तभी सरना गांव से कुछ दूरी पहले किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई तथा पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। आनन-फानन में ग्रामीण और परिजन घटनास्थल पर पहुंचे तथा इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही डायल-112 की पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, सासाराम भेज दिया।इस संबंध में दिनारा थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र प्रसाद ने बताया कि अब तक मृतक के परिजनों द्वारा थाना में कोई लिखित आवेदन नहीं दिया गया है।

### दिनारा चौक से अपाची बाइक चोरी, पीड़ित ने थाने में दर्ज कराई शिकायत

**दिनारा रोहतास, 26 मई (तरुणमित्र)।** स्थानीय बाजार क्षेत्र में बाइक चोरी का ताजा मामले में दिनारा चौक के समीप खड़ी एक अपाची मोटरसाइकिल चोरी हो जाने का मामला सामने आया है। घटना को लेकर पीड़ित युवक ने स्थानीय थाना में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है।प्राप्त जानकारी के अनुसार चिलहरुआँ गांव निवासी उपेन्द्र राम के पुत्र अंकित कुमार 25 मई 2026 को किसी निजी कार्य से दिनारा बाजार आए थे। उन्होंने अपनी नीले रंग की अपाची मोटरसाइकिल (रजिस्ट्रेशन नंबर बीआर 24 एएन 3096) को दिनारा चौक के पास लॉक कर खड़ा किया और बाजार चले गए।कुछ देर बाद जब वह वापस लौटे तो देखा कि उनकी बाइक वहां से गायब है। काफी खोजबीन के बाद भी मोटरसाइकिल का कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद पीड़ित युवक ने स्थानीय थाना पहुंचकर मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई।

### स्कॉर्पियो से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद, चालक फरार

**दिनारा रोहतास, 26 मई (तरुणमित्र)।** स्थानीय थाना पुलिस ने सोमवार की देर रात गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के देल्हुआं गांव के समीप एक स्कॉर्पियो वाहन से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद की। हालांकि पुलिस की भनक लगते ही वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस द्वारा जप्त स्कॉर्पियो का रजिस्ट्रेशन नंबर डीएल 3 सीएएस1919 बताया गया है। तलाशी के दौरान वाहन से एटीपीएम ब्रांड की 180 एमएल की कुल 288 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद की गई, जिसकी कुल मात्रा 51.840 लीटर बताई जा रही है।इस संबंध में दिनारा थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र प्रसाद ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि देल्हुआं गांव के पास एक संदिग्ध वाहन खड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी की, जहां स्कॉर्पियो से शराब बरामद की गई। हालांकि चालक अंधेरे का फायदा उठाकर फरार होने में सफल रहा।पुलिस ने शराब तस्करी में प्रयुक्त वाहन को जप्त कर लिया है तथा वाहन मालिक और चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। फरार धंधेबाज की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

### बकरीद पर्व को ले थाने मे शांति समिति की हुई बैठक

**कोचस (रोहतास), 26 मई (तरुणमित्र)।** बकरीद पर्व को लेकर मंगलवार को परसथुआ थाने शांति समिति की बैठक आयोजित की गई, इस दौरान आपसी सौहार्द तथा शांतिपूर्ण वातावरण मे पर्व को समापन करने को लोगो से अपील कि गई, बैठक की अध्यक्षता थाना अध्यक्ष ने की।बता दे कि बकरीद पर्व को ले परसथुआ पुलिस पूरी तरह से अलर्ट है. बाजार तथा गांवों के सभी संवेदनशील स्थानों की निगरानी रखी जा रही है. इसके साथ ही थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त फोर्स की तैनाती भी की गई है.थाना अध्यक्ष रामचंद्र चौपाल ने बताया कि बकरीद पर्व को देखते हुए परसथुआ पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए व्यापक स्तर पर सुरक्षा का प्रबंध किए हैं. बकरीद के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए काफी संख्या मे जवान तैनात किए गए हैं.जवानों की तैनाती का मकसद संवेदनशील इलाकों, भीड़भाड़ वाले बाजारों और धार्मिक स्थलों पर कड़ी निगरानी रखना है.साथ ही थाना के द्वारा 24 घंटे इन इलाकों पर नजर रखी जाएगी और संदिग्ध गतिविधियों पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी. बैठक मे मौजूद पदाधिकारियों ने समाज सेवी तथा पंचायत प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि अपने अपने क्षेत्रो मे संवेदनशील तथा अतिसंवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं समूह सम्पादक कैलाशनाथ के द्वारा अजीमाबाद प्रिन्टर 5-47 प्लाट न0 905 वाचस्पती कॉलनी रोड कुम्हरार गुमटी संदलपुर रोड, पटना से मुद्रित होकर 302, रघुवंशम अपार्टमेन्ट किदवईपुरी, पटना से प्रकाशित। कार्यकारी संपादक-योगेन्द्र विश्वकर्मा। फोन/फैक्स 0612-2522597, 2529927 मो. 8578001500 पोस्ट पंजीयनः CO- 174/2002 आर.एन.आई BIHHIN/2002/9030, इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद पटना न्यायालय के अधीन होंगे। email ID-tarunmitrapatna@gmail.com

# सीडीओ की अध्यक्षता में स्वरोजगारपरक योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित



संत कबीर नगर , 26 मई (तरुणमित्र)। जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला उद्योग बन्धु समिति/जिला निर्यात प्रोत्साहन समिति एवं पी0 एम0 विश्वकर्मा जिला क्रियान्वयन समिति तथा विभाग द्वारा संचालित स्वरोजगारपरक योजनाओं की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुयी। बैठक में सदस्य सचिव/उपायुक्त उद्योग द्वारा निवेश मित्र पोर्टल पर लम्बित प्रकरणों को प्रस्तुत किया गया, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सम्बन्धित विभागों को निवेश मित्र पोर्टल पर लम्बित प्रकरणों को यथाशीघ्र निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया।

उपायुक्त उद्योग द्वारा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न स्वरोजगारपरक योजनाओं यथा-मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना एवं एक जनपद एक उत्पाद वित्त पोषण योजना की प्रगति के सम्बन्ध में समिति को अवगत कराया गया। सी0एम0 युवा अभियान के बारे में भी विस्तृत रूप से अद्यतन प्रगति से अवगत कराया गया। इस सम्बन्ध में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा अग्रणी जिला प्रबन्धक, एस0बी0आई0 एवं उपायुक्त उद्योग को निर्देशित किया गया कि इस उपरोक्त योजनाओं/सी0एम0 युवा अभियान को व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार कराते हुए निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति समयबद्ध सुनिश्चित किया जाये। बैठक में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के अन्तर्गत प्राप्त एम0ओ0यू0 एवं जी0बी0सी0 / 5.0 हेतु तैयार प्रस्तावों पर गहन समीक्षा की गयी। श्री विशाल श्रीवास्तव, उद्यमी मित्र द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि जनपद हेतु धनराशि रू0 2000 करोड़ का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जिसके सापेक्ष अब तक कुल 1110 करोड़ का जी0बी0सी0 रेडी पोर्टल पर कर दिया गया है। जिस पर मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा बैठक में उपस्थित सम्बन्धित विभागों को निर्देशित किया गया कि वे जी0बी0सी0 / 5.0 हेतु अधिक से अधिक एम0ओ0यू0 हस्ताक्षरित करायें, जिससे जनपद का लक्ष्य पूर्ण हो सकें। इसी क्रम में उपायुक्त उद्योग द्वारा पी0एम0 विश्वकर्मा योजना सम्बन्ध में गठित समिति के समक्ष योजना की अद्यतन प्रगति से अवगत कराया गया। जिस पर मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा बैठक में उपस्थित सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि उपायुक्त उद्योग से समन्वय करते हुए पी0एम0 विश्वकर्मा योजनान्तर्गत प्राप्त सूची का भौतिक सत्यापन करते हुए पात्र/अपात्र सूची उपायुक्त उद्योग को उपलब्ध कराये।

इस अवसर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर प्रियम राजशेखर पांडे, उपायुक्त उद्योग राजकुमार शर्मा, बब्लू गुप्ता शासन द्वारा नामित उद्योग बन्धु समिति सदस्य औद्योगिक, लीड बैंक मैनेजर पवन कुमार सिन्हा, जिला आबकारी अधिकारी संजय कुमार, अधिशासी अभियंता विद्युत राजेश कुमार, जिला उद्यान अधिकारी समुद्रगुप्त मल्ल, जिला बाट माप अधिकारी बी0पी0 वर्मा, श्रम प्रवर्तन अधिकारी मनोज कुमार, अरविंद पाठक सहित व्यापारिक संगठन के पदाधिकारीगण तथा जनपद स्तरीय अधिकारीगण/उद्यमीगण/व्यापारीगण आदि उपस्थित रहें।

# तंबाकू सेवन से कैंसर इलाज में खर्च के 10 लाख का भुगतान करे बीमा कंपनी

- क्षतिपूर्ति के रुप में रुपए 2.10 लाख अदा करने का आदेश
- जिला उपभोक्ता आयोग ने सुनाया फैसला

संत कबीर नगर, 26 मई (तरुणमित्र)। जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार सिंह व महिला सदस्य संतोष ने मुंह के कैंसर के इलाज का खर्च बीमा कंपनी द्वारा न देने के मामले को गंभीरता से लिया है। इलाज में खर्च रुपए 14 लाख 86 हजार 72 में से बीमा धन रुपए 10 लाख ब्याज समेत अदा करने का आदेश बीमा कंपनी को दिया है। इसके साथ ही क्षतिपूर्ति के रुप में रुपए दो लाख 10 हजार अतिरिक्त अदा करना होगा। सूर्यविहार कालोनी गोरखपुर के निवासी अनिल सिंह ने अद्विक लीगल कंसल्टेंसी के माध्यम से न्यायालय में वाद दाखिल कर कहा कि वह वर्तमान में खलीलाबाद में रहते हैं। उन्होंने आदित्य बिड़ला हेल्थ इंश्योरेंस बीमा कंपनी से रुपए 10 लाख का वर्ष 2022 में स्वास्थ्य बीमा लिया था। उन्होंने अपना व अपने परिवार का बीमा कराते समय उनके खान पान के आदतों व अपने द्वारा किए जा रहे तम्बाकू/सुर्ती सेवन के बारे में बीमा कंपनी को बताया था, जिसके अतिरिक्त प्रीमियम का भुगतान करते रहे।

वर्ष 2024 में उन्होंने रुपए 61 हजार 380 प्रीमियम की रकम का भुगतान किए। अगस्त 2024 में उन्हें पित्ताशय में पथरी हुई, जिसके आपरेशन में रुपए 29 हजार व्यय हुए। उक्त खर्च का भुगतान बीमा कंपनी द्वारा टाल मटोल कर नही किया गया। नवम्बर 2024 में मुंह में गांठ हो गया। एम्स गोरखपुर में बायोप्सी जांच हुई, जिससे मुंह के कैंसर की पुष्टि हुई। वह इलाज कराने फरीदाबाद गए। इसकी सूचना बीमा कंपनी को देने तथा स्वीकृति प्राप्त होने पर उन्होंने स्वयं को एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज फरीदाबाद में भर्ती करा दिया। दिनांक 30 जनवरी 2025 तक इलाज व आपरेशन हुआ, जिसमें रुपए 11 लाख 14 हजार 998 व्यय हुआ।

बीमा कंपनी को समस्त प्रपत्र उपलब्ध कराकर दावे के भुगतान की मांग की गई। कुछ समय बाद पुनः समस्या उत्पन्न हो गई, जिसके इलाज के लिए उन्हें पुनः फरीदाबाद जाना पड़ा। दवा इलाज में कुल रुपए 14 लाख 86 हजार 72 व्यय हुए। अंततः बीमा कंपनी सभी दावे को यह कहकर अस्वीकृत कर दिया कि दावेदार तम्बाकू सेवन करता है, जो बीमा से कवर नही है।

थक-हार कर अद्विक लीगल कंसल्टेंसी के माध्यम से न्यायालय में वाद दाखिल करना पड़ा। न्यायालय ने पत्रावली पर दाखिल प्रपत्रों व साक्ष्यों का अवलोकन करने तथा दोनों पक्ष के बहस को सुनने के उपरांत बीमा कंपनी के खिलाफ फैसला सुनाया है।

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस अधीक्षक ने जनशिकायती प्रार्थना पत्रों के निस्तारण के सम्बन्ध में की समीक्षा

संत कबीर नगर , 26 मई (तरुणमित्र)। आज दिनाँक 26.05.2026 को पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर संदीप कुमार मीना द्वारा थाना कोतवाली खलीलाबाद, थाना दुधारा, थाना धनघटा, थाना महुली, थाना मेहदावल, थाना बखिरा व थाना बेलहरकला पर नियुक्त चौकी प्रभारियों के साथ जनशिकायती प्रार्थना पत्र में बढ़ोत्तरी के सम्बन्ध में समीक्षा की गयी । समीक्षा के दौरान जनपद संतकबीरनगर के जिन चौकी क्षेत्रों से जनशिकायती प्रार्थना पत्र की बढोत्तरी हुयी है, उन चौकी प्रभारी को जनशिकायती प्रार्थना पत्रों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया । साथ ही बढ़ रहे जनशिकायती प्रार्थना पत्र को लेकर नाराजगी व्यक्त की गयी । चौकी प्रभारियों को जनशिकायतों की सुनवाई कर त्वरित जांच, विधिक निस्तारण तथा क्षेत्र में अपराध नियंत्रण हेतु प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए । साथ ही भविष्य में किसी प्रकार की लापरवाही एवं शिथिलता न बरतने हेतु चेतावनी दी गयी । हिदायत दिया कि सभी चौकी प्रभारी खुद मौके पर जाकर दोनों पक्षों की बात सुनें और पूरी निष्पक्षता के साथ मामले की जांच करें । फर्जी या कागजी आख्या लगाने वालों के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी । प्रार्थना पत्रों के निस्तारण के लिए तय की गई समय सीमा में शत-प्रतिशत पालन होना चाहिए । कोई भी आवेदन बेवजह लंबित न रखा जाए ।

### वरिष्ठ अधिवक्ता की जयंती पर हुआ प्रबुद्ध जन सम्मान समारोह

बिसवां (सीतापुर ), 26 मई (तरुणमित्र)। तहसील बिसवा के वरिष्ठ अधिवक्ता स्व.वीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव जयंती के उपलक्ष्य में तहसील परिसर स्थित तहसील सभागार में अधिवक्ता एवं प्रबुद्धजन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बिसवा बार एसोसिएशन बिसवा एवं बिसवां लायर्स एसोसिएशन बिसवा के वरिष्ठ अधिवक्ताओ अधिवक्ताओं एवं चिकित्सकों, शिक्षक को सम्मानित किया गया।मुख्य अतिथि जनपद न्यायाधीश आशीष जैन, सीजेएम गौरव प्रकाश ने तहसील बिसवा के वरिष्ठ अधिवक्ता लालजी वर्मा,आर एन सिंह,कमलेश मौर्य मृदु, शमीम कौसर सिद्दीकी,बिलाए अध्यक्ष आनन्द मेहरोत्रा,सचिव बिलाए नागेन्द्र प्रताप मौर्य सहित अनेकअधिवक्ताओं को सम्मानित किया गया। प्रबुद्ध नागरिकों में पंच कैलाशी साधना बाजपेई,वरिष्ठ अवकाश प्राप्त शिक्षक सुरेश चन्द्र मिश्र,चिकित्सक डा अमित सक्सेना,नेत्र चिकित्सक डा मो शावेज सहित अन्य प्रबुद्धजन को भी सम्मानित किया गया।

# मौत, मोलभाव और मैनेजमेंट का अड्डा बना किलकारी हॉस्पिटल

- नवजात की मौत पर फिर फूटा गुस्सा, आखिर कितनी लाशों के बाद जागेगा सिस्टम
- नवजात की मौत पर सौदेबाजी, पुलिस की मौजूदगी में दफन हुआ सच

कुशीनगर, 26 मई (तरुणमित्र)। जनपद में निजी अस्पतालों की बेलगाम व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में है। हमेशा विवादों में रहने वाले पडरौना स्थित किलकारी हॉस्पिटल और उसके संचालक डॉ. कमलेश वर्मा एक बार फिर नवजात की मौत के बाद सुर्खियों में है। आरोप वही पुराने हैं। गलत इलाज, लापरवाही, मौत और फिर समझौते का खेल। इस बार भी एक गरीब परिवार का दीपक बुझ गया और सिस्टम फिर अस्पताल की ढाल बनकर खड़ा दिखाई दिया। बतादे कि जनपद के खड्डा थाना क्षेत्र के सालिकपुर गांव निवासनी नंदनी पत्नी विष्णु अपने नवजात बच्चे को तेज धड़कन की शिकायत पर पडरौना बडी नहर के पटरी के किनारे स्थित किलकारी अस्पताल लेकर पहुंचे थे।

हास्पिटल प्रशासन द्वारा परिवार को भरोसा दिया गया कि बच्चा ठीक हो जाएगा। छह दिन तक भर्ती रखकर इलाज के नाम पर हजारों रुपये वसूले गए, लेकिन परिजनों का आरोप है कि हालत लगातार बिगड़ती रही। आखिर में बीस हजार रुपये जमा कराने के बाद गोरखपुर रेफर कर दिया गया। परिवार का आरोप है कि तब तक मासूम की सांसें थम चुकी थीं। मासूम की मां जब कैमरों के सामने फूट-फूटकर डॉक्टर की लापरवाही गिना रही थी, उसी समय अस्पताल के भीतर मामला मैनेज करने की पटकथा लिखी जा रही थी।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हंगामा बढ़ते देख अस्पताल प्रबंधन ने अपने करीबी लोगों, कथित पत्रकारों और पुलिस को मौके पर बुला लिया।

फिर शुरू हुआ दबाव का खेल। सबसे बड़ा सवाल पुलिस की भूमिका को लेकर उठ रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पुलिस पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के बजाय समझौते की सलाह देती दिखी। परिजनों को यह कहकर डराया गया कि यदि कार्रवाई करोगे तो नवजात का पोस्टमार्टम होगा, इतने छोटे बच्चे की चीर-फाड़ से क्या मिलेगा।

### पंचायत भवन में डिजिटल लाइब्रेरी का हुआ शुभारंभ

लालगंज, प्रतापगढ़, 26 मई (तरुणमित्र)। ग्राम पंचायत भवन में मंगलवार को डिजिटल लाइब्रेरी का समारोहपूर्वक शुभारंभ हुआ। लालगंज के तारापुर में ब्लाक प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह पंकज ने डिजिटल लाइब्रेरी का समारोहपूर्वक शुभारंभ किया। कार्यक्रम के संयोजक ग्राम प्रधान विमलेश सिंह ने योजना के उददेश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ग्रामीण प्रतिभाओं को ज्ञानार्जन के क्षेत्र में अवसर उपलब्ध कराया जाना प्राथमिकता है। मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख इं0 अमित प्रताप सिंह पंकज ने कहा कि ज्ञानार्जन के क्षेत्र में ग्रामीण प्रतिभाएं हर पटल पर सफलता का इतिहास रच रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता एडीओ पंचायत विमलेश मिश्र व संचालन सचिव अक्षय प्रताप सिंह ने किया।

### अश्लील वीडियो से ब्लैकमेल का आरोप, विच्छेद हुई शादी,एसपी से लगाई न्याय की गुहार

तमकुहीराज/कुशीनगर, 26 मई (तरुणमित्र)। जिले के बिशुनपुरा थाना क्षेत्र से एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसने महिला सुरक्षा, पुलिस कार्यप्रणाली और न्याय व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।थाना क्षेत्र के गांव भुवालपट्टी निवासी प्रियंका देवी ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में गांव के ही एक युवक पर अश्लील वीडियो बनाकर वर्षों तक ब्लैकमेल, मानसिक-शारीरिक शोषण और वैवाहिक जीवन बर्बाद करने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी सत्येंद्र पुत्र इंद्रासन गुप्ता ने मेरा निजी वीडियो बनाकर उसको हथियार बनाकर लंबे समय तक उसे धमकाया, बदनामी का डर दिखाया और लगातार दबाव बनाता रहा। परिवार ने सामाजिक सम्मान बचाने के उद्देश्य से उसकी शादी रामकोला क्षेत्र में कर दी,आरोप है कि शादी के बाद भी ब्लैकमेलिंग और कथित दबाव का सिलसिला नहीं थमा।शिकायत के अनुसार 14 मई 2026 की रात आरोपी कथित तौर पर पीड़िता के ससुराल पहुंच गया और जबरन संबंध बनाने का प्रयास किया। हंगामे के बीच परिजनों ने उसे पकड़ने की कोशिश की, लेकिन वह भाग निकला। घटना के बाद पीड़िता का दांपत्य जीवन टूट गया और उसे बच्चों सहित घर छोड़ने की नौबत आ गई।मामले का सबसे संवेदनशील पहलू यह बताया जा रहा है ।

## प्रगणक घर-घर जाकर कर रहे मकानों की गणना

संत कबीर नगर, 26 मई (तरुणमित्र)। अपर जिलाधिकारी (वित्त व राजस्व)/जिला जनगणना अधिकारी सत्य प्रकाश ने बताया है कि भारत की जनगणना 2027 में *मकानों की गणना दिनॉक 22.05.2026 से दिनॉक 20.06.2026 के मध्य पूर्ण किया जाना है। उन्होंने बताया कि उक्त के क्रम में जनपद के शत प्रतिशत मकानों की गणना किए जाने हेतु समस्त चार्ज आफिसरों को निर्देशित कर दिया गया है कि समस्त चार्ज आफिसर अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर जनगणना कार्य में लगें प्रगणकों, सुपरवाइजरों से मिलकर प्रक्रियागत समस्याओं, यदि कोई हो तो उसका निराकरण कराये तथा जनगणना के कार्य में प्रगति लाना सुनिश्चित करें। उक्त के क्रम में आज चार्ज आफिसर/तहसीलदार खलीलाबाद आनन्द ओझा, अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत बेलहर अमित सिंह, तहसीलदार धनघटा रामजी, अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत मेंहदावल तथा बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह द्वारा क्षेत्रों में भ्रमण कर जनगणना में लगे प्रगणकों तथा अन्य क्षेत्र-वासियों से सम्पर्क किया गया तथा आमजनमानस को जनगणना में सहयोग करने हेतु संदेश/आह्वान किया गया। इसी क्रम में आज मेहदावल तहसील में 0621 के प्रगणक शिवचंद्र कुमार मौर्य व उनके सुपरवाइजर राम अनुज द्वारा अपने पूरे ब्लॉक की गणना ( 156 जनगणना मकान) कर नक्शा जमा किया गया। कम समय में इनके द्वारा सराहनीय कार्य किया गया है।

# दलित छात्रा के उत्पीड़न मामले पर कांग्रेस का प्रदर्शन, राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन



देवरिया, 26 मई (तरुणमित्र)। जनपद महोबा में नीट की तैयारी कर रही दलित छात्रा के अपहरण, सामूहिक दुष्कर्म एवं अमानवीय यातनाओं के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकताओं ने प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से सौंपा। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विजय शेखर मल्ल के नेतृत्व में कांग्रेसजन टाउन हॉल स्थित पार्टी कार्यालय से जुलूस की शक्ल में सुभाष चौक, सिविल लाइंस मार्ग होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे।

इस दौरान कार्यकताओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पीड़िता को न्याय दिलाने और दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग उठाई। कलेक्ट्रेट पहुंचकर कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने उप जिलाधिकारी सदर प्रवीण कुमार को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि महोबा की घटना ने मानवता को शर्मसार कर दिया है और प्रदेश की कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं।जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश में महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा भगवान भरोसे है तथा भाजपा सरकार कानून व्यवस्था बनाए रखने में विफल साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी पीड़िता को न्याय दिलाने और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई तक संघर्ष जारी रखेगी। ज्ञापन में मामले की निष्पक्ष एवं त्वरित जांच, दोषियों की जल्द गिरफ्तारी तथा पीड़िता और उसके परिवार को सुरक्षा व आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की गई। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष सुयश मणि त्रिपाठी, बिस्मिल्लाह लारी, धर्मेंद्र सिंह, रामजी गिरी, भरत मणि त्रिपाठी, नागेंद्र शुक्ला, आनंददेव गिरी चुन्नू, जुलेखा खातून, संजीव कुमार मिश्रा, चंदन वर्मा, मार्कण्डेय मिश्रा, आलोक त्रिपाठी, शिव शंकर सिंह समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## विकास कार्यों में गुणवत्ता व पारदर्शिता बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता : डीएम



बस्ती , 26 मई (तरुणमित्र)। जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में 50 लाख से अधिक लागत वाली विकास परियोजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी, कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि, अधिकारी उपस्थित रहे।बैठक में जिले में संचालित विभिन्न निर्माण एवं विकास परियोजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति की जानकारी लेते हुए कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता एवं पारदर्शिता बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है। समीक्षा के दौरान कुछ परियोजनाओं की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की तथा संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं को कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।जिलाधिकारी ने अधिकारियों को नियमित रूप से स्थलीय निरीक्षण करने एवं कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाए। बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर लंबित परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराएं।जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप सभी विकास कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा किया जाना आवश्यक है।

# बैतालपुर में डीएम का औचक निरीक्षण स्वास्थ्य सेवाओं व कार्यालय व्यवस्था पर सख्ती




देवरिया , 26 मई (तरुणमित्र)। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने मंगलवार को बैतालपुर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और खंड विकास अधिकारी कार्यालय का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं, साफ-सफाई, दवा उपलब्धता और कर्मचारियों की उपस्थिति की जांच करते हुए जिम्मेदार अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

सुबह करीब 9:15 बजे पीएचसी पहुंचे जिलाधिकारी ने ओपीडी, प्रसव केंद्र, दवा वितरण कक्ष समेत विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों को समय से उपस्थित रहकर मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही अस्पताल में जरूरी दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने और मरीजों के साथ संवेदनशील व्यवहार करने पर जोर दिया।जिलाधिकारी ने अस्पताल परिसर और वार्डों की साफ-सफाई व्यवस्था को भी गंभीरता से लेते हुए नियमित स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इलाज और दवा के लिए किसी भी मरीज को परेशानी नहीं होनी चाहिए।इसके बाद लगभग 10 बजे जिलाधिकारी ने बीडीओ कार्यालय बैतालपुर का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने उपस्थिति पंजिका और अभिलेखों की जांच करते हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को समय से कार्यालय पहुंचने तथा जनसमस्याओं का त्वरित निस्तारण को कहा।

उन्होंने निर्देश दिया कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से पहुंचे। साथ ही चेतावनी दी कि कार्य में लापरवाही या शिथिलता मिलने पर संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# नगर पंचायत के तीन वर्ष पूर्ण होने पर मनाया गौरव दिवस

बस्ती , 26 मई (तरुणमित्र)। नगर पंचायत नगर के तीन वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर मंगलवार को गौरव दिवस का आयोजन गया। अध्यक्ष नीलम सिंह राना ने महर्षि वशिष्ठ जी की प्रतिमा के समक्ष द्वीप प्रज्वलन कर समारोह का उद्घाटन किया। नगर पंचायत कार्यालय पर आयोजित भव्य समारोह में अध्यक्ष नीलम सिंह राना ने 15 करोड़ रुपए की 79 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास के 312 लाभार्थियों को स्वामित्व प्रमाणपत्र प्रदान कर उत्कृट कार्य करने वाले आधा दर्जन कर्मियों को उपहार देकर सम्मानित किया।

श्रीमती कहा कि नगर को देश का मॉडल नगर पंचायत बनाना मेरा दृढ़ संकल्प है। कहा कि सभी पंद्रह वार्डों में भेदभाव रहित गुणवत्तापूर्ण विकास कार्य संचालित किए जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि जरूरतमंदों के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष विवेकाधीन कोष,साप्ताहिक जनता दर्शन, जन शिकायतों के लिए टोल फ्री नंबर,प्रत्येक माह स्वच्छता अभियान, मासिक योग दिवस, हर माह एक वार्ड में वृद्ध जन सम्मान समारोह, 60 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों के लिए श्री राम धाम निःशुल्क यात्रा, निःशुल्क शव वाहन की सुविधा, रिक्शा ठेला चालकों के लिए श्रमवीर सम्मान योजना, गरीब मृतक परिवारों के सहयोग हेतु संस्कार सहभागिता योजना, डॉ एपीजे अब्दुल कलाम स्मृति मेधावी विद्यार्थी सम्मान योजना, धार्मिक स्थलों के लिए धर्म ज्योति योजना, खिलाड़ियों और कलाकारों को अवसर प्रदान करने के लिए नगर महोत्सव एवं अमर शहीद मेला जैसा कार्यक्रम संचालित करने वाला नगर देश की पहली नगर पंचायत बन गई है।

उत्तर प्रदेश राज्य पंचायत परिषद के प्रदेश अध्यक्ष राना दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि अमर बलिदानी राजा उदय प्रताप नारायण सिंह एवं स्वाधीनता सेनानी सरजू भगत निषाद लो पावन भूमि की सेवा करना सौभाग्य की बात है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी जी के विकसित संकल्प भारत यात्रा में सहभागी बनने के लिए नगर को विकसित नगर पंचायत बनाने का सुझाव दिया। अधिशाषी अधिकारी श्रृष्टि सिंह ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप योजनाएं तथा कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

# जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में डीएम सख्त, एनएचएआई को दी चेतावनी



गाजीपुर , 26 मई (तरुणमित्र)। जिला सुरक्षा समिति की बैठक जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता में कलेक्टेज्ट कक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में निर्देश दिये गये कि समस्त अधिकारीगण बैठक में स्वयं प्रतिभाग करेंगे एवं अनुपालन आख्या के साथ कृत कार्यवाही का विस्तृत विवरण फोटोग्राफ्स सहित क्रमिक माह एवं विगत वर्ष में उसी माह के तुलनात्मक विवरण के साथ संलग्न किया जाये।

हिट एण्ड रन केस के सम्बन्ध में जागरूक किये जाने हेतु मीडिया में प्रचार-प्रसार करने हेतु पुलिस विभाग द्वारा इस सम्बन्ध में कार्यशाला आयोजित करायी जाय एवं प्रभावित व्यक्तियों को परिवहन विभाग में आवेदन हेतु जानकारी दी जाये। परिवहन विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में हिट एण्ड रन का कोई प्रकरण लम्बित नहीं है। सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को तत्काल गोल्डेन ऑवर में चिकित्सा केन्द्र पर पहुचाने हेतु आम लोगो को जागरूक करने हेतु प्रचार-प्रसार किये जाने के निर्देश दिये गये। इस सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि राहवीर योजना के तहत घायल व्यक्ति अस्पताल पहुचाने वाले व्यक्ति को रू. 25000 का पुरस्कार भी दिया जायेगा। प्रचार-प्रसार के लिए सार्वजनिक स्थलों, विद्यालयों टोल प्लाजाओं ब्लैक स्पॉट वाले स्थल, थाना व अस्पताल पर होडिंग्स लगाये जाने एवं सोशल मीडिया पर भी प्रचार प्रसार किये जाने के निर्देश दिये गये। हाईवे पर चिन्हित स्थानों पर ही पार्किंग की जायें अन्यत्र स्थलों पर पार्किंग किये जाने पर कार्यवाही की जाये। हाईवे पर ई रिक्शा का संचालन पूर्णत प्रतिबन्धित है अतः किसी भी स्थिति में ई रिक्शा का संचालन न होने दिया जाय। हाईवे पर तवदह पकम चलने वाले, दो पहिया वाहनो पर बिना हेलमेट चलने, सीट बेल्ट का प्रयोग न करने, वाहन चलाते समय मोबाईल का प्रयोग करने एवं शराब पीकर नशो की हालत में वाहन चलाने वाले चालको पर ब्रैथ एनालाइजर द्वारा जांच कर कड़ी कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये। वाराणसी-गाजीपुर राष्ट्रीय मार्ग संख्या-31 पर मार्ग पर स्थानीय लोगों द्वारा बार-बार मीडियन को तोडकर अवैध कट बना दिये जाते है। इस सम्बन्ध में निर्देश दिये गये कि ऐसे स्थलों के नजदीक के भवनों पर सी.सी.टी.वी. कैमरे द्वारा पुनः अवैध कट बनाने वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर नामजद एफ.आई.आर. दर्ज करायी जाय।

बैठक में एन.एच.ए.आई., गाजीपुर के परियोजना निर्देश क के उपस्थित न रहने पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा अत्यंत रोष व्यक्त किया गया एवं एन.एच.ए.आई. अधिकारियो को निर्देश दिये गये कि एन.एच.ए.आई., यातायात पुलिस एवं थाना पुलिस के अधिकारी जनपद गाजीपुर की सीमा के अन्तर्गत वाराणसी-गोरखपुर फोरलेन हाईवे पर यातायात पुलिस द्वारा चिन्हित किये गये कटो पर सयुक्त निरीक्षण कर दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु अपनी संस्तुति सहित आख्या प्रस्तुत करेगें एवं तदनुसार एन.एच.ए.आई. द्वारा 10 दिनो के अन्दर सुधार कार्य पूर्ण करा दिये जायेगें। एन.एच.ए.आई. द्वारा सुधार कार्य न कराये जाने पर यदि कोई दुर्घटना घटित होती है तो एन.एच.ए.आई. के अधिकारियों के विरूद्व एफ.आई.आर. दर्ज करायी जाए। बैठक में लो0नि0वि0 के अधिशासी अभियन्ता, बी.एल. गौतम, संतोष कुमार, किरन पाल, अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व), जिला विद्यालय निरीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक(नगर), यातायात निरीक्षक सहित परिवहन, एन.एच.ए.आई., स्वास्थ विभाग के अधिकारियो व बस/ट्रक यूनियन के पधाधिकारी उपस्थित रहें।

# डॉ. मनसुख मांडविया ने नई दिल्ली में लॉन्च की योगासन की पहली वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मक खेल पहल



**नई दिल्ली।** विश्व योगासन चैम्पियनशिप के पहले संस्करण का मंगलवार को नई दिल्ली में आधिकारिक अनावरण किया गया। यह दुनिया की पहली अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धात्मक योगासन चैम्पियनशिप होगी। केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने महासंघ के पदाधिकारियों और विभिन्न खेल संगठनों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में इस वैश्विक खेल पहल का शुभारंभ किया।

विश्व योगासन चैम्पियनशिप 2026 का आयोजन 4 से 8 जून तक अहमदाबाद के एका एरिना में किया जाएगा। प्रतियोगिता में 60 से अधिक देशों के खिलाड़ी और प्रतिनिधिमंडल हिस्सा लेंगे। युगांडा, जाम्बिया, श्रीलंका, नेपाल, केन्या, जापान, ओमान, मॉरीशस और नीदरलैंड्स सहित दुनिया के कई देशों की भागीदारी इस आयोजन को ऐतिहासिक वैश्विक पहचान प्रदान कर रही है। इस चैम्पियनशिप को योगासन को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त प्रतिस्पर्धात्मक खेल के रूप में स्थापित करने और भविष्य में ओलंपिक मान्यता दिलाने की दिशा में भारत की बड़ी पहल माना जा रहा है। **लोगो, ट्रॉफी और मैस्कॉट 'वीर' का भी अनावरण-** कार्यक्रम के दौरान चैम्पियनशिप का आधिकारिक लोगो, ट्रॉफी, जर्सी और ह्यवीरह्ल नामक शेर मैस्कॉट भी लॉन्च किया गया। आयोजन की थीम भारत की सांस्कृतिक विरासत, युवा शक्ति, वैश्विक एकता और आधुनिक खेल उत्कृष्टता को दर्शाती है। विश्व योगासन चैम्पियनशिप को युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, आयुष मंत्रालय, भारतीय खेल प्राधिकरण (साई), गुजरात खेल प्राधिकरण, गुजरात पर्यटन तथा गुजरात योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन का सहयोग प्राप्त है।

केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने इस अवसर पर कहा कि अब भारत योगासन को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धात्मक खेल के रूप में स्थापित करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

विश्व योगासन चैम्पियनशिप हमारे युवाओं, हमारी संस्कृति और वैश्विक खेलों में भारत की बढ़ती भूमिका का प्रतीक है।

उन्होंने कहा कि यह आयोजन योगासन आधारित खेल अर्थव्यवस्था को नई दिशा देगा और दुनिया भर के खिलाड़ियों को भारत से जोड़ने का माध्यम बनेगा। विश्व योगासन एवं योगासन भारत के महासचिव डॉ. जयदीप आर्य ने कहा कि पांचों महाद्वीपों से मिल रही भागीदारी इस बात का संकेत है कि योगासन तेजी से वैश्विक खेल के रूप में उभर रहा है।

उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल एक चैम्पियनशिप आयोजित करना नहीं, बल्कि योगासन को आधुनिक खेल मानकों के अनुरूप विश्वस्तरीय खेल अनुशासन के रूप में स्थापित करना है। योगासन भारत के अध्यक्ष उदित शेठ ने कहा कि योगासन भारत का दुनिया को एक बड़ा खेल योगदान बन सकता है। यह केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि भारत से शुरू हुआ वैश्विक खेल अभियान है, जिसमें आधुनिक स्कोरिंग, प्रशिक्षण और ब्रॉडकास्टिंग सिस्टम को शामिल किया गया है। एशियन योगासन के अध्यक्ष डॉ. संजय मालपानी ने कहा कि एशिया सहित दुनिया के कई हिस्सों में योगासन युवा खिलाड़ियों के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहा है।

विश्व योगासन की सचिव एकता बौडरलीक ने कहा कि योगासन बच्चों और युवाओं में संतुलन, एकाग्रता, धैर्य और अनुशासन जैसे गुण विकसित करने वाला प्रभावशाली खेल बन सकता है। चैम्पियनशिप में पारंपरिक योगासन, आर्टिस्टिक योगासन, रिदमिक पेयर्स और टीम इवेंट्स जैसी स्पर्धाएं आयोजित होंगी।

# टी-20 मुंबई लीग के लिए धवल कुलकर्णी बने ईगल ठाणे स्ट्राइकर्स के हेड कोच



**ठाणे (महाराष्ट्र)।** आगामी टी-20 मुंबई लीग के लिए ईगल ठाणे स्ट्राइकर्स ने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में लंबा अनुभव रखने वाले पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज धवल कुलकर्णी को टीम का हेड कोच नियुक्त किया है। पिछले सीजन में सेमीफाइनल तक पहुंचने वाली ईगल ठाणे स्ट्राइकर्स इस बार उनके मार्गदर्शन में खिताबी जंग के लिए लड़ती नजर आएगी।

हेड कोच नियुक्त किए जाने के बाद धवल कुलकर्णी ने टीम के साथ जुड़ने और खिलाड़ियों के साथ काम करने को लेकर उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, 'अब तक का अनुभव बहुत अच्छा रहा है, टीम का हर खिलाड़ी उत्साहित है और अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए पूरी तरह तैयार है। हमने ऐसा माहौल बनाने की कोशिश की है, जहां खिलाड़ी जिम्मेदारी लें और निडरता के साथ क्रिकेट खेलें।'

आगामी सीजन के लिए अपनी रणनीति साझा करते हुए पूर्व भारतीय गेंदबाज ने कहा, 'हमारी रणनीति का मुख्य आधार ही फोकस है, हमारी यही कोशिश रहेगी कि चीजें सरलता के साथ की जायें। हम एक समय पर एक मैच पर ध्यान देना चाहते हैं और यही हमारी प्राथमिकता है।' इससे पहले ईगल ठाणे स्ट्राइकर्स के बल्लेबाज साईराज पाटिल ने कहा था कि पिछले सीजन में टीम फाइनल में पहुंचने से मामूली अंतर से चूक गई थी, लेकिन इस बार टीम का लक्ष्य हर हाल में मुंबई लीग का खिताब जीतना है। टी-20 मुंबई लीग का आयोजन 1 जून से 13 जून तक किया जाएगा। ईगल ठाणे स्ट्राइकर्स अपने अभियान की शुरूआत टूर्नामेंट के उद्घाटन मुकाबले में बांद्रा ब्लास्टर्स के खिलाफ करेगी।

टीमः आदित्य विनोद गिरी, अमर्त्य राजे, अनुज विनोद गिरी, अथर्व अंकोलेकर, अयान मोहित जैन, एकनाथ दिनेश केरकर, कार्तिक मिथिलेश मिश्रा, मनन भाट, ओंकार तुकाराम तरमले, रोहन राजेंद्र घाग, साईराज पाटिल, शार्दुल ठाकुर, शशिकांत एकनाथ कदम, शाश्वत योगेश जगताप।

# मेग लैनिंग ने विक्टोरिया अनुबंध छोड़ अपनाया फ्रीलांस क्रिकेटर का रास्ता



**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया की पूर्व कप्तान मेग लैनिंग ने अगले सत्र के लिए विक्टोरिया का अनुबंध नहीं लेने का फैसला किया है और अब वह फ्रीलांस क्रिकेटर के रूप में खेलती नजर आएंगी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद भी लैनिंग विक्टोरिया टीम का हिस्सा बनी हुई थीं, लेकिन पिछले सत्र में उन्होंने टीम के लिए केवल चार मुकाबले खेले थे। महिला बिग बैश लीग के बाद वह किसी भी मैच में नहीं उतरीं। मेग लैनिंग इस समय दुनिया की विभिन्न फ्रेंचाइजी लीगों में खेल रही हैं। वह महिला प्रीमियर लीग में यूपी वॉरियर्स, द हंड्रेड में मैनचेस्टर सुपर जायंट्स और इस सत्र में लंकाशायर के लिए टी-20 ब्लास्ट में हिस्सा ले चुकी हैं।

लैनिंग फिलहाल मेलबर्न स्टार्स के साथ भी अनुबंधित नहीं हैं। हालांकि पिछले महिला बिग बैश लीग सत्र में वह टीम की दूसरी सबसे सफल बल्लेबाज रहीं। उन्होंने 53.22 की औसत और 136.07 के स्ट्राइक रेट से 479 रन बनाए थे। क्रिकेट विक्टोरिया की महिला क्रिकेट प्रमुख किर्बी शॉर्ट ने मंगलवार को एक आधिकारिक बयान में कहा, 'हम मेग के फैसले का सम्मान करते हैं। महिला क्रिकेट तेजी से विकसित हो रहा है और खिलाड़ियों को अब दुनिया भर में खेलने के अवसर मिल रहे हैं। यह हमारे खेल के विकास का सकारात्मक संकेत है।'

**खराब सत्र पर विक्टोरिया ने जताई निराशा**

किर्बी शॉर्ट ने स्वीकार किया कि 2025-26 सत्र विक्टोरिया के लिए बेहद निराशाजनक रहा, जहां टीम अपने सभी 12 मुकाबले हार गई थी। उन्होंने कहा, 'हम पिछले सत्र के परिणामों पर गर्व नहीं कर सकते और हमें पता है कि हमें बेहतर प्रदर्शन करना होगा। हालांकि समीक्षा के बाद खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ के बीच सकारात्मक माहौल बनाने को लेकर स्पष्ट समझ बनी है।'

# अंडर-18 एशिया कप के लिए जापान रवाना हुई भारतीय पुरुष और महिला हॉकी टीमें

## केतन कुशवाहा और स्वीटी कुजूर संभालेंगे भारतीय टीमों की कमान



**नई दिल्ली।** भारतीय अंडर-18 पुरुष और महिला हॉकी टीमें अंडर-18 एशिया कप 2026 में भाग लेने के लिए जापान के काकामिगाहारा रवाना हो गई हैं। यह टूर्नामेंट 29 मई से 6 जून तक आयोजित किया जाएगा। भारतीय पुरुष टीम सोमवार शाम को दिल्ली से रवाना हुई, जबकि महिला टीम मंगलवार सुबह जापान के लिए रवाना हुई। दोनों टीमें भोपाल में आयोजित लंबे राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले गए अभ्यास मुकाबलों के बाद टूर्नामेंट में हिस्सा लेने जा रही हैं। पुरुष टीम के कोचिंग स्टाफ में सरदार सिंह और रजनीश मिश्रा शामिल हैं, जबकि भारतीय महिला टीम की कोच पूर्व कप्तान रानी हैं।

**ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मिली उपयोगी तैयारी-** एशिया कप की तैयारी के तहत भारतीय पुरुष और महिला टीमों ने भोपाल में ऑस्ट्रेलिया अंडर-18 टीमों के खिलाफ चार-चार अभ्यास मुकाबले खेले।

भारतीय पुरुष टीम ने एक मुकाबला जीता, एक हारा, जबकि दो मैच ड्रॉ रहे। वहीं भारतीय महिला टीम ने श्रृंखला का समापन शानदार जीत के साथ किया। इन मुकाबलों से खिलाड़ियों को महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय अनुभव मिला।

**केतन कुशवाहा करेंगे पुरुष टीम की कप्तानी-** फॉरवर्ड खिलाड़ी केतन कुशवाहा भारतीय पुरुष टीम की कप्तानी करेंगे। भारत को पूल-ए में रखा गया है। भारतीय टीम अपने अभियान की शुरूआत 29 मई को कजाखस्तान के खिलाफ करेगी। इसके बाद टीम जापान (31 मई), कोरिया (1 जून) और चीनी ताइपे (3 जून) से भिड़ेगी। पूल-बी में मलेशिया, पाकिस्तान, बांग्लादेश और चीन की टीमें शामिल हैं।

दोनों पूलों की शीर्ष दो टीमें 5 जून को होने वाले सेमीफाइनल में पहुंचेंगी, जबकि फाइनल मुकाबला 6 जून को खेला जाएगा।

# प्रज्ञानानंद, गुकेश और दिव्या ने आमार्गेडन में दर्ज की जीत

**ओस्लो (नॉर्वे)।** नॉर्वे शतरंज 2026 की शुरूआत रोमांचक मुकाबलों के साथ हुई, जहां पहले ही दौर में क्लासिकल और आमार्गेडन दोनों प्रारूपों में जबरदस्त संघर्ष देखने को मिला। भारतीय खिलाड़ियों ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए मजबूत शुरूआत की। सोमवार को शुरू हुए इस प्रतियोगिता में दिन का सबसे बड़ा उलटफेर तब हुआ जब फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा ने विश्व नंबर-1 मैग्नस कार्लसन को क्लासिकल मुकाबले में हरा दिया। मुकाबले के अधिकांश समय तक कार्लसन मजबूत स्थिति में नजर आ रहे थे, लेकिन समय के दबाव में उनसे बड़ी गलती हो गई, जिसका फायदा उठाते हुए फिरोजा ने जीत दर्ज कर ली। इस जीत के साथ फ्रांसीसी ग्रैंडमास्टर ने प्रतियोगिता में बढ़त बना ली।

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानानंद और वेस्ली सो के बीच क्लासिकल मुकाबला ड्रॉ रहा। इसके बाद खेले गए आमार्गेडन मुकाबले में प्रज्ञानानंद ने आक्रामक खेल दिखाते हुए जीत हासिल की और अतिरिक्त अंक अपने नाम किए। विश्व चैंपियन डी. गुकेश का सामना जर्मनी के शीर्ष खिलाड़ी विंसेंट कीमर से हुआ।

## अर्थव्यवस्था

# उतार-चढ़ाव के बाद लाल निशान में बंद हुआ शेयर बाजार



**नई दिल्ली।** सोमवार को शेयर बाजार में आई जोरदार तेजी के बाद आज हुई मुनाफा वसूली, अमेरिका और ईरान के बीच एक बार फिर तनाव बढ़ने की आशंका और एनएसई के पांच सूचकांकों और स्टॉक्स के डेरिवेटिव कांट्रैक्ट्स की मंथली एक्सपायरी होने की वजह से घरेलू शेयर बाजार में आज पूरे दिन तेज उठापटक का माहौल बना रहा। दिन भर के उतार चढ़ाव के बाद शेयर बाजार गिरावट के साथ लाल निशान में बना बंद हुआ। सेंसेक्स आज ऊपरी स्तर से 700 अंक से अधिक फिसल गया। इसी तरह निफ्टी भी ऊपरी स्तर से 200 अंक से अधिक टूट गया। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.63 प्रतिशत और निफ्टी 0.49 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए।

आज दिन भर के कारोबार के दौरान बैंकिंग, रियल्टी और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स सेक्टर के शेयरों में लगातार बिकवाली होती रही। इसी तरह आईटी, हेल्थकेयर, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और टेक इंटेक्स भी गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए।

दूसरी ओर, मेटल और कैपिटल गुड्स सेक्टर के शेयरों में आज लगातार खरीदारी होती रही। इसके अलावा ऑटोमोबाइल, एफएमसीजी और ऑयल एंड गैस इंडेक्स भी मजबूती के साथ हरे निशान में बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में आज खरीदारी होती रही, जिसके कारण निफ्टी का मिडकैप इंडेक्स 0.54 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.35 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

आज शेयर बाजार में आई कमजोरी के बावजूद स्मॉल और मिडकैप शेयरों में हुई खरीदारी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में एक लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 468.91 लाख करोड़ रुपये (अनंतिम) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी सोमवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 467.74 लाख करोड़ रुपये था।

# टीमटेक फॉर्मवर्क की स्टॉक मार्केट में प्रीमियम एंट्री, मुनाफे में आईपीओ निवेशक

**नई दिल्ली।** कंस्ट्रक्शन इंडस्ट्री के लिए मॉड्यूलर टी-फॉर्मवर्क और कस्टमाइज्ड फॉर्मवर्क सिस्टम बनाने वाली कंपनी टीमटेक फॉर्मवर्क सॉल्यूशंस के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में प्रीमियम एंट्री कर अपने आईपीओ निवेशकों को खुश कर दिया।

आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 63 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी लिस्टिंग 19.05 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 75 रुपये के स्तर पर ही हुई। लिस्टिंग के बाद बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण ये शेयर टूट 71.25 रुपये के लोअर सर्किट लेवल तक गिर गया। हालांकि थोड़ी देर बाद ही खरीदारों ने लिवाली का जोर बना कर लोअर सर्किट ब्रेक कर दिया। खरीदारी के सपोर्ट से ये शेयर उछल कर 76.80 रुपये के स्तर तक पहुंचा। हालांकि इसके बाद मुनाफा वसूली शुरू हो जाने के कारण इसकी चाल पर एक बार फिर दबाव बन गया। पूरे दिन का कारोबार होने के बाद टीमटेक फॉर्मवर्क सॉल्यूशंस के शेयर 72.75 रुपये के स्तर पर बंद हुए। इस तरह पहले दिन के कारोबार के बाद कंपनी के आईपीओ निवेशक प्रति शेयर 9.75 रुपये यानी 15.48 प्रतिशत के फायदे में रहे।

टीमटेक फॉर्मवर्क सॉल्यूशंस का 50.15 करोड़ रुपये का आईपीओ 19 से 21 मई के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से एवरेज रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 7.01 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 4.28 गुना सब्सक्राइब हुआ था। नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 12.79 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसी तरह रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 6.10 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इस आईपीओ के तहत 5 रुपये फेस वैल्यू वाले 79.60 लाख नए शेयर जारी किए गए हैं। आईपीओ के जरिये जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी नई मैन्युफैक्चरिंग यूनिट लगाने, प्लांट और मशीनरी खरीदने, पुराने कर्ज के बोझ को कम करने, वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने और आम कॉरपोरेट उद्देश्यों में करेगी।

कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें, तो कैपिटल मार्केट रेगुलेटर सेबी के पास जमा कराए गए ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत में लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी को 7.69 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2024-25 में बढ़ कर 7.84 करोड़ रुपये हो गया। इसके बाद पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी शुद्ध लाभ उछल कर 11.59 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया।

इस दौरान कंपनी की राजस्व प्राप्ति में भी बढ़ोतरी हुई। वित्त वर्ष 2023-24 में इसे 30.31 करोड़ का कुल राजस्व प्राप्त हुआ, जो वित्त वर्ष 2024-25 में बढ़ कर 32.98 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इसके बाद पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी की राजस्व प्राप्ति का आंकड़ा उछल कर 54.23 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। इस अवधि में कंपनी पर लदे कर्ज के बोझ में भी लगातार बढ़ोतरी होती रही। वित्त वर्ष 2023-24 के अंत में कंपनी पर 3.64 करोड़ रुपये के कर्ज का बोझ था, जो वित्त वर्ष 2024-25 में बढ़ कर 11.10 करोड़ रुपये हो गया। इसके बाद पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी पर लदे कर्ज का भार उछल कर 16.68 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया।

इस अवधि में कंपनी के रिजर्व और सरप्लस में भी बढ़ोतरी हुई। वित्त वर्ष 2023-24 में ये 11.23 करोड़ रुपये के स्तर पर था, जो 2024-25 में बढ़ कर 19.07 करोड़ रुपये हो गया। इसी तरह पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी का रिजर्व और सरप्लस छलांग लगा कर 22.21 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। इस दौरान कंपनी के ईबीआईटीडीए (अर्निंग बिफोर इंट्रेस्ट, टैक्सेज, डिप्रेशिएशंस एंड एमॉर्टाइजेशन) में भी बढ़ोतरी हुई।

कंपनी का ईबीआईटीडीए 2023-24 में 9.11 करोड़ रुपये के स्तर पर था, जो 2024-25 में बढ़ कर 9.24 करोड़ रुपये हो गया। इसी तरह पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी का ईबीआईटीडीए 17.50 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया।

# केवीआईसी जल्द ही 'खादी इंडिया' उत्पादों के लिए एक नया ई-कॉमर्स पोर्टल शुरू करेगा




**नई दिल्ली।** खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) के चेयरमैन मनोज कुमार ने मंगलवार को कहा कि केवीआईसी जल्द ही 'खादी इंडिया' उत्पादों के लिए अपने ई-कॉमर्स पोर्टल का नया संस्करण पेश करेगा।

नई दिल्ली में राजघाट के गांधी दर्शन पर स्थित केवीआईसी के कार्यालय में वित्त वर्ष 2025-26 के अनंतिम आंकड़े जारी करते हुए मनोज कुमार ने कहा कि आयोग ने उत्पादन, बिक्री और रोजगार सृजन के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। कुमार ने कहा कि केवीआईसी अब नए भारत में डिजिटल बदलाव की ओर बढ़ रहा है। आने वाले दिनों में हम खादी का ई-कॉमर्स पोर्टल पेश करने जा रहे हैं, जो आधुनिक होगा और 'जेनरेशन जेड' के लिए उपयुक्त होगा। हम अपने संपूर्ण डिजिटल परिवेश को नया रूप दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि शॉपिफाई द्वारा संचालित यह उन्नत ई-कॉमर्स पोर्टल वैश्विक मानकों के अनुरूप होगा और उपयोगकर्ता को बेहतर अनुभव कराएगा।

इसमें उत्पादों को आसानी से खोजने के लिए स्पष्ट रूप से परिभाषित श्रेणियां और उपयोगकर्ताओं के लिए 'शॉप द लुक' जैसे 'इंटरैक्टिव' तत्व होंगे।

मोबाइल-फर्स्ट दृष्टिकोण के साथ डिजाइन किए गए इस मंच में उच्च-रिजॉल्यूशन वाले तस्वीरों के माध्यम से बेहतर तरीके से उत्पादों को प्रदर्शित किया जाएगा और भुगतान की बेहतर सुविधाएं होंगी। इसके अलावा यह मंच ब्रांड की कहानी को भी सशक्त बनाएगा।

# एनएसई पर लंबी अवधि में पैसा बना रहा है 'यंग इंडिया', शेयर बाजार तक हुई आम लोगों की पहुंच

**नई दिल्ली।** देश में शेयर बाजार का क्रेज अब सिर्फ दक्षिण मुंबई के पॉश इलाकों तक ही सीमित नहीं है। पहले यह सिर्फ अल्टामाउंट रोड, मालाबार हिल या बांद्रा जैसी जगहों तक था लेकिन, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) की वजह से पिछले 30 सालों में माहौल बदला है। अब ग्रेटर नोएडा (यूपी) और रांची (झारखंड) जैसे शहरों के परिवार भी शेयरों और म्यूचुअल फंड में पैसा लगा रहे हैं। वे अपनी बचत का पैसा उन स्कीमों में लगा रहे हैं जो इस स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्टेड हैं। वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ एक्सचेंजेस (डब्ल्यूएफई) के मुताबिक, ट्रेड की संख्या के मामले में नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा इक्विटी एक्सचेंज है।

इसमें शक नहीं कि एनएसई पर महाराष्ट्र, यूपी और गुजरात के निवेशकों का ही दबदबा है। वित्त वर्ष 2026 के अंत में कुल यूनिक रजिस्टर्ड निवेशकों में इनका हिस्सा क्रमशः 15.6 फीसदी, 11.7 फीसदी और 8.5 फीसदी रहा। लेकिन अब उन राज्यों में भी निवेशकों की संख्या तेजी से बढ़ रही है, जिनकी शेयर बाजार में भागीदारी पहले बहुत कम थी। डब्ल्यूएफई के जारी आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2015 के अंत में कुल रजिस्टर्ड निवेशकों में बिहार का हिस्सा सिर्फ 1.6 फीसदी था।

# अडाणी ग्रीन एनर्जी ने शुरू किया दुनिया का सबसे बड़ा बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम

**नई दिल्ली।** अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) ने गुजरात के खावड़ा में 3.37 गीगावाट प्रति घंटे क्षमता वाला बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम (बीईएसएस) सफलतापूर्वक चालू कर दिया है। एजीईएल का दावा है कि यह चीन के बाहर दुनिया का सबसे बड़ा सिंगल-लोकेशन बैटरी स्टोरेज प्रोजेक्ट है और साथ ही दुनिया में सबसे तेजी से तैयार किए गए बड़े प्रोजेक्ट्स में भी शामिल है। एजीईएल के अनुसार इसमें मार्च 2026 में शुरू की गई 1.37 गीगावॉट-आवर क्षमता भी शामिल है, जिसके बाद गुजरात के खावड़ा में एजीईएल की कुल ऑपरेशनल बीईएसएस क्षमता बढ़कर 3.37 गीगावॉट-आवर हो गई है। ये पूरा प्रोजेक्ट साइट पर निर्माण शुरू होने के केवल 10 महीनों के भीतर ही पूर्ण हो गया।

इस प्रोजेक्ट की शुरूआत ग्रिड की भरोसेमंद क्षमता बढ़ाने, पीक समय में बिजली आपूर्ति को मजबूत करने और रिन्यूएबल एनर्जी के जरिए बड़े स्तर पर 24 घंटे लगातार बिजली उपलब्ध कराने की दिशा में एक बड़ा कदम मानी जा रही है। एजीईएल का लक्ष्य वित्त वर्ष 2027 में 10 गीगावॉट-आवर से ज्यादा बैटरी स्टोरेज क्षमता जोड़ने और अगले पाँच वर्षों में इसे बढ़ाकर 50 गीगावॉट-आवर तक पहुंचाने का है।

कंपनी के मुताबिक एजीईएल का 3.37 गीगावॉट-आवर बीईएसएस इतना क्लीन एनर्जी स्टोर कर सकता है कि उससे लगभग 10 लाख घरों को पूरे एक दिन तक बिजली दी जा सकती है। यह इंदौर तथा चंडीगढ़ जैसे शहरों या पूरे गोवा राज्य की पीक बिजली जरूरत को सपोर्ट करने में सक्षम है।

इसके अलावा यह 1.2 करोड़ से ज्यादा एलईडी बल्बों को लगातार 10 घंटे तक बिजली दे सकता है। बैटरी स्टोरेज को रिन्यूएबल एनर्जी आधारित बिजली व्यवस्था को स्थिर बनाए रखने और चौबीसों घंटे ग्रीन पॉवर उपलब्ध कराने में बड़ा बदलाव लाने वाला कदम माना जा रहा है।